संभवतः, विश्व इतिहास में महिला सशक्तिकरण का ऐसा प्रभावी उदाहरण नहीं होगा जबकि महिला सैन्य दल ने अपने अस्तित्व का रजत जयंती समारोह मनाया हो। उससे भी गौरवान्वित करने वाली बात यह है कि इस स्त्री सशक्तिकरण पर केन्द्रित उत्सवों की श्रृंखला को पहचान देने के लिए गणराज्य की प्रथम महिला राष्ट्रपति, सदन की महिला स्पीकर तथा अन्य कई "प्रथम" महिलाएं शरीक हैं। यह एक नए युग की शुरूआत है। इतिहास का जिसे लेशमात्र भी आभास है, वह यह जानता है कि किसी भी युग में सामाजिक परिवर्तन बिना महिलाओं के प्रभावोत्पादक भागीदारी के संभव नहीं है। सामाजिक सशक्तिकरण तो क्या समाज में मानव अधिकार, सभ्यता एवं संवेदनशील लोकतंत्र की बात स्त्रियों की अग्रगति से ही पुख्ता हो सकती है। जब तक महिलाएं अपना सही और स्थायी स्थान समाज के हर क्षेत्र में न ग्रहण कर लें, तब तक समाज की उन्नति शापित ही रहती है।

दिल्ली में आयोजित कॉमनवेल्थ खेलों के दौरान सुरक्षा ड्यूटी करती हुई सीआरपीएफ महिलाएं।

ऐसे ही सोच-संस्कार एवं परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार ने 25 वर्ष पूर्व केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल को एक पूर्ण महिला बटालियन स्वीकृत कर बल के क्रियाकलाप में "देश के शांति प्रहरी" (Peacekeepers of the nation) के साथ ही साथ सामाजिक बदलाव में सक्रिय होने का गौरव दिया। जाहिर है अपने सीमित साधनों की सीमाओं के बावजूद बल की महिला पुलिस ने अनेक क्षेत्रों में नए आयामों को छुआ है और आज विश्व में सामाजिक सशक्तिकरण में सबसे अग्रज के रूप में पहचान बना ली है।

पिछले कुछ दशकों में हमारे देश ने हर क्षेत्र में काफी तरक्की की है। यह सिलसिला स्वतंत्रता के बाद ही शुरू हो गया था। लेकिन पिछले दो-तीन दशकों में यह गति तेज हुई है। विश्लेषण भले ही सब्जैटिव हो लेकिन जब से महिलायों ने व्यावसायिक कार्यों में अपनी भागीदारी बढ़ायी है तबसे राष्ट्रीय विकास भी काफी तेज हुए हैं। आज महिलाओं ने सभी क्षेत्रों , बी.पी.ओ. से उद्योगों में, प्रशासनिक पदों से लेकर डाक्टर, इंजीनियर इत्यादि सेक्टरों से काफी जुड़ी है। बल में 25 साल पहले महिला सिपाहियों की भर्ती ने भी एक नये दृष्टिकोण को जन्म दिया। शायद महिलाओं की क्षमता को प्रलक्षित करने के लिए यह एक दमदार उदाहरण था। 25 सालों के बाद आज एक की जगह के.रि.पु.बल में तीन बटालियन तथा अन्य बलों जैसे सीमा सुरक्षा बल इत्यादि सहित अन्य पुलिस बलों में महिलाओं की अनेक पूर्ण बटालियन सेवा में है। अन्य बल तथा पुलिस संगठन जहां महिला बटालियन नहीं है, वे महिला बटालियन की कमी महसूस करते हुए उनको खड़ी करने की कोशिश में हैं। यह समाज में एक नवः निर्माण की शुरूआत है।

सामाजिक दृष्टिकोण से पुरूष और स्त्री की समानता एक अपरिहार्य मानवीय सिद्धान्त है। विभिन्न विचारधाराओं का सिंहावलोकन से यह भी आभास होता है

इतिहास महिलाओं के सशक्तिकरण से हमेशा आशंकित रहा है। शायद यह पुरूष प्रधान समाज की अपनी सत्ता को बचाने की मजबूरी रही हो लेकिन स्त्रियों की उत्पति के संबंध में आदिम जाति से डार्विन, ऋग्वेद से लेकर समकालीन चिन्तक टैगोर तक सभी ने चाहे जो भी सोचा हो लेकिन स्त्रियों की उपस्थिति कम से कम भारतीय संस्कृति में शक्ति, न्याय एवं समृद्धि से जुड़ी हुई रही है। अगर हिंदु संस्कृति के कान्सपेट को लें तो अदिति मनुष्य के उत्पति के कारण है तथा माता एवं पिता दोनों है और मां सरस्वती, लक्ष्मी एवं दुर्गा वैचारिक संस्कार की एक समृद्ध तस्वीर है। हिन्दु मिथक 'मनु' एवं 'श्रद्धा' को पहला आदमी और औरत मानता है। 'श्रद्धा' को नारी का प्रतीक मानते हुए जयशंकर प्रसाद की कामायिनी अमर पुस्तक है जो भारतीय समाज की नारी के प्रति सम्मान एवं आभार को दर्शित करता है।

मेरठ दंगों के दौरान दंगारोधी ड्यूटी करती हुई *88* महिला बटालियन की सदस्याएं।

परेड के दौरान बल की महिलाएं।

प्रसिद्ध ज्ञाता सिमॉन द बोउआ के अनुसार, "आज की स्त्री की सबसे बड़ी परेशानी यह है कि वह अपने को 'अभिषप्त' स्त्री और साथ ही 'समाज में विशेष स्थान प्राप्त' स्वतंत्र व्यक्ति दोनों रूपों में स्वीकार नहीं कर पाती। यह उसके लिए परेशानी और अशांति का विषय है। इसी परिवेश में आखिर समाज में स्त्री अग्रगति को कैसे प्राप्त करे? कैसा परिवेश स्त्रियों को सुरक्षित रखे तथा प्रगतिशील सोच दें? स्त्रियों के शरीर विज्ञान की दृष्टि से हीनतर मान लेने से क्या राष्ट्रों के इतिहास के बनने बिगड़ने में उसके योगदान को नगण्य मान लिया जाए? ऐसे सवाल महिलाओं की छवि को एक असम्पूर्ण, जटिल तथा रहस्यमय तस्वीर देते हैं। स्पष्ट तौर पर महिलाओं की सैन्य बलों में प्रवेश इन धारणाओं को चोट पहुंचाते हुए उसकी विभिन्न शक्तियों को उजागर करती है। इन गूढ़ विचारों का सहज उत्तर के.रि.पु. बल की महिलाओं के देश के कठिनतम क्षणों में योगदान द्वारा समझा जा सकता है। 88वीं महिला बटालियन का रजत जयंती समारोह ऐसी ही आकांक्षाओं के उत्सव का क्षण है जो हमारी समृद्ध सामाजिक- सांस्कृतिक पहचान को सही तौर पर दर्शाती है। इन महिला पुलिसकर्मियों ने अपने दामन में अपने अनेक अलंकरण जिसमें अशोक चक्र भी शामिल है, से श्रृंगार किया है। वीरांगणाओं की अनेक अद्भुत कहानियां देश के मिट्टी में समाहित है।

लेकिन सबसे सुखद समाजिक अनुभव यह है कि जिन परिवारों एवं परिवेश से

के.रि.पु.बल में महिलायें आयी हैं वह तबका न सिर्फ अपने आप को सशक्त समझता है बल्कि ऐसा संदेश आस-पास के लोगों में भी फैला रहा है। निसन्देह सरकार एवं संगठन दोनों को गर्व है। तभी तो संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व की पहली महिला कन्टीन्जेन्ट के रूप में भारतीय महिलाओं का दल चुना गया और वो भी के.रि.पु.बल का दस्ता – 88वीं बटालियन के साहसी महिलाओं का दल।

सेवा एवं सुरक्षाः श्रीनगर में हज यात्रियों की सहायता करती हुई सीआरपीएफ महिला।

खाकी में ख्वाब – सौन्दर्य से शक्ति के तय होते सोपान

सम्प्रति में महिला पुलिस की उनकी संवेदनशीलता के कारण पुलिसिंग कार्य के लिए सबसे ज्यादा वांछनीय मानी जा रही है। जिसमें मुख्य है महिलाओं एवं बच्चों के प्रति अपराध, घरेलू हिंसा एवं बंदोवस्त इत्यादि की डयूटियां। इसके अलावा वेश्यावृत्ति, बाल-मजदूरी, महिला अपराध इत्यादि के रोकने में एक रचनात्मक भूमिका निभा सकती है। साथ ही साथ, सुरक्षा बलों में भागीदारिता द्वारा महिला, आतंकवादी एवं उनके सहयोगियों के विरूद्ध परिचालन में प्रभावी भूमिका भी निभा सकती हैं। महिला पुलिस न सिर्फ मीडिया प्रबन्धन को बेहतर तरीके से कर सकती है बल्कि समाज में लोगों की आशाओं को क्रियान्वित करने में ज्यादा सक्षम हो सकती है। महिला पुलिस अपराध के जांच एवं छानबीन में भी प्रभावी है तथा साथ ही पुलिस

के मानवीय चेहरे को प्रतिबिंबित करती है। इसके अलावा बलात्कार की शिकार महिलाओं को भावात्मक सलाह में महिला पुलिस की भूमिका काफी रचनात्मक हो सकती है।

जयशंकर प्रसाद ने कामायिनी में महिलाओं की सामाजिक भूमिका को वर्णित करते लिखा था –

नारी तुम केवल श्रद्धा हो
विश्वास रजत नग पगतल में
पियुष स्रोत सी बहा करो
जीवन के सुंदर समतल में.....

लेकिन काल के अनन्त प्रवाह में महिलाओं की भूमिका में बदलाव आया है। अब महिलाये अपने हक के लिए "श्रद्धा" से "दुर्गा" का सफर तय करना चाहती है। समाज सहज तौर पर इसे स्वीकार नहीं कर पा रहा है। अतः पुलिस में भी नीचे क्रम में उनकी भर्ती को अनेक प्रतिरोधों का सामना करना पड़ता है। संगठन भी उनकी नयी भूमिकाओं को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं रहता है क्योंकि महिलाओं की व्यावसायिक दायित्व के अलावा भी उनके बतौर स्त्री के रूप में, एक पत्नी या एक माँ के रूप में जो निष्ठाएं है, उसे संगठनात्मक कर्तव्यों के निर्वहन में रूकावट माना जाता है जबकि गौरतलव यह है कि इन भूमिकाओं के बावजूद महिलाओं में काम के प्रति जोश एवं उत्साह तथा कार्य स्थल पर उपेक्षाओं की सहने की शक्ति पुरूषों से अधिक है। पुरातन काल में भी चन्द्रगुप्त मौर्य ने अपनी सुरक्षा में महिला कर्मियों को अधिक विश्वासपात्र माना। आधुनिक भारत इस क्रम में प्रगतिशील प्रतीत हो रहा है। अब तक राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर पुरूषों के लिए आरक्षित क्षेत्रों जैसे सेना, अर्द्ध-सैनिक बल एंवं गुप्तचर संस्थानों में भी भागीदारिता के लिए महिलाएं बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं तथा सरकार ने ऐसे सभी संगठनों के द्वार महिलाओं के लिए खोल रखे हैं। निसन्देह आज राष्ट्र को अपने महिला राष्ट्रपति, लोकसभा की महिला स्पीकर, महिला मुख्यमंत्री, महिला विपक्ष की नेत्री इत्यादि की उनकी रचनात्मक भूमिका पर गर्व है। लोकसभा पर आतंकी आक्रमण के समय के.रि.पु.बल की महिला सिपाही कमलेश कुमारी ने जांबाजों के साथ कंधा मिला लड़कर शहादत प्राप्त कर एक नयी मिसाल कायम की। इसके लिए वह चन्द गिने चुने योद्धाओं में है जिसे अशोक चक्र से सम्मानित किया गया। इन महिलाओं के शौर्य ने अनेक रूढ़ियां तोड़ी है।

दंगारोधी उपकरणों में सीआरपीएफ महिलाएं।

महिला पुलिसकर्मियों ने कानून एवं व्यवस्था तथा प्रतिविद्रोही अभियोजनों के साथ-साथ खेलों में भी अद्भुत कौशल दिखाया। महिला पुलिसकर्मियों ने न सिर्फ कुशल व्यावसायिकता को अपनाया बल्कि पुलिस सेवा द्वारा समाज के कमजोर समझे जाने वाले हर वर्ग को सशक्तिकरण की चाह दी है। मैं समझता हूँ कि के.रि.पु.बल में आज से 25 साल पहले जब भारतीय महिलाओं ने सिपाही की वर्दी पहनी थी तो शायद बीसवीं शताब्दी में ही इक्कीसवीं शताब्दी के लिए एक ऐसी परिस्थिति का निर्माण किया जब स्त्री सचमुच स्वतंत्र हो जाए। इन परिस्थितियों की परिणति है कि आज देश के राष्ट्रपति से लेकर अनेक सर्वोच्च पदों पर महिलाओं की उपस्थिति है। इन नयी स्थितियों के कारण घर में स्त्रियों की साख बढ़ी है। समाज में व्यक्ति के रूप में उनका व्यक्तित्व बढ़ा है। शासन एवं प्रशासन में महिलाओं की उपस्थिति की किरण हर क्षेत्र को रौशन कर रही है तथा परिस्थितियों में आशा का संप्रेषण कर रही है। के.रि.पु.बल में एक महिला सिपाही बनकर ये महिलायें भारतीय समाज में भी बदलाव की सिपाही बनी तथा नारी सशक्तिकरण की धुरी।

हौंसलों की उड़ान कैमरे की कैद में 25 साल

अनिल गुप्ता, द्वि.कमा.अधि.
187 बटालियन के.रि.पु.बल

1986 में महिला बटालियन की पासिंग आउट परेड के अवसर पर तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी के साथ श्रीमती सोनिया गांधी का अभिनंदन करती हुई बल की महिलाएं।

महिला बटालियन की रजत जयंती ने मेरे लिए यादों के कई रोशनदान खोल दिये। अखबारों की दुनिया छोड़कर जब मैंने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की जन संपर्क शाखा में सीधे प्रवेश किया, तब महिला बटालियन नई-नई खड़ी हुई थी। बात 1987 की है। अखबारों के लिए महिला बटालियन का खड़ा होना, एक अनोखी खबर थी। मुझे अच्छी तरह याद है, रोज अखबारों के लिए इन्टरव्यू होते थे, रोज किसी न किसी खबर वाले को लेकर हम 88 बटालियन झड़ौदाकलां जाया करते थे। सबसे पहले

भर्ती हुई सब इंस्पेक्टर रांवेकला, तस्लीमा खान। मुझे सब याद है कि हम उन्हें किस तरह प्रेस वालों से बात करने के लिए ब्रीफ किया करते थे।

सम्मान के पथ पर : राजपथ पर महिला परेड दस्ता।

उस समय जन संपर्क शाखा में श्री एच.एस.सेठी जन संपर्क अधिकारी थे और श्री एम.पी. नथैनियल सहायक जन संपर्क अधिकारी। दोनों ही अधिकारी पत्रकारिता और लेखन में विशेष रूचि रखते थे, लिहाजा, वो दौर पत्रकारो के दौरों और धुआंदार प्रचार का दौर था।

फिर आयी पहली पाँच महिला अधिकारी– सुश्री सीमा ढूंढिया, सुश्री राखी साही, सुश्री अपराजिता, सुश्री एनी अब्राहम और सुश्री उषा किरण कंडोलना।

महिला बटालियन हमेशा से ही कलमनवीसों का एक पसंदीदा सब्जेक्ट बनी रही। धीरे-धीरे सब कुछ अपने रुटीन में आ गया।

सी.आर.पी.एफ में नौकरी की थी, लिहाजा लंबे वक्त तक कलम हाथ में थामें रहने के बाद आखिरकार कलम छोड़कर बंदूक हाथ में थाम ली। श्रीनगर, आसाम, फिर श्रीनगर, फिर असम, हैदराबाद, उड़ीसा और दिल्ली में रहने के बाद एक बार फिर जम्मू कश्मीर पहुंच गया। वो घड़ी मेरे लिए बड़ी सुखद आश्चर्य की घड़ी थी जब मुझे पता चला कि मुझे महिला बटालियन की रजत जयंती पर बन रही डाक्यूमेंटरी फिल्म के निमार्ण कार्य में सहयोग देने के लिए रेपिड एक्शन फोर्स मुख्यालय में बुलाया गया है। खबर मिलते ही स्मृतियों के कई वातायन एक के बाद एक खुलने लगे।

महिला बटालियन पर बनने वाली डाक्यूमेंटरी फिल्म के निर्माण के दौरान मैंने कैमरे की नजर से महिला बटालियन और के.रि.पु.बल की समग्र महिलाओं को नजदीक से देखा, और उनके इतिहास के पन्नों को पढ़ने की कोशिश की।

कुछ तारीखे महिला बटालियन के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज है।

शहीद कमलेश कुमारी

13 दिसंबर 2001 – भारतीय गणतंत्र के आधार स्तंभ संसद पर हुए आतंकी हमले के सामने पहली बाधा खड़ी करने वाली एक महिला थी। महिला कांस्टेबल कमलेश कुमारी।

शहीद बिंदू कुमरे

17 दिसंबर 2001 - श्रीनगर हवाई अड्डे पर हुए आत्मघाती हमले को विफल करने के लिए चट्टान के रूप में उठा पहला प्रतिरोध कांस्टेबल बिंदू कुमरे के रुप में सामने आया। देशभक्ति की उच्चत्तम कसौटी पर अपने प्राण न्यौछावर कर श्रीनगर हवाई अड्डे को सुरक्षित बचा ले जाने वालों की अग्रिम पंक्ति में थी, महिला कांस्टेबल बिंदू

कुमरे।

संतोदेवी

5 जुलाई 2005 - अयोध्या स्थित विवादास्पद स्थल पर हुआ आत्मघाती हमला यदि सफल हो जाता तो एक मजहबी उन्माद और साम्प्रदायिक हिंसा न जाने कितने मासूमों को अपनी लपेट में ले लेती। मगर ऐसा नहीं हुआ, क्योंकि इन पांच आत्मघाती दहशतगर्दों के इरादों को नाकामयाब करने के लिए वहां मौजूद थी – सहायक कमांडेंट संतोदेवी और उनकी टुकड़ी।

विमला कुमारी

31 अगस्त 1988 – श्रीलंका के जाफना प्रांत में एक तलाशी अभियान में 1192 डेटोनेटर बरामद कर एक बड़े हादसे को टाल दिया गया। हर तरफ हिंसा के बीच बहादुरी का ये कारनामा अंजाम दिया महिला कांस्टेबल विमला कुमारी ने।

सीमा पार : भारतीय शांति रक्षक दल के तौर पर श्रीलंका रवाना होती सीआरपीएफ महिलाएं

तारीखें और भी हैं। इतिहास के पन्नों में दर्ज देश और दुनिया की पहली सशस्त्र महिला बटालियन की कामयाबी की दास्तान के और भी कई दस्तावेज मेरी निगाहों के सामने है।

पूरे देश में अलग-अलग जगह अलग-अलग ड्यूटी के लिए तैनात महिलाओं की तस्वीरें मेरे सामने हैं। ये तस्वीरें कुछ कह रही हैं। ये तस्वीरें उस हकीकत को बयान करती हैं, जो पूरे देश और दुनियां के सामने रूबरू है।

ये तस्वीरें, उस ख्वाब की ताबीर हैं, जो कभी इस देश के नौजवान प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी ने देखा था। उनका बयान कि मैं जवान हूं और मेरे भी कुछ ख्वाब हैं। उन्हीं के ख्वाब की तासीर हैं ये तस्वीरें। देश के सुरक्षा बलों के इतिहास में सन् 1986 का साल इसलिए भी यादगार है, क्योंकि इस साल देश के सुरक्षा परिदृश्य में एक नया अध्याय जुड़ा। देश की आंतरिक सुरक्षा हेतु पहली सशस्त्र महिला बटालियन का गठन किया गया। केंद्रीय रिजर्व पुलिस द्वारा गठित की गयी, देश ही नहीं दुनिया भर में यह अपने आप में एक अनोखी बात थी। 25 साल पहले एक नौजवान प्रधानमंत्री का जो ख्वाव था, उसे हकीकत में तब्दील होने में महज एक साल लगा। 6 फरवरी, 1986 को गठित की गई केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 88वीं बटालियन 44 हफ्ते के कड़े प्रशिक्षण के बाद, कर्त्तव्य पथ पर आगे बढ़ने के लिए तैयार थी। 31 मार्च 1987 को देश और दुनिया की पहली महिला बटालियन की पासिंग आऊट परेड दिल्ली में हुई। और अपने सपने की सच्चाई में परिवर्तित होते देख, इन महिलाओं की हौसला आफजाई करने और, देश और दुनिया के सामने महिला सशक्तिकरण की एक अनूठी मिसाल को पेश करने के लिए श्री राजीव गांधी स्वयं मौजूद थे, इनके साथ।

इनकी पासिंग आऊट परेड पर सलामी लेने के लिए।

देश के दूरदराज के पिछड़े इलाकों से आयी इन महिलाओं को मिली वर्दी, प्रशिक्षण, आगे बढ़ने का मौका और एक रास्ता – एक छोटे से गांव से निकल कर पूरी दुनिया की और देखने का। महिला सशक्तिकरण क्या है, शायद इनसे बढ़कर और कोई नहीं बता सकता।

श्रीलंका में तैनाती के दौरान बल की महिलाएं

अपने गठन के फौरन बाद ही इस बटालियन ने साबित कर दिया कि देश को, समाज को, उनकी जरुरत हमेशा से थी। विश्व नारी को माँ रूप में स्थापित कर हमेशा पूजता रहा। किंतु सर्व धरातल पर स्थापित देवी की शक्ति रुप में स्थापना केवल भारत में महिला बटालियन के रुप में देखने को मिली। सी.आर.पी.एफ महिला बटालियन ने अपने आपको एक ऐसे दल के रूप में स्थापित किया जो किसी भी प्रकार के दायत्वि को निभाने में सक्षम हैं। उग्र दंगाईयों को अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर रोकते हुए। प्राकृतिक आपदाओं से पीड़ित मानवता के सामने राहत की आस और मदद के रुप में। समाज सेवा के कार्यों में, देश भक्ति के हर मोर्चे पर, शस्त्र के साथ भी शस्त्र के वगैर भी।

साहसिक : रिवर राफ्टिंग प्रतियोगिता में भाग लेती हुई और माउंट अबू गामिन पर पर्वतारोहण करती हुई बल की महिलाएं।

सी.आर.पी.एफ में अपने अस्तित्व के छोटे से अरसे में ही अपनी कुशलता, दृढ़ निश्चय एवं वीरता की अनेकों मिसाले कायम की। अपनी तैनाती के पहले साल में ही मेरठ में भड़के साम्प्रदायिक दंगों और बाद में श्रीलंका में भारतीय शांति रक्षक सेना के एक अंग के रुप में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की महिला बटालियन ने अपनी उपयोगिता साबित की।

कांस्टेबल विमला देवी सेना पदक प्राप्त करने वाली पहली महिला पुलिस कर्मी होने के गौरव से विभूषित हुई। श्रीलंका में तैनाती के लिए महिला बटालियन के 361 महिला और पुरुष कर्मियों को विदेश सेवा मेडल से सम्मानित किया गया।

नब्बे का दशक जम्मू कश्मीर में तेजी से उभरे दहशतगर्दी के दौर का दशक था। महिला बटालियन की जाबांजी, उसकी दक्षता, उसके आत्मविश्वास और कर्त्तव्य के प्रति जुनून की परीक्षा स्थली भी। श्रीनगर में तैनाती के दौरान महिला बटालियन की सदस्यों ने अपनी दक्षता और कार्य कुशलता से न केवल सभी का मन मोह लिया, बल्कि अपनी कार्यकुशलता से अपना लोहा भी मनवा लिया। चाहे वो सेना हो, जम्मू कश्मीर पुलिस हो या फिर स्वयं केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल– हर जगह से महिला दस्तों की मांग आती रही। सचिवालय, रेडियो कश्मीर, मुख्य मंत्री आवास, हवाई अड्डा, हर जगह महिला कर्मियों ने अपनी मौजूदगी दर्ज करवायी। 17 दिसंबर को श्रीनगर हवाई अड्डे पर हुए हमले में दहशतगर्दो को रोकने की कोशिश में शहीद हुई कांस्टेबल बिंदू कुमरे को मरणोपरांत शौर्य वीरता के पुलिस पदक से नवाजा गया।

1991 में उल्फा गतिविधियों से त्रस्त इलाकों में तैनाती के लिए गुवाहाटी में, मणिपुर में महिला आंदोलनकारियों को शांत करने के लिए इम्फाल में और वीरता की पराकाष्ठा साबित करने के लिए अयोध्या में, हर जगह मौजूद थी– महिला बटालियन की सदस्य।

13 दिसंबर, 2001 को संसद पर आतंकवादियों के हमले के दौरान, आतंकवादियों के सम्मुख पहली बाधा खड़ी कर अपने प्राण न्यौछावर करने वाली कमलेश कुमारी इसी महिला बटालियन की सदस्य थी। मरणोपरांत अशोकचक्र से

सम्मानित कमलेश कुमारी यह पदक प्राप्त करने वाली पहली महिला पुलिस कर्मी थी।

5 जुलाई 2005 – अयोध्या परिसर में पांच आत्मघाती दहशतगर्दों का हमला नाकाम। और उनकी नाकामी की वजह बनती है– इसी महिला बटालियन की सहायक कमांडेंट संतो देवी और उसकी टुकड़ी। संतो देवी और उनकी टुकड़ी की जाबांजी ने इस हमले को रोक कर देश को एक बहुत बड़े साम्प्रदायिक उन्माद के खतरे से बचा लिया। संतो देवी अपनी जाबांजी के लिए शौर्यवीरता से पुलिस पदक से नवाजी गयी।

संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दल के तहत लाइबेरिया में ड्यूटी पर तैनात सीआरपीएफ महिला कर्मी।

सौहार्द की रक्षा : अलीगढ़ के दंगा प्रभावित क्षेत्र में गश्त करती हुई आरएएफ की महिलाएं।

एक अशोक चक्र, एक सेना पदक, 3 शौर्य वीरता के पुलिस पदक, 5 राष्ट्रपति के विशिष्ट सेवा पदक, 512 आंतरिक सुरक्षा पदक, 1125 पुलिस स्पेशल ड्यूटी पदक और 25 महानिदेशक की प्रशंसा डिस्क अपने आप में स्वयं अपनी कहानी कहते है।

महिला बटालियन की निष्पक्षता, निपुणता, कार्यकुशलता, दृढ़ इच्छा शक्ति समर्पण एवं बहु आयामी चरित्र को देखते हुए उनकी मांग देश-विदेश में बहुत बढ़ गई। एक और महिला बटालियन का गठन हुआ। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 135वीं बटालियन और एक और बटालियन के गठन की प्रक्रिया जारी है।

इससे पहले रेपिड एक्शन फोर्स की दसों बटालियनों के अंदर एक महिला टुकड़ी का समावेश हो चुका था।

सपने उन्हीं के पूरे होते हैं,
जिनके सपनों में जान होती है
पंखों से कुछ नहीं होता,
हौसलों में उड़ान होती हैं।

सी.आर.पी.एफ की इन महिला टुकड़ियों ने एक ऊँची उड़ान तब भरी जब संयुक्त राष्ट्र ने विश्व शांति के अपने प्रयासों में इन्हें शामिल करने की मांग की। इन

प्रयासों के तहत इनकी तैनाती हैती और लाइबेरिया में हुई। लाइबेरिया में संयुक्त राष्ट्र द्वारा गठित किया गया महिला पुलिस का दस्ता अपने आप में दुनियां में अकेला महिला दस्ता है। और यह महिला दस्ता भारत का है। हमारी महिला बटालियन का है। यह हम सबके लिए बहुत गर्व की बात है।

संयुक्त राष्ट्र मिशन लाईबेरियां में तैनाती की ये तस्वीरें मेरे सामने है। यह तस्वीरें अपनी कहानी आप बयान कर रही है। पीड़ित मानवता के बीच राहत का संदेश लेकर गयी इन महिला कर्मियों ने देश और विदेश में खूब नाम कमाया।

आर.ए.एफ. यानि रेपिड एक्शन फोर्स का तो जन्म ही साम्प्रदायिकता और साम्प्रदायिक दंगों जैसी स्थितियों में निपटने के लिए हुआ था। उस पर इस बल में शामिल महिला दस्तों ने इसे हर दिल अजीज बना दिया।

आज हर राज्य, हर विकट स्थिति में, आर.ए.एफ. को, उसके महिला दस्ते के साथ याद करता है। चाहे वो इम्फाल के दंगे हो, राजस्थान का गुर्जर आंदोलन हो, पुरी की जगन्नाथ यात्रा हो, या फिर हरिद्वार में महाकुंभ। हर जगह देशवासियों ने इन महिला कर्मियों को कौतुहल, गर्व और सम्मान के साथ कर्त्तव्य पर डटे देखकर, देश के सुरक्षा परिदृश्य में इनका स्वागत किया है।

मानवाधिकार, संवेदनशीलता और सहृदयता की मिसाल बनी महिला बटालियन की मांग आज देश के हर हिस्से और हर काम के लिए है। चाहे वो हज यात्रियों की सुरक्षा हो, या फिर अमरनाथ यात्रा जैसे दर्गम, संवेदनशील और कठिन आस्था और विश्वास के महाकुंभ में यात्रियों की सुरक्षा के साथ-साथ उनको दूसरी मानवीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात हो, महिला बटालियन हर जगह, हर समय अग्रणी है।

उड़ीसा के तटीय इलाको में आए तूफान और गुजरात के भूकंप से प्रभावित इलाकों में इन महिलाओं का एक दूसरा पक्ष देश के सामने उजागर हुआ। राहत कर्मियों के रुप में। हर जगह, हर गली, हर कूचे में पीड़ित मानवता के लिए राहत का संदेश लेकर पहुंची इन महिलाओं ने भारतीय जनमानस में सर्वव्याप्त देवी के मातृ रुप को स्थापित किया।

बात यहीं ठहर जाती तो एक बात थी। मगर मंजिले अभी और भी थी, इम्तिहान अभी और भी थे। दूसरा सबसे बड़ा क्षेत्र इन महिलाओं के लिए खुला– खेल के मैदान में। महिला बटालियन की खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने उच्च स्तरीय प्रदर्शन से देश और बल को गौरवान्वित किया है। देश के दुर्गम और दूरदराज के ग्रामीण इलाकों से आयी लड़कियों ने कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पदक जीते। राजीव गांधी खेल रत्न, और पद्म श्री प्राप्त करने वाली कुंजारानी इसी महिला बटालियन की देन है, देश को।

अर्जुन अवार्ड और दूसरे पदक पाने वाली कुंजारानी देवी, एन. लक्ष्मी, शिल्पी सिंह, सानामाचा चानू, गीता रानी और तोम्बी देवी की फेहरिस्त बहुत लम्बी है।

देश के प्रति समर्पित इन महिलाओं की दिनचर्या अपने सहकर्मी पुरुष सिपाहियों से अलग नहीं है। पी.टी., हथियारों की सफाई, क्वार्टर गार्ड, सब कुछ वैसा ही है। बस एक अतिरिक्त जिम्मेदारी है। ड्यूटी के साथ परिवार संभालने की। आप ड्यूटी पर निश्चिंत होकर कर्त्तव्य निर्वाह करती हैं, क्योंकि बच्चों की देखभाल की जिम्मेदारी के लिए बटालियन में क्रेच है। खेल के लिए खेल का मैदान है और मनोरंजन के लिए हर सविधा भी।

25 साल पहले प्रयोग के तौर पर धरातल पर उतरा एक विचार अब सिर्फ देश ही नहीं विदेशियों को भी उद्वेलित करता है, इस विचार ने न सिर्फ महिला सशक्तिकरण की एक दिशा दी है बल्कि विचार को साकार होने के लिए एक धरातल भी प्रदान किया है, यही वजह है कि आज महिला बटालियन की तर्ज पर न सिर्फ देश, बल्कि विदेशों में भी महिला बटालियन के गठन की प्रक्रिया शुरु की गयी है। और इस प्रक्रिया में सहयोगी है केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की महिला बटालियन। ये न सिर्फ हमारी सफलता की कहानी है बल्कि ये एक दास्तान है, एक नई दिशा, एक नई रोशनी दिखाने को।

GUEST COLUMN

The Role Women play in Tamil Nadu Police....

Srilakshmi Prasad, IPS
Addl. DGP, Tamil Nadu

Today they are everywhere, in every rank, right from the rank of a constable to that of the DGP and in every branch of Tamil Nadu Police, spread across the whole state of Tamil Nadu. They form an important component of each of the 1253 law and order Police stations, 189 Subdivisions, 32 districts, 11 ranges, 7 Commissionerates and multiple special units. The women Police force of Taml Nadu has indeed come of age!

Starting as personnel “manning” “women wings” in early 70’s to complement the existing police stations that were manned by men alone, the

status, composition , role and utility of women in Tamil Nadu police has increased many fold in the last three decades.

At present they have become not only an integral part of policing in Tamil Nadu but have become an indispensable part of the police organization.

They have withstood the tests and trials of time and from a mere two percent in 80’s have grown to thirteen percent of the police force at present,thanks to the Government Of Tamil Nadu’s decision to enforce 30% reservation for women since 1989.

The entry into the department is at three levels at the level of constable, Sub-Inspector and at the level of Deputy Superintendent of Police / Assistant Superintendent of Police (IPS) As on date there are about 17,647 women police personnel in the state which includes 11,312 Grade II women constables, 3231 Grade I constables, 588 Head constables, 2318 Sub-Inspectors, 198 Inspectors and about 64 DSsP and 33 SsP, 6 senior IPS officers.

Freshly recruited women who enter the department as constables are trained in indoor and outdoor activities for a period of six months in the

police recruit schools. Indoor subjects include history of the police organization, record maintenance skills, law subjects and behavioural sciences. Out doors include drill, mob operations, field crafts and tactics, martial arts, map-reading, swimming, commando training, and jungle training. Then they enter the Tamil Nadu Police Battallions and after about four years of further rigorous training as well as learning to perform various essential police duties including those relating to law and order maintenance, traffic management, security skills as well as escort and guard duties, they move to Armed Reserve of the district and continue to assist the local(taluk) police officers in all essential bundobast, security, guard as well as Law and order related duties.

After serving in the Armed Reserve for one or two years they move to the local police stations or the All Women Police Stations to perform the local police duties.

A constable can expect to rise upto the level of an Inspector of police in a career span of 30-35 years of continuous service. Rewards and punishments are the same for them as far their men counterparts. Women are treated on par with men in all aspects as far as the administration is concerned.

The freshly recruited women Sub-Inspectors undergo one year rigorous training at the Tamilnadu Police academy in both outdoor and indoor activities and are sent to the districts for six months of practical training after which they are given independent charge of the regular law and order police stations for a period of one year as probationers. After the probation completion, they are either posted to Law and order Police stations, AWPSs or special wings as per their capabilities. Sub-Inspectors can expect to be promoted upto the rank of DSP in their career span of 30 years.

The women who enter the department as DSsP are trained in the Tamil Nadu Police Academy for one year after which they are sent for a practical training to know the duties of all ranks from constabulary to DSP by being attached to the Police station, circle office and sub divisional office for a period of six months. After practical training they are on probation period for one year during which they are given independent charge of subdivisions. After completion of probation, they are posted to either law and order subdivisions or special units as per their capabilities.

DSsP have scope to rise upto the rank of IGP/ADGP if age is on their side!

Tamil Nadu has the distinction of having the first ever Mahila battalion in states which was commissioned in 2003. Subsequently every battalion has now two companies of women personnel (except the one in New Delhi). The service rendered by these young women to the maintenance of law and order, bundobast, VIP security, traffic, guard and other field duties is enormous and highly commendable.

The formation of All Women Police stations in every subdivision of each district and placing of One Women-Sub Inspector and two Women-Police constables in every Police station ensured that every point of police - public interface in the state had a component of women police personnel The AWPS became hubs to settle family disputes and counselling centres for the needy on various issues affecting life of women. They take legal action when the complainant seeks legal remedy and render justice.

The women who were not inclined to go in for registration of a FIR and subsequent investigation into their complaints regarding their family members, especially husband and in-laws found these AWPSs to be havens and thus the AWPSs became very popular in Tamil Nadu.

Besides resolving conflicts, these all women police stations involved themselves in creating awareness about legal rights of women by reaching out to women folk through the hi-tech mobile counselling vans provided to them for this purpose.

A panel of social workers, doctors, psychologists and NGOs along with the Police station staff formed the women helpline desks in each AWPS to comfort, counsel and care for the victims of domestic violence and other form of physical and mental harassment. These centres have a women helpline and a child helpline with toll free numbers which have been highly publicized through mass media.

While women police are mainly employed for general policing along with men, they are not left behind when tough duties beckon them!

The women commando unit which has been trained in mobile firing, unarmed combat, horse riding, sand running, rapid firing, winch sailing, bomb detection and disposal, para sailing and other very tough physical

field crafts has remained an unique feature of Tamil Nadu women police proving that women are no less risk takers than men are ! All the women police personnel are given two weeks of commando training and the Tamil Nadu commando Force now has a small unit of woman commandoes too!!

Thus the women police force of Tamil Nadu marches ahead, shoulder to shoulder with men police force to complement them in every area of policing in the service of the society and provides the society whole some service despite physical and mental hardships it faces in the line of duty.

Chennai city saw the first ever Woman Police commissioner in 2006, the first in any metro in India and it is a matter of pride and inspiration that today the same woman IPS officer, Mrs.Letika Saran is heading the Tamil Nadu Police force consisting of a little over one lakh dedicated police personnel.

Power of Change

Ghazala Wahab

Devi Ram belonged to a family of washer-men. As far as he remembers his family has always washed and ironed other people's clothes. It was almost like a caste-thing for him – *dhobi* – he was. He was poor but not below the poverty-line. At least, there was always food at home. He had no recollection of ever going without food. However, that was about all that the family could manage. Education was beyond their means, so Devi Ram remained unlettered like his siblings. All he could manage were bare calculations to determine the number of clothes he took from a household and the money he got paid per garment. He was clearly quite intelligent, because he could multiply rate per garment orally much faster than my mother could on her register in which she kept the household entries.

Washing was the family business in Devi Ram's household. While the men did the washing and collections, women did the ironing. From a young man, I saw Devi Ram grow old over the years. He had been coming to our family home since my grandfather's time when he started on the job accompanying his ageing father. But even as Devi Ram started ageing, he remained unaccompanied. Once my mother chided him, "You are getting old, why don't you get your son to help you." I remember Devi Ram's face lighting up with pride. "My son will not be a washerman," he said rolling the clothes up in a large bed-sheet. "And my daughter will not marry a washerman either," he said sitting up on his haunches.

"They both are in school. After that they will go to college and then they will work in big offices like educated people."

My mother had once mentioned to me that she had helped Devi Ram get his children admitted in a missionary school which ran an evening session for those who could not afford to pay the fees. All these children were required to do was pay for their books and uniform. Despite this, Devi Ram had withdrawn his daughter from the school. My mother, who ran adult literacy classes, had been angry with him. His defence was: "My wife needs

her to stay at home to learn household chores. After all, what is she going to do with all this education? Her fate is marriage, and helping her husband wash clothes. This is what all women in our family do. This is what my wife and sisters do."

Hence, this change in plan was a bit of the surprise; pleasant one though. Apparently, the year that Devi Ram's docile daughter stayed at home reconciled to her future, she discovered both courage and her voice. A few of her friends who were still at school used to visit her occasionally and finally the word reached the nun who ran the evening school. She visited Devi Ram's house and fired the couple. She also kindled the hope in the girl that she can change the course of her life if she continued to study. "Who knows, one day, you could be like the people in whose homes your father goes to collect clothes," she probably told the 10 year old.

Chastened, Devi Ram overruled his wife and the girl was back in school. Meanwhile, I left my hometown for higher education, exposure, career... basically life. Who would have thought that I would meet Devi Ram again one day. Yet, certain ties are never completely snapped. On one of my visits home a couple of years back, perhaps it was Eid, Devi Ram came to visit my mother to greet her. Because of his age, he had cut down on his work. Since I met him after nearly a decade I was curious about his children. His son worked as a clerk in the district magistrate's office. "He earns very well," said Devi Ram, the lines on his face deepening with satisfaction. But it was his daughter, who was his pride and honour. "She is a policeman," he said almost with a giggle. "Police-woman," I corrected him. But for Devi Ram, this did not make a difference. She was a 'sahab' now.

After straining his brain a little bit more, he remembered that she was in the Central Reserve Police Force. "She was selected," he said, his pride brimming over. Obviously, Devi Ram does not have the intellectual ability to really judge what it means to have a daughter in the CRPF, but he is conscious of the fact that his daughter is no longer shackled by the circumstances of her birth, her caste and her socio-economic limitations. That she has already covered the distance between being a victim and being empowered. "When she comes home on leave, the neighbourhood collects outside our house to see her in her uniform and cap," he said. "My mother-in-law keeps instigating my wife that if we don't hurry, we will not find a suitable groom for her in the community. She says, which self-respecting

man would want to marry a woman who wields the stick at home," he said, half-suppressing his giggle. "I tell her that no man can ever raise his hand at her, she will put everyone in their place."

Devi Ram was not worried about his daughter's marriage. He hopes that she will find someone from within her force, caste and community can go jump. "She will live in 'sahab-like' house with an attached bathroom with her husband. Her children will go to English-medium school and will become even bigger officers than her," Devi Ram's eyes turned misty as he leapfrogged to the future.

The biggest gifts that the uniform has given to Devi Ram's daughter are the twin powers of choice and decision-making. That she is also a tool in the wheels of nation-building is secondary. By her achievements, she is enabling girls in her neighbourhood and in her community to dream, to aspire and to strive to change their destinies. It is not about women empowerment alone, an empowered woman empowers those around her. She gives birth to and raises empowered children who can grow to become contributors to the society. It is a cycle without which no nation can progress.

In that sense, when the CRPF raised a woman battalion way back in 1986 under the direction of Prime Minister Rajiv Gandhi, it took the first step towards giving a hitherto unheard of opportunity and exposure to women in the remotest part of the country. Donning a uniform is one-thing, but getting opportunities to put your training, upbringing and fortitude to use is quite another. Had it been a regular job, these women might have succumbed to the numbing routine and lack of interest, but fortunately CRPF gave equal opportunities to it women cadre to not only prove themselves but to excel in their chosen stream. From riot-control to crowd management, from counter-insurgency to UN Peace-keeping, from mountaineering to international sports, the CRPF Mahila battalions have consistently lived up to the challenges that came their way. Several gallantry awards and President's medals are a testimony to their mettle.

It is no surprise then, in addition to two Mahila battalions, CRPF is raising another one. Lady officers not only command their respective battalions, but have also risen to the ranks of DIG. Hopefully, more lady officers will reach higher ranks in the force in the years to come, but more importantly they will carry the message home that power to change one's

destiny lies in ones hands. I look forward to the day when my mother tells me that Devi Ram's daughter has been selected to serve in the UN Peace-keeping mission abroad. That would certainly be a leap of faith not only for her and her family but for me as well. It will reinforce my belief in the power of possibilities.

(The writer is executive editor, FORCE)

The Journey through Camera

Getting in -Recruitment of Women Battalion



Getting Tougher - Undergoing Training



History Created -Passing Out Parade

Immortal Courage -Gallant Acts

Immortal Chivalry: Ct. Kamlesh Kumari was awarded Ashok Chakra Pasthumously for laying life defencing the Parliament.

Defending Paradise: Ct. Bindu Kumari laid down her life defending Srinagar airport awarded the PMG posthumously.

Excelling beyond: Ct. Bimala Devi was awarded Sena Medal for her contribution in Sri Lanka

Ms. Santo Devi, AC was awarded PPMG for repulsing attack on Ayodhya Shrine

Excelled in Sports -The Women Arjuna Awardees

N. Laxmi

Shilpi Singh

Sanamacha Chanu

Kunjarani Devi

Anita Chanu



Geeta Rani

H. Tombi Devi

Beyond Boundaries -Sri Lanka



Across the Boundaries -Liberia



रजत जयंती वर्षगांठ परेड की झलकियां



महामहिम राष्ट्रपति का बल के वरिष्ठ अधिकारियों से परिचय

महामहिम राष्ट्रपति द्वारा परेड का निरीक्षण

महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभादेवी सिंह पाटील को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए बल महानिदेशक

परेड अवलोकन के लिए उपस्थित गणमान्य अतिथिगण व जनसमूह

परेड में भाग लेने वाले अधिकारियों एवं परिवारों का परिचय प्राप्त करते हुए महामहिम राष्ट्रपति

रिपोर्ट

रजत जयंती वर्षगांठ परेड

8 मार्च, 2011 – ग्रुप केन्द्र झड़ौदा कलां में जश्न का माहौल था। 88वीं महिला बटालियन ने अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर लिए थे व रजत जयंती समारोह का

आयोजन किया जा रहा था। इस अवसर पर मख्य आतिथे के तौर पर महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवी सिंह पाटील आमंत्रित थीं। 88 महिला बटालियन की सेवानिवृत्ति व सेवारत महिलाएँ भी उपस्थित थीं। सभी एक-दूसरे से चहक कर मिल रही थीं व इस शुभ अवसर की बधाईयाँ एक दूसरे को दे रही थी। बहत से सेवानिवृत्त अधिकारी भी उपस्थिति थे जो महिला बटालियन में सेवारत रह चुके थे, उनकी आंखों में भी गुजरे 25 वर्षों की ढेरों यादें झलक रही थी। सफर परेड ग्राउंड में महिलाओं के 6 दस्ते चुस्त व सुंदर तरीके से खड़े थे। परेड में दस्ते सीआरपीएफ, कोबरा और आरएएफ की सजीली वर्दियों में सजे थे। मंच के दाई ओर गणमान्य अतिथिगण, वरिष्ठ अधिकारीगण व उनके परिवार के सदस्य मौजूद थे। मंच के बाईं ओर मीडियाकर्मी, अधिकारी/कार्मिक, परिवारों के सदस्य, महिला बटालियन की सदस्याऐं व जनसमूह उपस्थित था।

परेड का नेतृत्व 88 महिला बटालियन की कमांडेंट– श्रीमती नीतू भट्टाचार्य ने किया। सुश्री विजया ढोंडियाल उप कमांडेंट परेड एडज्यूटेंट थीं व 6 दस्तों की कमान क्रमशः सुश्री अंजना, सुश्री गीथम्मा, मीनाक्षी सिंह, राधिका बिष्ट, शोभा रावत एवं कृष्णा अहलावत सहायक कमांडेंटों ने संभाली।

महामहिम राष्ट्रपति ने परेड का निरीक्षण किया व सलामी ली। महिला दस्तों ने बहुत ही सुंदर परेड का प्रदर्शन किया। महामहिम राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में यहां तक कहा कि महिलाओं की परेड देखकर वह गर्वित महसूस कर रही हैं व उनकी आंखों में आंसू आ गए। निश्चित तौर पर यह बहुत ही सुखद और गर्वपूर्ण था।

इसके पश्चात् सायंकाल में रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया जिसमें लोकसभा स्पीकर श्रीमती मीरा कुमार, राष्ट्रीय सलाहकार समिति की अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गाँधी, केंद्रीय गृहमंत्री श्री पी. चिदंबरम केंद्रीय मानव संसाधन व संचार मंत्री श्री कपिल सिब्बल विशिष्ट अतिथि थे। इस अवसर पर महिला बटालियन के रजत जयंती वर्ष पर एक 'First Day Cover' जारी किया गया व वीरता तथा खेलों में उपलब्धियां प्राप्त करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती मीरा कुमार ने समारोह को संबोधित किया।

वर्षगांठ परेड की सलामी लेते हुए महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभादेवी सिंह पाटील

88 बटालियन के 25 वर्षों के क्रियाकलापों पर बने वृतचित्र के अंशों को भी दिखाया गया।

यह निश्चय ही एक गर्वित करने वाला यादगार दिन था।

रजत जयंती वर्षगांठ परेड की

झलकियां

सलामी मंच के आगे से गुजरता हुआ महिला मार्चिंग दस्ता

आर. ए. एफ. का मार्चिंग दस्ता सलामी मंच के आगे से गुज़रते हुए

रजत जयंती वर्षगांठ परेड की झलकियां

नयनाभिराम – सुंदर परेड का प्रदर्शन करती हुई बल की महिलाएं

महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभादेवी सिंह पाटील बल के वरिष्ठ अधिकारियों व परेड कमांडरों के साथ

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 88 महिला बटालियन के रजत जयंती समारोह के अवसर पर भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवी सिंह पाटील का अभिभाषण

नई दिल्ली, 08 मार्च, 2011

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की, अठासी महिला बटालियन की रजत जयंती के अवसर पर, आप लोगों के बीच आकर आज मुझे बहुत खुशी हो रही है। पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी जी की परिकल्पना से इस बटालियन की स्थापना हुई थी। आज, इसके पच्चीस वर्ष पूर्ण होने पर, मैं महिला बटालियन के सदस्यों सहित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सभी अधिकारियों और सभी कार्मिकों को बधाई देती हूँ। आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस भी है ओर मैं इस अवसर पर देश की सभी महिलाओं का अभिनंदन करती हूं।

काफी समय से, पुलिस बलों में महिलाओं की भागीदारी की जरूरत महसूस की जा रही थी, खास कर महिलाओं के विरूद्ध अपराधों के नियंत्रण के लिए। महिला बटालियनों की तैनाती से यह कमी पूरी करने की कोशिश की गई है। यह एक बड़ा परिवर्तन है। वे महिलाएं, जिन्हें पहले सुरक्षा की जरूरत होती थी, आज दूसरों की सुरक्षा के कार्य में लगी है। आपने, ये सिद्ध कर दिया है कि महिलाएं कोई भी कार्य कर सकती हैं और किसी भी चुनौती का सामना कर सकती हैं। आप, दूसरी महिलाओं के लिए प्रोत्साहन और प्रेरणा का उदाहरण बन गई हैं। मैं चाहूंगी कि

अधिक से अधिक महिलाएं हमारे बलों में भर्ती हों। महिलाओं के शारीरिक प्रशिक्षण पर भी अधिक ध्यान दिया जाना जरूरी है। लड़कियों को प्राथमिक शिक्षा से ही जूडो-कराटे इत्यादि सिखाया जाना जरूरी है ताकि वे हिंसा और उत्पीड़न से अपना बचाव कर सकें। याद रखें, जब महिलाएं सुरक्षित होंगी तभी देश और विश्व सुरक्षित होगा।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने आंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में देश की गौरवपूर्ण सेवा की है। महिला बटालियन की भी इसमें पूरी हिस्सेदारी है। अनुकरणीय शौर्य दिखाते हुए, इस बटालियन ने दिसम्बर, 2001 में संसद पर और श्रीनगर हवाई अड्डे पर हुए आत्मघाती हमलों में अपने प्राणों की आहुति देकर देश को सुरक्षित रखने के अपने दायित्व को पूरा किया है। देश, शहीद कमलेश कुमारी तथा बिंदु कुमरे की शहादत को नमन् करता है। देश की सुरक्षा, कानून और व्यवस्था में सहयोग देने के साथ-साथ, इस बटालियन ने पिछले 25 वर्षों के दौरान राहत तथा बचाव कार्यों में प्रशंसनीय योगदान दिया है। इसके लिए उन्हें बहुत से पदकों और मैडलों से सम्मानित किया गया है।

महिला बटालियन की सदस्यों ने, सिर्फ देश ही नहीं वरन् श्रीलंका में भारतीय शांति सेना के साथ और इसके बाद, हैती और लाइबेरिया में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के तहत, सेवा देकर भारत का मान बढ़ाया है। शांति मिशन की, अकेली महिला टुकड़ी होने का भी इस बटालियन को सम्मान प्राप्त हुआ है। मैं उन्हें इसके लिए बधाई देती हूँ।

इस बटालियन के सदस्यों ने, खेल के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बनाई है और कई जाने-माने खिलाड़ी देश को दिए हैं। इस बटालियन की कुंजा रानी को, पदमश्री, राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार, अर्जुन पुरस्कार तथा कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिले हैं। हाल ही में संपन्न हुए राष्ट्रमंडल खेलों में, कॉंस्टेबल एल मोनिका तथा कॉंस्टेबल संध्या ने भी पदक प्राप्त करके बटालियन तथा देश का नाम रोशन किया है। इसी सप्ताह, मैं मणिपुर की यात्रा पर जा रही हूं और यह एक सुखद संयोग है कि ये तीनों पुरस्कार विजेता भी मणिपुर से हैं।

महिलाएं हमारी जनसंख्या का तकरीबन आधा हिस्सा हैं। जब तक उनकी पूरी क्षमता का उपयोग नहीं होगा, तब तक देश की तरक्की अधूरी रहेगी। अतः उन्हें समाज और देश की प्रगति में योगदान देने के लिए, शिक्षा प्राप्त करने और आगे बढ़ने का अवसर दिया जाना चाहिए। रथ के आगे बढ़ने के लिए यह जरूरी है कि उसके दोनों पहिए मजबूत हों। यदि एक पहिया कमजोर होगा, तो उसका आगे बढ़ना नामुमकिन है। इसलिए हमारे देश के आगे बढ़ने के लिए भी, महिला और पुरूष दोनों का मजबूत होना और मिलकर आगे बढ़ना जरूरी है।

इसके साथ ही, महिलाओं का संगठित होकर कार्य करना और भी जरूरी है। एक बार मैंने अपने विद्यार्थी जीवन में एक कविता पढ़ी थी, जिसने मुझे बहुत प्रभावित किया था। इसकी कुछ पंक्तियां थी – "अगर सभी वृक्ष मिलकर एक बड़ा वृक्ष बन जाए, तो यह वृक्ष कितना बड़ा होगाः अगर सभी नदियां इकट्ठा होकर एक बड़ी नदी

बन जाए तो यह नदी कितनी विशाल होगी।" इसी तरह, मैं कहना चाहूंगी कि यदि दुनियां की सभी महिलाएं एकजुट होकर शांति और अमन के लिए कार्य करें, तो यह कार्य कितना शानदार होगा। यदि वे एक साथ मिलकर आवाज उठाएं, तो उनकी यह आवाज विश्व में शांति, समृद्धि और सुख लाने में बहुत कारगर रहेगी। इसलिए, आइए मिल-जुलकर आगे बढ़ें।

हमें इस बात पर गर्व है कि हमारे देश के इतिहास में, बहुत-सी ऐसी महिलाएं हुई हैं, जिन्होंने अनुकरणीय साहस दिखाते हुए बेहतरीन नेतृत्व प्रदान किया। पहले स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाली रानी लक्ष्मी बाई के नाम से भला कौन परिचित नहीं। उनकी वीरता, आज भी हमें प्रेरित करती है। सुप्रसिद्ध कवयित्री, सुभद्रा कुमारी चौहान ने उनके बारे में लिखा था :

बुंदेले हरबोलों के मुंह, हमने सुनी कहानी थी।
खूब लड़ी मर्दानी वह तो, झांसी वाली रानी थी।

महिलाओं ने, न केवल स्वतंत्रता संग्राम में बढ़-चढ़कर भाग लिया, बल्कि हमारे संविधान को तैयार करने वाली संविधान सभा में महिलाएं भी थीं। आजादी के बाद, महिलाएं देश के राजनीतिक, आर्थिक तथा सामाजिक क्रियाकलापों में भाग लेती रही हैं। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है, कि वे कोई भी दायित्व अथवा कर्य करने में सक्षम हैं। वह चाहे हिमालय पर चढाई हो, अंतरिक्ष की यात्रा हो, सरकारी सेवा हो या फिर अध्यापन, चिकित्सा, इंजीनियरिंग अथवा व्यापार, वे आज विभिन्न क्षेत्रों में सर्वोच्च पदों पर कार्यरत हैं।

परंतु यह भी सही है कि महिलाओं को सामाजिक पूर्वाग्रहों और बुराइयों के चलते, कई तरह की चुनौतियों और भेदभावों का सामना करना पड़ता है। ये सामाजिक बुराइयां देश की प्रगति पर प्रतिकूल असर डाल रही हैं और इनके खिलाफ कानून होने के बावजूद ये आज भी जारी हैं। इसलिए, इनके उन्मूलन के लिए महिलाओं को जागरूक बनाने और उनमें आत्मविश्वास पैदा करने के लिए आप सबका सहयोग जरूरी है। पुलिस बल में शामिल होकर, आपने पहले ही बहुत सी बाधाओं को पार कर लिया है। बालिका भ्रूण हत्या, बाल विवाह, दहेज तथा नशाखोरी जैसी सामाजिक बराइयों और समाज में महिलाओं के विरूद्ध भेदभाव के खिलाफ उठने वाली आवाज भी आप बन सकती है।

मैं आह्वान करूंगी कि आप, अपनी सेवा के दौरान सदैव ईमानदारी और कठोर परिश्रम के रास्ते पर चलें तथा अच्छे मूल्यों को अपनाएं। वास्तव में, मूल्यों से जीवन को सम्बल मिलता है तथा कठिन से कठिन निर्णय लेने की ताकत मिलती है। ये मूल्य, जीवन के उतार-चढ़ावों को सहन करने के लिए आपको सक्षम बनाते हैं और आप विपरीत परिस्थिति में भी, उचित दिशा में अपना रास्ता तय करते हैं।

अंत में, अठासी महिला बटालियन की इन बहादुर लड़कियों को, यहां एक-साथ देखकर मुझे गर्व और हार्दिक प्रसन्नता हो रही है। इस शानदार परेड के लिए, मैं आप सभी अधिकारियों और जवानों को बहुत-बहुत बधाई देती हूं और आपके तथा आपके

परिवारों के सुखी, स्वस्थ तथा सफल जीवन के लिए शुभकामनाएं देती हूं।

जय हिंद।

Address of Shri K. Vijay Kumar, DG on the Occasion of Silver Jubilee Parade of 88 Mahila Bn.

It is a matter of great pride and honour for us to have the Hon'ble President of India Smt. Pratibha Devisingh Patil in our midst today. The 88 Mahila Bn. of CRPF raised 25 years ago is very fortunate to have your Excellency as chief guest in their Silver Jubilee parade. The Battalion feels inspired.

88 Mahila Battalion was part of the dream and vision for empowerment of women in India. This Mahila Battalion has come a long way in fulfilling its service and duty to the nation. Its personnel have served in all nooks and corners of the country and have even served in Srilanka, Haiti and Liberia. This Battalion has been an inspiration to all women wherever it has served. Being the first Mahila Bn in the world it has been a precursor to all women Bns in other police and paramilitary forces. We recall with happiness that it was the then Prime Minister Late Shri Rajiv Gandhi who had envisaged and launched this Battalion.

We are confident that your gracious presence – that of first lady President before the first ever women battalion will motivate all our personnel including the mahila personnel to strive for excellence in their service to the nation. We all in CRPF are enthused and honoured by your presence and we express our deep gratitude for accepting our invitation on this day - The “International Women’s Day”.

I also heartily welcome the Home Minister Shri P. Chidambram for being here to be part of our celebrations. I also welcome all our distinguished guests, senior officers in the Govt. of India, Head of CPOs and all lady officers, and members of the media. Your continued association with CRPF will be a matter of great honour and inspiration to all of us.

JAI HIND

रजत जयंती वर्षगांठ समारोह के अवसर पर सफल महिला अधिकारियों/कार्मिकों को सम्मानित किया गया व First Day Cover का भी अनावरण किया गया

राष्ट्रीय सलाहकार समिति की अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत करते हुए बल के महानिदेशक

समारोह में भाग लेने के लिए आते हुए गणमान्य अतिथि

लोकसभा स्पीकर श्रीमती मीरा कुमार को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत करते हुए बल महानिदेशक

श्रीमती सोनिया गांधी को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए बल महानिदेशक श्री के. विजय कुमार

श्री पी. चिदम्बरम, केन्द्रीय गृह मंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए बल महानिदेशक श्री के. विजय कुमार

लोकसभा स्पीकर श्रीमती मीरा कुमार बल की भारोत्तोलक सुश्री कुंजारानी को सम्मानित करते हुए

रजत जयंती वर्षगांठ परेड समारोह

सुश्री तोम्बी देवी, जूडो खिलाड़ी

सुश्री सियान मेहरा, पुलिस वीरता पदक

सुश्री संतो देवी, पुलिस वीरता पदक

सुश्री गीता रानी, भारोत्तोलक

सुश्री अनीता चानू, जूडो खिलाड़ी

सुश्री सानामाचा चानू, भारोत्तोलक

रजत जयंती वर्षगांठ परेड समारोह

बटालियन के *25* वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में श्रीमती सोनिया गांधी ने श्रीमती सीमा ढूंढिया, उपमहानिरीक्षक एवं श्रीमती नीतू भट्टाचार्य, कमांडेंट को ट्रॉफी प्रदान की

समारोह के उपरान्त केन्द्रीय गृहमंत्री श्री पी. चिदम्बरम एवं केन्द्रीय मानव संसाधन एवं संचार मंत्री श्री कपिल सिब्बल से परिचर्चा करते हुए बल महानिदेशक श्री के. विजय कुमार

रजत जयंती वर्षगांठ परेड समारोह

समारोह में महिलाओं के *25* वर्षों के सफर पर बने वृत्त चित्र के अंश भी दिखाए गए।

रजत जयंती समारोह के अवसर पर उपस्थित विशिष्ट अतिथिगण

Address of Smt. Meira Kumar Speaker Lok Sabha

It is indeed an honour and privilege to have an opportunity to associate myself with the Silver Jubilee celebration of the prestigious all woman battalion of the Central Reserve Police Force of our country, perhaps the first of it's kind in the world. All the more so as our Parliament owes a deep sense of gratitude to this special battalion one of whose brave constables, Smt. Kamlesh Kumari was amongst those who sacrificed their lives in defending the greatest symbol of our democracy, against terrorist attack, on 13th of December, 2001. But for her presence of mind, the terrorists would have probably gained entry into the building. The country has rightly honoured her with a coveted gallantry award, Ashok Chakra. I take this opportunity to pay my tribute to her memory and salute her for supreme sacrifice she made for our country. I extend my congratulations to all officers and women who constitute this very important segment of our paramilitary force and an important milestone.

The leadership of CRPF deserves to be complemented by it's initiatives in organizing this function to release the special cover on this occasion. The celebrations are a token of gratitude of the whole country for the commendable services that this battalion has been rendering within the

country and abroad all through the past 25 years of it's existence. I extend my best wishes to each and every member of this battalion to continue with the same spirit of service and sacrifice for the greater good of the country. It is very appropriate that you have chosen this day, the International Women's Day, to mark the celebration.

The main purpose of this virus is to replicate and take action when it is executed. When a specific condition is met, the virus will go into action and infect files in the directory or folder that it is in and in directories that are specified in the AUTOEXEC.BAT files PATH. This batch file is always located in the root directory of the hard disk and carries out certain operations when the computer is booted.

Overwrite Viruses

Virus of this kind is characterized by the fact that it deletes the information contained in the files that it infects, rendering them partially or totally useless once they have been infected.

The only way to clean a file infected by an overwrite virus is to delete the file completely, thus losing the original content.

Examples of this virus include: Way, Trj. Reboot, Trivial. 88. D.

Boot Virus

This type of virus affects the boot sector of a floppy or hard disk. This is a crucial part of a disk, in which information on the disk itself is stored together with a program that makes it possible to boot (start) the computer from the disk.

The best way of avoiding boot viruses is to ensure that floppy disks are write-protected and never start your computer with an unknown floppy disk in the disk drive.

Examples of boot viruses include: Polyboot B, AntiEXE.

Macro Virus

Macro viruses infect files that are created using certain applications or programs that contain macros. These mini-programs make it possible to automate series of operations so that they are performed as a single action, thereby saving the user from having to carry them out one by one.

Examples of macro viruses: Relax, Melissa. A, Bablas, 097M/Y2K.

Directory Virus

Directory viruses change the paths that indicate the location of a file. By executing a program (file with the extension. EXE or COM) which has been infected by a virus, you are unknowingly running the virus program, while the original file and program have been previously moved by the virus.

Once infected it becomes impossible to locate the original files.

Polymorphic Virus

Polymorphic viruses encrypt or encode themselves in a different way (using different algorithms and encryption keys) every time they infect a system.

This makes it impossible for anti-viruses to find them using string or signature searches (because they are different in each encryption) and also enables them to create a large number of copies of themselves.

Examples include: Elkern, Marburg, Satan Bug, and Tuareg.

Files infectors

This type of virus infects programs or executable files (files with an EXE or COM extension). When one of these programs is run, directly or indirectly, the virus is activated, producing the damaging effects it is

programmed to carry out. The majority of existing viruses belong to this category, and can be classified depending on the actions that they carry out.

Companion Viruses

Companion viruses can be considered file infector viruses like resident or direct action types. They are known as companion viruses once they get into the system they “accompany” the other files that already exist. In other words, in order to carry out their infection routines, companion viruses can wait in memory until a program is run (resident viruses) or act immediately by making copies of themselves (direct action viruses).

Some examples include: Stator, Asimov. 1539, and Terrax. 1069

FAT Virus

The file allocation table of FAT is the part of a disk used to connect information and is a vital part of the normal functioning of the computer.

This type of virus attack can be especially dangerous, by preventing access to certain sections of the disk where important files are stored. Damage caused can result in information losses from individual files or even entire directories.

Worms

A worm is a program very similar to a virus; it has the ability to self-replicate, and can lead to negative effects on your system and most importantly they are detected and eliminated by antiviruses.

Examples of worms include: PSWBugbear.B, Lovgate.F, Trile.C, Sobig.D, MApson.

Trojans or Trojan Horses

Another unsavoury breed of malicious code are Trojans or Trojan horses, which unlike viruses do not reproduce by infecting other files, nor do they self-replicate like worms.

Logic Bombs

They are not considered viruses because they do not replicate. They are not even programs in their own right but rather camouflaged segments of other programs.

Their objective is to destroy data on the computer once certain conditions have been met. Logic bombs go undected until launched, and the results can be destructive.

व्यंग्य

नारद मुनि का राज्य

– मनीष कुमार सच्चर
कमाण्डेन्ट 97 बटा.

आकाश लोक में काले सफेद घुमड़ते हुए मेघ पवन के गाझोंकों में यूँ लहराकर उड़ रहे थे मानो कोई सोलह बरस की नवयौवना अपने प्रेमी के साथ वाटिका में अठखेलियाँ कर रही हो। इन बादलों के बीच स्वच्छंद रूप से उड़ना और विभिन्न लोकों में विचरना नारद मुनि को सदैव बहुत प्रिय लगता रहा है। ब्रह्मा के पुत्र नारद अपनी माता प्रकृति (गायत्री) की ममतामयी गोद में सदैव ऐसे ही क्रीड़ा करते रहे हैं। एक लोक से दूसरे लोक को जाना और किसी भी समय किसी भी देवी–देवता के एकान्तवास में जाकर भी उनसे मिल लेना, यही तो विशेषता है ब्रह्म पुत्र नारद की।

परंतु आज नारद का मन व्यथित है। संसार में देव से लेकर प्राणी तक सब अपने पत्नी–बच्चों के साथ रहते है और भोग विलास का आनंद लेते हैं फिर अकेला मैं ही ऐसा क्यूँ हूँ। कहीं टिक नहीं सकता, हमेशा चलता रहता हूँ। मेरे जैसा दूसरा कोई भी नहीं। आज वैकुंठ लोक जाकर भगवान विष्णु से पूछुँगा। क्षीरसागर के बीच शेषनाग

को शैय्या पर विराजमान वासुदेव अपने प्रिय भक्त नारद को देखते ही उनकी व्यथा समझ गये। अपने पास बैठाकर पूछा, "ऋषिवर, कृपया बताइये किस कारण आपका आगमन हुआ और आप इतने व्यथित भला क्यूँ दिख रहे हैं?" नारदमुनि बोले, "प्रभु अब आपसे क्या छिपाऊँ। कितना कष्ट है मुझे इस बात का कि मैं सदैव घूमने वाला अकेला प्राणी हूँ। कोई भी तो नहीं मेरे जैसा। बाकी सभी देवताओं का अपना–अपना राज्य है, भोग हैं, ऐश्वर्य हैं, उनकी प्रजा हैं। मेरा क्या है? कुछ भी तो नहीं। समय बेसमय किसी के भी घर में प्रवेश कर जाता हूँ।

भगवान विष्णु तनिक मुस्कुराये और बोले, "देवर्षि, आप जैसे देवताओं का राज्य और प्रजा सतयुग में नही कलयुग में होता है क्योंकि आप तो मनुष्य को मृत्युलोक से पार ले जाने का कार्य करते है। आप तारने वाले हैं देवर्षि । अब सुनिये, कलयुग के प्रथम चरण में आपका राज्य भी होगा और प्रजा भी। नारद मुनि अचानक प्रसन्न होकर बोले, "क्या आप सत्य कह रहे हैं प्रभु कि मेरा भी राज्य होगा और मेरी तरह सदैव विचरने वाले मेरी भी प्रजा होगी। यह सब कब कैसे और कहाँ होगा भगवन, कृपया मुझे विस्तार से बतायें।

"भगवान बोले," देवर्षि कलयुग के वर्ष 1939 में 27 जुलाई के दिन मेजर पर्ट नाम का एक फिरंगी योद्धा तुम्हारे राज्य की स्थापना एक बल के रूप में करेगा जिसका नाम होगा, "Crown Representative's Police".

नारद मुनि : Ohhh – I see पर भगवान यह Police क्या होती हैं?

भगवान : मुनिवर, कानून एवं व्यवस्था को कायम रखने वाले योद्धाओं के समूह को Police कहते हैं। समझे आप?

नारद मुनि : Okkk..... प्रभु, I got it.

भगवान : हाँ मुनिवर, और आपके राज्य की राजधानी भारतवर्ष के मध्य प्रदेश के मण्डसौर जिले में नीमच नामक छोटी सी दूर दराजकी जगह पर होगी।

नारद मुनि : प्रभु मेरे राज्य की वृद्धि कैसे होगी?

भगवान: मुनिवर वर्ष 1947 में 15 अगस्त को भारतवर्ष स्वतंत्र हो जायेगा और महारानी का मुकुट भी बरतानिया देश में चला जायेगा परंतु आपके इस बल का नाम बदलकर "केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल" रख दिया जायेगा। हालाँकि यह नाम भी शताब्दी के अन्त तक मृगमरीचिका की तरह प्रलोभन देने वाला हो जायेगा।

नारद मुनि : ऐसा क्यूँ प्रभु।

भगवान : क्योंकि वर्ष 2000 तक इस बल में महानिदेशालय की building छोड़कर कुछ भी केन्द्रीय नहीं रह जायेगा और महानिदेशालय में Posting मिलना कैलाश मानसरोवर तीर्थ की यात्रा के समान हो जायेगा जहाँ विरले ही जा सकेंगे। जहाँ तक रिज़र्व का सवाल है तो रिज़र्व उस फोर्स को कहा जाता हैं जो बैरकों में रहती हैं परंतु शताब्दी के अन्त तक इस बल का जवान बैरक छोड़कर स्कूल, कालेज, रेलवे स्टेशन, तम्बू में और छत इत्यादि सब जगह रहने लगेगा और बैरेक में आराम से

रहना उसे कभी नसीब न होगा। हाँ पुलिस शब्द के लिये आन्तारेक सुरक्षा अकादमी से लेकर महानिदेशालय तक बड़ी–बड़ी गोष्ठियाँ आयोजित की जायेंगी जहाँ विधि के प्रकाण्ड पंडित एवं विशेषज्ञ पधारेंगे परंतु अंत में यह निर्णय न हो पायेगा कि यह फोर्स "पुलिस" है या नहीं और रही "बल" की बात तो गृह मंत्रालय तथा प्रदेश पुलिस जवानों को तेज गति से घुमा–घुमाकर उनका सारा बल और बुद्धि समाप्त कर देंगे।

नारद मुनि : भगवन परंतु मेरा स्वभाव तो विचरने का है तो मेरी सत्ता भी तो विचरने वाली ही होनी चाहिये न।

भगवान : हाँ नारद तुम्हारी सत्ता विचरने वाली ही होगी। इस फोर्स का हर सदस्य अपने बिस्तर के नीचे एक पीली डोरी रखेगा क्योंकि उसे कभी भी विचरन करने का आदेश मिल जायेगा। और गलती से अगर किसी ने एक स्थान पर टिकने की बात सोच भी ली तब तो उसे तत्काल ही विचरण का आदेश मिल जायेगा। यहाँ तक कि उसे पकड़ने के लिये बेतार का उपयोग करना पड़ेगा।

नारद मुनि : यह "बेतार" क्या होती है प्रभु।

भगवान : मुनिवर, "बेतार" जैसे आज के युग में आप बिना पूछ–ताछे किसी भी देवी–देवता के कमरे में प्रवेश कर जाते हैं वैसे यह एक ऐसा संदेश जो आपका runner बिना समय देखे, आपके पास ले आयेगा उसे बेतार कहते हैं। इस बेतार संदेश के माध्यम से किसी भी व्यक्ति को bus में, train में, airport पर कहीं भी पर भी पकड़कर आदेश दिया जा सकता है और आदेश मिलते ही वह खुद बेतार होकर उड़ने लगता है। इसलिये इसे बेतार कहते हैं।

नारद मुनि : परंतु प्रभु ये बेतार दिखने या सुनने में होता कैसा हैं।

भगवान : मुनिवर दिखने में यह telegram जैसा कुछ होता है पर इसमें NR, GR, TOO तथा TOR जैसे गुप्त कोड होते हैं और उच्चतम गोपनीयता की दृष्टि से इसमें Alfa, Bravo, Charlie जैसी ऊलजुलूल भाषा का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें एक खास बात यह होती है कि इसमें सारी रामकहानी लिखने बाद अंत में "rest NTR" जरूर लिखा जाता है और इसे पढ़ने से पहले Charlie Peter Wait बोला जाता है।

नारद मुनि : अरे वाह प्रभु! इतनी उत्तम संचार व्यवस्था। तब तो सारे कार्य त्वरित रूप से हुआ करेंगे?

भगवान : हाँ मुनिवर, 1992 वर्ष में इस बल के एक भाग को Rapid Action Force यानि त्वरित कार्यवाही बल के रूप में परिवर्तित भी किया जायेगा जिसमें पुरूषों तथा महिलाओं तो त्वरित गति से किसी स्थान पर पहुँचने का प्रशिक्षण दिया जायेगा और इसे Zero Reaction Force कहा जायेगा।

नारद मुनि : प्रभु बस मेरी एक और शंका है जिसका समाधान कर दें तो महान अनुकम्पा होगी। इतनी तीव्र गति से विचरण करने वाली मेरी प्रजा को क्या सिर्फ भूमि पर चलने वाले वाहनों से ही यात्रा करनी होगी? इसमें तो बड़ा समय लगेगा प्रभु?

भगवान : मुनिवर आपकी प्रजा में जो जवान हैं वह यात्रा करते समय अपनी कोत,

चैस्ट, मैस का लकड़ी, पतीले और अपने व्यक्तिगत घी के 5 किलो के डब्बे लेकर जायेंगे इसलिये उन्हें तो भूमि पर चलने वाले साधनों से ही यात्रा करनी पड़ेगी परंतु उच्चाधिकारी जो Shape 1 होने के प्रयास में खाने पीने के मोह में नहीं पड़ते और हलका सामान लेकर चलते हैं उन्हें Indian Airlines के वातानुकूलित पवन दूत से यात्रा की सुविधा मिलेगी। इस पवन दूत में परिचारिकायें (Air Hostess) उन्हें स्वल्पाहार (snacks) भी भेंट करेंगी।

नारद मुनि : धन्य हैं आप प्रभु। अपने भक्तों का कितना ध्यान रखते हैं आप। चलता हूँ प्रभु। प्रणाम ..... नारायण ..... नारायण।

SPECIAL FEATURE

Training and operations

– Manoranjan Kumar
Asst. Comdt., RTC Avadi

'Training and operations' though seem two words, having different connotations, are somehow connected in a bigger perspective. These are flip sides of a coin but when taken together have an immense value.

Training is prior stage of operations where as operation follows training's instructions most of the time barring few exceptions.

Operation is implementation of training on the ground. According to a famous maxim, "What one sows that he reaps." This states that nature of training decides quality of an operation. Training is a cornerstone for the operations in the offing.

Training to me has different meaning hidden in its every letter.

T – Temperament and tolerance

R – Robustness

A – Attitude formation

I – Improvement

N – Nurturing

I – Idea formation and Imagination

N – Naturalization

G – Goal Achievement

Temperament

The first most important contribution of training is to develop and build the compatible temperament required for security forces in an operational area. One when joins security forces, he has a civilian approach towards life but the training changes his temperament and way of life. Training imparts tolerance to every trainee which gets reflected on many occasions, be it an operation or emergent situation or any other task.

Robustness

Training brings robustness in a trainee. Scientific and systemic training prepares one to weather any condition in an operational area. He is ready to do any Herculean task. Training helps a civilian to step into shoes of robustness of soldier.

Attitude formation

Before training one's mind is like 'tabula rasa', i.e. a blank slate (board). Attitude formation is the third important contribution of training. It shapes one's mind into a befitting job of a soldier which is a must for operations.

Improvement

Training improves one's skills and it whets and hones the traits available in a trainee so that it becomes easy for him to tackle adverse situations during operations.

Nurturing

Training nurtures a trainee as plants are nurtured in a nursery which one day become fruitful trees and give huge returns.

Idea formation and Imagination

The instructions and exercises in training help in idea generations and imaginations. There are situations in operations, when mind stops working. In such circumstances instructions and teachings of training help one to get away with blocking in mind.

Naturalization

Naturalization is the next important aspect of training, where a person from diverse background is acclimatized into the environment of security forces. He is made to delearn, learn and relearn through which he sheds the unwanted traits and wears the cloak of a soldier.

Goal Achievement

The last but not the least is the goal achievement, which is inculcated in the mind of trainees during training. 'Nothing is impossible and Mariana Trench can be fathomed' must be the punch line of training. Impossible word is delearned in training. This spirit of goal achievement gets one success in operations.

Operation is the practical stage of training. Whether it is ambush, raid, naka (road blocking) cordon and search (CASO), defence or attack we need to implement our basic training. According to a famous instructor, former Director/IGP, ISA, Shri D.N.S. Bisht, "Training prepares a trainee for the operation on the ground and basic training plays the most vital role."

If training is improper then operation is bound to become unsuccessful. A task can't be accomplished in case the executer's training has even an iota of lacuna. The foundation of training determines the course and the outcome of the operation.

Though training and operation seem two different concepts but they are

inextricably related to each other as body and mind for a soldier. Operation theatre demands good training and good training determines mostly the success rate of operations.

आज़ादी की रक्षा

“क्या पता कब जिन्दगी की शाम आ जाए।
क्या पता कब मौत का पैगाम आ जाए।
तलाश है ऐसे समय की ऐ मेरे साथियों।
कि मेरा शरीर भी इस देश के काम आ जाए। ”
लाठी खाकर गोली खाकर आजादी हासिल कर ली है।
अब इस आजादी की सैनिकों, हम सबको रक्षा करनी है।
आजादी का अपना रंग, आजादी का अपना ढंग है।
जिनको मिलती आजादी उनके जीवन में उमंग है।
जग के इस विशाल उपवन में आजादी न्यारी टहनी है।
अब इस आजादी की सैनिकों, हम सबको रक्षा करनी है।
वीर शिवाजी और भगत सिंह आजादी के दीवाने थे।
नाना, तात्या और प्रताप भी आजादी के परवाने थे।
इन सब धीर–वीर सम कुर्बानी हमको करनी है।
अब इस आजादी की सैनिकों, हम सबको रक्षा करनी है।
इस आजादी की खातिर माताओं ने अपने सुख खोए।
लाखों प्राणों की बलि लेकर स्वतंत्रता देवी जन्मी है।
अब इस आजादी की सैनिकों हम सबको रक्षा करनी है।
आजादी की रक्षा–हित चट्टानों सम हो जाएंगे।
तूफानों से खेलेंगे हम और लहरों से टकरायेंगे।
अपने प्राण भले ही जाएं पर आजादी तो रखनी है।
अब इस आजादी की सैनिकों, हम सबको रक्षा करनी है।

– सिपाही बी.एन. यादव
29 बटालियन

विशेष जानकारी

मलेरिया

मलेरिया का प्रसार इन कारकों पर निर्भर करता है – मानव जनसंख्या का घनत्व, मच्छरों की जनसंख्या का घनत्व, मच्छरों से मनुष्यों तक प्रसार और मनुष्यों से मच्छरों तक प्रसार। इन कारकों में से किसी एक को भी बहुत कम कर दिया जाए तो उस क्षेत्र से मलेरिया को मिटाया जा सकता है। इसीलिये मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में रोग का प्रसार रोकने हेतु दवाओं के साथ–साथ मच्छरों का उन्मूलन या उनसे काटने से बचने के उपाय किये जाते हैं। अनेक अनुसंधानकर्ता दावा करते हैं कि मलेरिया के उपचार की तुलना में उस से बचाव का व्यय दीर्घ काल में कम रहेगा, हालांकि विश्व के कुछ सर्वाधिक निर्धन देशों में इसका तात्कालिक व्यय उठाने की क्षमता भी नहीं है।

1956–1960 के दशक में विश्व स्तर पर मलेरिया उन्मूलन के व्यापक प्रयास किये गये (वैसे ही जैसे चेचक उन्मूलन हेतु किये गये थे) किंतु उनमें सफलता नहीं मिल सकी और मलेरिया आज भी अफ्रीका में उसी स्तर पर मौजूद है। जबकि ब्राजील, इरीटिया, भारत और वियतनाम जैसे कुछ विकासशील देश हैं जिन्होंने इस रोग पर काफी हद तक काबू पा लिया है। इसके पीछे निम्न कारण माने गये हैं – प्रभावी उपकरणों का प्रयोग, सरकार का बेहतर नेतृत्व, सामुदायिक भागीदारी, विकेन्द्रीकृत क्रियान्वयन, कुशल तकनीकी–प्रबंधक कामगार मिलना, भागीदार संस्थाओं द्वारा सही तकनीकी सहयोग देना तथा पर्याप्त कोष मिलना।

मच्छरों के प्रजनन पर नियंत्रण

मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करके मलेरिया पर बहुत नियंत्रण पाया जा सकता है। खड़े पानी में मच्छर अपना प्रजनन करते हैं, ऐसे खड़े पानी की जगहों को ढक कर रखना, सुखा देना या बहा देना चाहिये या पानी की सतह पर तेल डाल देना चाहिये, जिससे मच्छरों के लारवा सांस न ले पाएं। मलेरिया उन्मूलन के जो प्रयास पूर्णतः सफल रहे हैं उनमें मच्छरों के उन्मूलन का प्रमुख स्थान था। कभी यह रोग संयुक्त राज्य अमेरिका तथा दक्षिण यूरोप में आम हुआ करता था, किंतु बेहतर जल निकास द्वारा मच्छरों के प्रजनन स्थल दलदली क्षेत्रों को सुखा कर, मरीजों पर कड़ी निगरानी रख कर और उनका तुरंत उपचार करके इसे इन क्षेत्रों से मिटा दिया गया। वर्ष 2002 में अमेरिका से सिर्फ 1059 मामले सामने आये जिनसे 8 लोग मरे।

इनके अतिरिक्त आनुवांशिक तकनीकों से परिवर्तित मच्छर बनाए जा रहे हैं जो मलेरिया परजीवी को पलने नहीं देंगे। ऐसे मच्छरों को खुला छोड़ देने पर धीरे–धीरे इनकी प्रतिरक्षा की जीन मच्छरों की सारी आबादी में फैल जाएगी।

घरों में दवा का छिड़काव

मलेरिया–प्रभावित क्षेत्रों में अक्सर घरों की दीवारों पर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जाता है। अनेक प्रजातियों के मच्छर मनुष्य का खून चूसने के बाद दीवार पर बैठकर इसे हजम करते हैं। ऐसे में अगर दीवारों पर कीटनाशकों का छिड़काव कर दिया जाए तो दीवार पर बैठते ही मच्छर मर जाएगा, किसी और मनुष्य को काटने के पहले ही।

डीडीटी पहला आधुनिक कीटनाशक था जो मलेरिया के विरूद्ध प्रयोग किया गया था, किंतु बाद में यानि 1950 के बाद इसे कृषि कीटनाशक के रूप में प्रयोग करने लगे थे। खेतों में इसके भारी प्रयोग से अनेक क्षेत्रों में मच्छर इसके प्रति प्रतिरोध पी हो गए। 1960 के दशक में इसके हानिकारक प्रभाव नजर आने लगे, और 1970 के दशक में अनेक देशों में इसके प्रयोग पर रोक लगा दी गयी। इस दवा के प्रयोग पर रोक लगाने को काफी विवादास्पद माना गया है। वैसे इसे मलेरिया नियंत्रण हेतु कभी प्रतिबंधित नहीं किया गया, किंतु आलोचक कहते हैं कि अनावश्यक लगी रोक से लाखों लोगों के प्राण गए हैं। फिर समस्या डीडीटी के कृषि क्षेत्र में व्यापक प्रयोग से हुई थी ना कि इसका प्रयोग जन स्वास्थ्य क्षेत्र में करने से।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में छिड़काव के लिए लगभग 12 दवाओं को मान्यता दी है। इनमें डीडीटी के अलावा डेल्टामैथिन जैसी दवाएँ शामिल हैं, खासकर उन क्षेत्रों में जहाँ मच्छर डीडीटी के प्रति रोधक क्षमता विकसित कर चुके है। स्टॉकहोम कन्वेंशन डीडीटी के स्वास्थ्य–संबंधी सीमित प्रयोग की छूट देता है किंतु इसे खुले में कृषि कार्य हेतु प्रयोग लाना प्रतिबंधित है।

हाल ही में एक कवक की खोज की गई है जो मच्छरों में एक जानलेवा बीमारी करती है, और जिसके दीवारों पर छिड़काव से मच्छरों से छुटकारा मिल सकता है। अभी तक मच्छरों में इस फफूंद के प्रति प्रतिरोध क्षमता नहीं देखी गई है।

मच्छरदानियाँ व अन्य उपाय

मच्छरदानियाँ मच्छरों को लोगों से दूर रखने में सफल रहती हैं तथा मलेरिया संक्रमण को काफी हद तक रोकती हैं। एनोफिलीज़ मच्छर चूँकि रात को काटता है इसलिए बड़ी मच्छरदानी को चारपाई/बिस्तर पे लटका देने तथा इसके द्वारा बिस्तर को चारों तरफ से पूर्णतः घेर देने से सुरक्षा पूरी हो जाती है। मच्छरदानियाँ अपने आप में बहुत प्रभावी उपाय नहीं हैं किंतु यदि उन्हें रासायनिक रूप से उपचारित कर दें तो वे बहुत उपयोगी हो जाती हैं। इस रसायन के संपर्क में आते ही मच्छर मर जाते है। उपचारित मच्छरदानियाँ अनोपचारित मच्छरदानियों से दोगुणी प्रभावी होती हैं और

बिना मच्छरदानी के सोने के बजाय उनका प्रयोग करने से 70% ज्यादा सुरक्षा मिलती है। कीटनाशी उपचारित मच्छरदानी के वितरण को मलेरिया नियंत्रण का बेहद सस्ता तथा प्रभावी उपाय माना जाता है इस प्रकार की एक सामान्य मच्छर दानी का मूल्य 2.50 डालर से 3.50 डालर रहता है। प्रभावित इलाकों में प्रायः संयुक्त राष्ट्र एजेंसी या कोई अन्य संस्था उनका वितरण करती है। अधिकतम सुरक्षा हेतु आवश्यक है कि हर छह महीनों में इन पर फिर से रसायन का लेप किया जाये, किंतु ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसा करना अक्सर मुश्किल होता है। आजकल नवीन प्रौद्योगिकी से इस प्रकार की मच्छरदानी बन रही है जो पाच वर्ष तक कीटनाशी प्रभाव रखती है। इन मच्छरदानी के अन्दर सोने पर तो सुरक्षा मिलती ही है जो मच्छर इनके संपर्क में आते है वे भी तुरंत मर जाते है जिसमें आस–पास सोए अन्य लोगों को भी कुछ सुरक्षा मिल जाती है। हाल ही के प्रयोगों से पता लगा है कि बिस्तर पर बिछी और ओढ़ने वाली चादरों को दवाओं से उपचारित करने पर भी मच्छरदानी जितनी सुरक्षा मिल जाती है।

संपादित करें। निरोधी दवाएँ

अनेक दवाएँ आमतौर पर जिनका उपयोग उपचार में होता है उनका प्रयोग निरोधक प्रभाव हेतु भी किया जा सकता है। निरोधी प्रभाव के लिए दवाओं की मात्रा उपचार से कम ही होती है। किंतु इनके दीर्घ काल प्रयोग से हानि होती है, इसलिए महामारी क्षेत्रों में ये कम ही प्रयोग में लाई जाती हैं या मिलती ही नहीं हैं। हाँ यदि आप किसी ज्वर ग्रस्त क्षेत्र में अस्थाई रूप से जा रहे हैं तो इनका प्रयोग कर सकते हैं। कुनैन को बहुत पहले से इस कार्य के लिए प्रयोग किया जाता रहा है, हालांकि आजकल इसका प्रयोग उपचार हेतु ज्यादा होता है। 18वीं शताब्दी में सैमुएल हैनीमेन ने होम्योपैथी के सिद्धांत का आविष्कार कुनैन के प्रभाव को देख कर ही किया था। आज कल मेफ्लोक्वीन, डॉक्सीसाइक्लीन, एटोवाक्वोन और प्रोग्वनिल हाइड्रोक्लोराइड नामक औषधियाँ इस प्रयोग में आ रही है। दवा चुनने से पूर्व क्षेत्र में सक्रिय परजीवी की दवा के प्रति प्रतिरोधक क्षमता का ज्ञान होना चाहिए। हर दवा के दुष्प्रभाव भिन्न–भिन्न होते हैं। ये प्रयोग करते ही प्रभाव डालना शुरू नहीं कर देती है कम से कम 1–2 सप्ताह का समय लेती हैं, तथा इन्हें मलेरिया–ग्रस्त क्षेत्र छोड़ देने कुछ समय बाद तक लेते रहना पड़ता है।

टीकाकरण

मलेरिया के विरूद्ध टीके विकसित किये जा रहे है यद्यपि अभी तक सफलता नहीं मिली है। पहली बार प्रयास 1967 में चूहे पे किया गया था जिसे जीवित किंतु विकिरण से उपचारित बीजाणुओं का टीका दिया गया। इसकी सफलता दर 60% थी। उसके बाद से ही मानवों पर ऐसे प्रयोग करने के प्रयास चल रहे हैं। वैज्ञानिकों ने यह निर्धारण करने में सफलता प्राप्त की कि यदि किसी मनुष्य को 1000 विकिरण उपचारित संक्रमित मच्छर काट लें तो वह सदैव के लिए मलेरिया के प्रति प्रतिरक्षा विकसित कर लेगा। इस धारणा पर वर्तमान में काम चल रहा है और अनेक प्रकार के टीके परीक्षण

के भिन्न दौर में हैं। एक अन्य सोच इस दिशा में है कि शरीर का प्रतिरोधी तंत्र किसी प्रकार मलेरिया परजीवी के बीजाणु पर मौजूद सीएसपी (सर्कमस्पोरोजॉइट प्रोटीन, circumsporozoite Protein) के विरूद्ध एंटीबॉडी बनाने लगे। इस सोच पर अब तक सबसे ज्यादा टीके बने तथा परीक्षित किये गये हैं। एसपीएफ 66 (अंग्रेजी: SPf66) पहला टीका था जिसका क्षेत्र परीक्षण हुआ, यह शुरू में सफल रहा किंतु बाद में सफलता दर 30% से नीचे जाने से असफल मान लिया गया। आज आरटीएस, एसएएस02ए (अंग्रेजी: RTS,S/AS02A) टीक परीक्षणों में सबसे आगे के स्तर पर है। आशा की जाती है कि पी. फैल्सीपरम के जीनोम की पूरी कोडिंग मिल जाने से नयी दवाओं का तथा टीकों का विकास एवं परीक्षण करने में आसानी होगी।

अन्य उपाय

मलेरिया–प्रभावित क्षेत्रों में मलेरिया के प्रति जागरूकता फैलाने से मलेरिया में 20 प्रतिशत तक की कमी देखी गई है। साथ ही मलेरिया का निदान और इलाज जल्द से जल्द करने से भी इसके प्रसार में कमी होती है। अन्य प्रयासों में शामिल है – मलेरिया संबंधी जानकारी इकट्ठी करके उसका बड़े पैमाने पर विश्लेषण करना और मलेरिया नियंत्रण के तरीके कितने प्रभावी हैं इसकी जांच करना। ऐसे एक विश्लेषण में पता लगा कि लक्षण–विहीन संक्रमण वाले लोगों का इलाज करना बहुत आवश्यक होता है, क्योंकि इनमें बहुत मात्रा में मलेरिया संचित रहता है।

प्रेरणा

टाईम इज मनी

–निरी./जी.डी. मो. शकील
91 बटालियन

कल्पना करे कि एक बैंक आपके खाते में हर सुबह 86,400 रुपये क्रेडिट करता है, लेकिन अगले दिन बैलेंस आपके खाते में ट्रांसफर नहीं करता है बल्कि बैंक हर शाम को आपके द्वारा दिन में उपयोग न किये गए पैसे को आपके खाते से निकाल लेता है। ऐसे में आप क्या करोगे।



जाहिर है कि हर रोज आप अपने खाते से सारे पैसे निकाल लेंगे। ठीक उसी तरह हर व्यक्ति के पास टाइम नाम का एक बैंक होता है। हर सुबह यह आपको 86,400 सैकण्ड क्रेडिट करता है। अब यह आपके ऊपर है कि आप इनका उपयोग अच्छे उद्देश्य में करते हैं या यूँ ही बरबाद कर देते हैं। कुछ भी हो हर शाम आप इनमें से जितने सैकेण्ड उपयोग नहीं कर पाते, टाइम उनको डिलीट कर देता है। तब आपके पास इस अकाउंट में कोई बैलेंस नहीं बचता है। इसमें ओवरड्राफ्ट की सुविधा भी नहीं है।

हर रोज यह बैंक (टाइम) आपके लिये एक नया अकाउंट खोलता है, हर शाम बचे सैकेण्ड डिलीट कर देता है। अगर आप जमा राशि (सैकण्ड) का उपयोग नहीं करते हैं तो नुकसान आपका ही है। आपको वर्तमान में रहना है और आज की जमा (डिपॉजीट) पर ही खर्च करना है।

आप डिपॉजिट का इस्तेमाल ऐसा करें कि आपको आज ही नहीं, बल्कि आने वाले कल के लिए अच्छा स्वास्थ्य, खुशियाँ और सफलता हासिल हो सके। घड़ी की सुई

टिक–टिक कर भागती जा रही है। आज आपके हाथ में जो पलें हैं उनका जितना अधिक हो सके उपयोग कर लें, क्योंकि ये पल वापिस नहीं आ सकते। एक साल का क्या मूल्य होता है, इसका अहसास करने के लिये उस छात्र से पूछे जो परीक्षा में फेल हो गया है। एक माह के मूल्य का अहसास करने के लिए उस माँ से पूछे जिसने समय से पहले शिशु को जन्म दिया है। एक सप्ताह के मूल्य का अहसास करने के लिए साप्ताहिक समाचार–पत्र के सम्पादक से पूछे जो एक अहम खबर के छट जाने पर माथा पीट रहा है। एक घण्टे की मूल्य का अहसास करने के लिए उस प्रेम या प्रेमिका से पूछे जो अपने साथी के आने का इंतजार कर रहा हो।

अपने हर एक पल को जतन से रखें, क्योंकि इस पल को अपने किसी अज़ीज़ के साथ बाँटा है। याद रखें कि गया समय लौटकर वापिस नहीं आता। बीता कल इतिहास बन चुका है। आने वाला कल रहस्य है। आपके पास केवल आज यानी वर्तमान है और इसलिये इसे प्रेजेन्ट यानी उपहार भी कहा जाता है।

सही समय पर व्यवस्थित तरीके से काम करने वालों की ही कामयाबी कदम चूमती है। जो समय की चिंता नहीं करते, वे लापरवाह और गैर जिम्मेदार माने जाते हैं। अगर आप सब कुछ ठीक कर रहे हैं, लेकिन सही समय पर नहीं कर रहे हैं तो कुछ भी ठीक नहीं कर रहे हैं।

समय और प्रवाह किसी का इंतजार नहीं करता।

मानव

– हव./मं. अनिल कुमार मिश्र
ग्रुप केन्द्र, गाँधीनगर

मनुष्य परमात्मा के द्वारा सृजित की गयी सबसे अमूल्य एवं ब्रम्हांड में मौजूद सृष्टि की सर्वोत्कृष्ट कृति है। पुराणों में, भी कहा गया है कि मनुष्य को यह योनि चौरासी लाख विभिन्न योनियों से गुजरने के पश्चात् प्राप्त होती है जो कि सर्वोपरि है। अब यह यक्ष प्रश्न है कि क्या इतने परिश्रम के पश्चात प्राप्त परमात्मा के इस अमूल्य वरदान को यूँ ही तुच्छ निरर्थक अवसादों से ग्रस्त होकर व्यर्थ नष्ट किया जाए या विश्व की क्षणभंगुरता से ऊपर उठकर इस अतुल्य देन को पूर्णता से प्रसन्नचित हो उपभोग किया जाए एवं न केवल स्वयं को वरन् सम्पूर्ण समाज एवं सभ्यता के हितार्थ एक उत्कर्षार्थ इसका उपयोग किया जाए।

जीवन की आपा–धापी में न जाने कहाँ हमारी मृदु भावनाएँ दबकर कुंठित हो रही हैं और जीवन अवसाद ग्रस्त हो रहा सत्य सुरक्षा बलो के कार्मिकों पर अक्षरशः लागू होता है, जहाँ घर–परिवार से मिलने की इच्छा बलवती होती है वहीं कर्तव्य की पूर्ति

की राह में ऐसा संभव न हो पाने के कारण मन वियोग से भर जाता है। अब यह पूर्णतया हम पर निर्भर करता है कि हम कैसे इस प्रतिकूल परिस्थिति में भी स्वयं को डगमगाने न दे, और इस वियोग को ही एक सकारात्मक रूप प्रदान कर अपनी कोमल भावनाओं को जगाए, एवं सृजनशीलता को मूर्त रूप प्रदान करें। कहा भी गया है:–

"वियोगी होगा पहला कवि, आह से उपजा होगा गान,
निकलकर नयनों से चुपचाप, वही होगी कविता अंजान"

नकारात्मक सोच से दूर रहें।

–श्री वी.एस. ठाकुर
उप कमाण्डेन्ट, ग्रुप केन्द्र, पुणे

एकान्त में हमें अक्सर निराशाजनक विचार ही आते हैं। आज की कठिनाइयों और आगे आने वाले खतरों के बारे में सोचकर चिंतित होते हैं। इस तरह की नकारात्मक सोच में पड़कर हर व्यक्ति तनावग्रस्त हो जाते हैं। वास्तव में हमें एकान्त में बैठकर अपनी प्रतिभा को तराशने का काम करना चाहिए, हर व्यक्ति में कोई न कोई प्रतिभा अवश्य होती है, उसी का सही समय पर सही उपयोग करके हम अपने कैरिअर में सफल होकर अपनी अलग पहचान बना सकते हैं। कई बार हम अपने झूठे अहम के कारण अपना गलत आकलन कर लेते हैं और घर, कार्यालय या समाज में अपनी छवि बिगाड़ बैठते हैं। इस कारण हमारे दोस्त ही हमारे दुश्मन बन बैठते हैं और हमारे कई अहम नाते–रिश्ते टूट जाते हैं। वास्तव में हम अपने आपको ही सर्वश्रेष्ठ मानते हैं। कहावत भी है कि आदमी अपनी बुद्धि और दूसरे के धन की थाह नहीं पाता। यदि हम एकान्त में ऐसी घटनाओं पर थोड़ा चिंतन करें तो अपनी गलतियाँ समझ में आएंगी, खुद को सर्वश्रेष्ठ समझने का अभिमान दूर हो जाएगा। ऐसा होने से गलतफहमियाँ दूर होते देर नहीं लगती। अपनी गलतियों पर हम पछतायें नहीं बल्कि हँसे और प्रण करें कि अब आगे हम ऐसी गलती हरगिज नहीं होने देंगे। एकान्त में अकेले बैठकर हम कठिन समस्या का समाधान आसानी से निकाल लेते हैं। वास्तव में होता यह है कि अकेले में सोचते समय हमारे दिमाग की एकाग्रता बढ़ जाती है और समस्या के समाधान के लिए कई विकल्प हमें सूझने लगते हैं।

विश्वास की शक्ति

– जोगिन्दर सिंह
कमांडेन्ट, 127 बटा.

विश्वास की शक्ति को हासिल करने और विश्वास को दृढ करने के लिये तीन उपाय किये जा सकते हैं :–

1. सफलता की बात सोचें, असफलता की बात न सोचें। नौकरी में, घर में, असफलता की जगह सफलता के बारे में सोचें। जब आपके सामने कोई कठिन परिस्थिति आये, तो सोचें "मैं जीत जाऊँगा," यह न सोचें "शायद मैं हार जाऊँगा।" जब आप किसी से प्रतियोगिता करें, तो सोचें "मैं सर्वश्रेष्ठ हूँ," यह न सोचें कि "मैं उसके जितना योग्य नहीं हूँ।" जब अवसर नजर आये, तो सोचें "मैं यह कर सकता हूँ" यह न सोचें "मैं यह नहीं कर सकता।" अपनी चिन्तन प्रक्रिया पर इस विचार को हावी हो जाने दें, "मैं सफल होकर दिखाउंगा।" सफलता के बारे में सोचने से आपका दिमाग ऐसी योजना बना लेता है जिससे आपको सफलता मिलती है। असफलता के बारे में सोचने से इसका ठीक उल्टा होता है। असफलता के बारे में चिंतन करने से आपका दिमाग ऐसे विचार सोचता है जिनसे आपको असफलता हाथ लगती है।
2. अपने आप को बार–बार याद दिलाईये कि आप जितना समझते हैं, आप उससे कहीं बेहतर है। सफल लोग सुपरमैन नहीं होते। सफलता के लिये सुपर–इन्टेलेक्ट का होना जरूरी नहीं है। न ही सफलता के लिये किसी जादुई शक्ति या रहस्यमयी तत्व की जरूरत होती है असफलता का किस्मत से भी कोई सम्बन्ध नहीं होता। सफल लोग साधारण लोग ही होते हैं, पर ऐसे लोग होते हैं जिन्हें अपने आप पर विश्वास है, अपनी क्षमताओं में विश्वास है और जो मानते हैं कि वे सफल हो सकते हैं। कभी भी खुद को सस्ते में न बेंचें।
3. बड़ी सोच मे विश्वास करें। आपकी सफलता का आकार कितना बड़ा होगा, यह आपके विश्वास के आकार से तय होगा। अगर आपके लक्ष्य छोटे होंगे, तो आपकी उपलब्धियाँ भी छोटी होंगी। अगर आपके पास लक्ष्य बडे होंगे तो आपकी सफलता भी बड़ी होंगी। एक बात कभी–भी न भूलें। बड़े विचार और बड़ी योजनायें अक्सर छोटे विचारों और छोटी योजनाओं से आसान होते हैं।

सफलता की तरफ यह आपका पहला कदम होगा। यह एक मूलभूत कदम है। इस कदम को उठाये बिना काम नहीं चलेगा। खुद में विश्वास करें, विश्वास करें की आप सफल हो सकते हैं।

जय हिन्द

फ़र्ज

बन वीर! खडा हो! कर जयघोष,
सुन उड़ जाए दुश्मन के होश।
करतब कुछ ऐसा दिखला दो,
अंबर को धरणी पर ला दो।

रहो भुजा फड़क, तु कर ।चेंघाड़,
कर रूप तु अपना प्रलयंकार।
बन काल अनय पर छाना है,
धरती को आज हिलाना हैं।
मत सोच, समय अब नहीं रहा,
चल उठा कृपाण, अब सोचना क्या?
बह रहा खुन अपनों का है,
इस खुन का कर्ज चुकाना हैं।s
सर काट दुश्मनों का धड़ से,
अपना यह फर्ज निभाना है।

– दिवेश कुमार मिश्रा
सहा.कमा. 74 बटा.

INAUGURATION

Shri Rahul Gandhi Inaugurates Group Centre Amethi

"CRPF is doing a very good job on the front of law and order in the country. It also plays a vital role in maintaining democratic structure of the country by performing Election duties besides their other roles." This was said by Shri Rahul Gandhi, MP, Amethi in his address on the occasion of Foundation Stone Laying Ceremony of Group Centre, CRPF Amethi in Uttar Pradesh. He also said that construction of the Rs. 120 crores project will push economical growth of the region and local people will be benefitted through it.

The foundation stone of Group Centre Amethi, which was inaugurated by Shri Rahul Gandhi

Shri Rahul Gandhi delivering speech on the occasion of foundation stone laying ceremony

In his welcome address DG CRPF Shri K. Vijay Kumar said the Group Centre will have accommodation for families of the Jawans and will work as foster and administrative unit for its attached Battalions. Moreover, recruitments for CRPF will be done through this Centre also and local youths will get employment.

Shri Rahul Gandhi being welcomed by Shri K Vijay Kumar, DG

DG, CRPF Shri K Vijay Kumar addressing the gathering on the occasion of Foundation Stone Laying Ceremony at Group Centre, Amethi

Shri Rahul Gandhi greeting Jawans

DG, CRPF Shri K Vijay Kumar presenting Memento to Shri Rahul Gandhi

Shri Rahul Gandhi taking a look at the photo exhibition

Shri Rahul Gandhi along with band personnel of GC, Amethi

CRPF is having 38 Group Centres across the country and Group Centre, Amethi is the fourth Group Centre in Uttar Pradesh. The Centre will have family quarters, school, Welfare Centre, hospital, office and store buildings. Shri Sanjay Singh, MP, Ms. Amita Singh, MLA, other dignitaries, senior officers of CRPF and local people were also present on this occasion.

NEWS FROM DIRECTORATE

Shri Gurudas Kamat, MoS (Home) Visits Directorate

Shri Gurudas Kamat, Union Minister of State for Home in discussion with Shri K Vijay Kumar, DG

Shri K Vijay Kumar, DG welcomes Shri Gurudas Kamat, Union Minister of State for Home



An officer explaining the working of a new device to the Minister

DG Visits 88 Mahila Bn.

Shri K. Vijay Kumar, DG inaugurating the new ATM at 88 Mahila Bn. DG watches over as a Mahila Constable operates the newly installed ATM (Inset)

Look before you leap : A motorcycle stunt in progress

Going Green : DG planting a sapling at Bn. location

Femme Fatale : ‘One minute drill’ in progress

Sisters in Arms : UAC demonstration by Mahila Bn. personnel

Seminar on Women Empowerment & Career Progression

A Seminar on Women Empowerment & Career Progression was held on

24th February at the Directorate General as a prelude to the Silver Jubilee Celebrations of 88 Mahila Bn. on the occasion of Women's Day on 8th March. The seminar was chaired by Shri J.C. Dabas, ADG (HQ) and was attended by women officers and personnel apart from other senior officers.

Seminar on Women Empowerment and Career Progression

Shri J.C. Dabas, ADG Headquarter chairing the Seminar on Women Empowerment and Career Progression

Women officers presenting their views in Seminar on Women Empowerment and Career Progression

महानिदेशालय समाचार

श्री के. विजय कुमार, महानिदेशक, श्री जे.सी. डबास, अपर महानिदेशक (मुख्यालय) व श्री पी.वी.के. रेड्डी, महानिरीक्षक (उत्तर सेक्टर) समारोह में शामिल हुए

समारोह के दौरान प्रसन्न मुद्रा में श्री एस.आर. ओझा, उप महानिरीक्षक (प्रशासन) व अन्य कार्मिक

होली मिलन समारोह का दृश्य

होली मिलन समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का दृश्य

NEWS FROM DIRECTORATE

New Vehicle Service Centre Inaugurated at Directorate General

DG CRPF Shri K. Vijay Kumar inaugurating the Vehicle Service Centre at M.T. park, Directorate General CRPF

DG CRPF inspecting the services being provided at the Service Centre

View of New Vehicle Service Centre

BADING GOODBYE : SEND OFF FUNCTION

Send Off Function of 5th Batch of FFPU/RAF Contingent

DG, CRPF and Senior Officers on the occasion of farewell to 5th FFPU contingent proceeding to Liberia

DG, CRPF Shri K. Vijay Kumar having a look on logistics being provided to the contingent

Fifth batch of the FFPU (Female Formed Police Unit) of CRPF, which is a part of UN Mission in Liberia (UNMIL), was sent off by the DG, CRPF, Shri K. Vijay Kumar, in a ceremony organized in New Delhi. The 125 personnel contingent is led by Commander Ms. Poonam Gupta, 2I/C.

The primary duties of the unit in Liberia would be helping the local police in restoring law and order in the civil war torn country and guarding the Office premises of the President of Liberia and other VVIPs. The members of the contingent have been put through seven weeks of

specialized training as per international standards and they are apt in handling any type of emergency. First batch of the FFPU was sent in January, 2007. This time one male and one female contingent of CRPF are deployed in Liberia.

Speaking on the occasion, Shri Vijay Kumar, DG, CRPF said that the contingent not only represents CRPF, but also the Indian Paramilitary and the country. He advised them to be good ambassadors and make the country proud.

Group photo of 5th FFPU contingent proceeding to Liberia

दीक्षांत समारोह

215वीं बटालियन का दीक्षांत समारोह सम्पन्न

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 215वीं बटालियन का 29 मार्च को ग्रेटर नोएडा स्थित बल के ग्रुप केन्द्र प्रांगण में दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ। लगभग एक वर्ष के गहन प्रशिक्षण के उपरांत बल के 500 नवारक्षियों को एक भव्य दीक्षांत परेड समारोह के दौरान बल व राष्ट्र के प्रति समर्पित होने की शपथ दिलाई गयी। एक वर्ष पहले इसी दिन 29 मार्च 2010 को 215 बटालियन की स्थापना की गई थी। अतः उसकी प्रथम वर्षगांठ भी एक ही साथ मनाई गई।

श्री के. विजय कुमार, महानिदेशक परेड की सलामी लेते हुए

परेड का निरीक्षण करते हुए महानिदेशक महोदय

इस दीक्षांत परेड समारोह के मुख्य अतिथि श्री के. विजय कुमार, महानिदेशक, के.रि.पु बल ने नवारक्षियों द्वारा आयोजित इस भव्य परेड की सलामी ली तथा बटालियन को राष्ट्र के प्रति समर्पित करने की घोषणा की। महानिदेशक महोदय ने अपने सम्बोधन में नवारक्षियों को बताया कि के.रि.पु. बल विश्व का सबसे बड़ा अर्द्धसैनिक बल है, जिसको वर्तमान में भारत सरकार ने देश की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था कायम करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दे रखी है। बल के सदस्य न केवल देश के विभिन्न इलाकों में आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था कायम करने हेतु तैनात किये गये है, बल्कि संयुक्त राष्ट्र मिशन के अंतर्गत विदेशों में भी बल तैनात हैं। उन्होंने बताया कि इतिहास गवाह है कि जब–जब भी देश पर आंतरिक संकट उत्पन्न हुआ है, बल

के कार्मिकों ने सर्वोच्च बलिदान देकर राष्ट्र की अखण्डता को अक्षुण्ण बनाए रखने में अपनी भूमिका का निर्वाह किया है। उन्होंने आगे कहा कि आज देश के बदलते परिवेश में हमारी ज़िम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। बल के धर्मनिरपेक्ष स्वरूप और निष्पक्ष कार्यशैली के मद्देनज़र देश के प्रत्येक क्षेत्र में बल की तैनाती की मांग लगातार बढ़ रही है। आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था के अतिरिक्त चुनाव प्रक्रियाओं के दौरान और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए सबसे पहले केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल की ही मांग की जाती है। हमें सदैव इन चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए हर समय सजग और तैयार रहने की जरूरत है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी नवारक्षी अपनी सिखलाई का पूर्ण उपयोग करते हुये हर उस चुनौती का सामना दृढ़तापूर्वक करेगें जो उनके कंधों पर सौंपी जाएगी।

सर्वश्रेष्ठ कैडेट को ट्रॉफी सौंपते श्री के. विजय कुमार, महानिदेशक

'एक मिनट ड्रिल' का प्रदर्शन करते हुए जवान

उक्त दीक्षांत परेड समारोह के दौरान बल के वरिष्ठतम अधिकारी एवं अन्य सदस्य परिवार सहित उपस्थित थे। सभी ने इस बटालिन के उज्जवल भविष्य के प्रति अपनी शुभकामनाएं प्रकट की। बैण्ड की मधुरतम ध्वनि के मध्य रंग–बिरंगी पोशाकों में नवारक्षियों द्वारा प्रदर्शित परेड की सभी ने सराहना की, जिससे निश्चित ही आभास होता है कि उन्हें उच्च दर्जे का प्रशिक्षण दिया गया है। कार्यक्रम के बाद श्री आर.के. बहुगुणा कमाण्डेट–215 बटालियन, जिनके नेतृत्व में इन नवारक्षियों को गहन प्रशिक्षण दिया गया, ने बताया कि इन नवारक्षियों को विभिन्न विषयों जिसमें शारीरिक प्रशिक्षण, निहत्थी युद्वकला, आधुनिकतम हथियारों का प्रशिक्षण, विस्फोटक पदार्थों की जानकारी, जंगल वारफेयर, एवं जंगल में जीने की कला के साथ–साथ विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत व बचाव कार्यों में निपुणता आदि का गहन व सफलतम प्रशिक्षण दिया गया है। साथ ही साथ खेल–कूद, योगा तथा अन्य मनोरंजन कार्यक्रमों को भी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में समुचित स्थान दिया गया है। पास–आउट हुये 500 नवआरक्षियों में 137–बिहार से, 102–झारखण्ड से, 90–आंध्रप्रदेश से, 44–तामिलनाडु से, 25–जम्मू और कश्मीर से, 24–पंजाब से, 17–17 हरियाणा व त्रिपुरा से, 12–मणिपुर से, 11–दिल्ली से, 10–पश्चिम बंगाल से है। बटालियन शीघ्र ही आंतरिक सुरक्षा को कायम रखने हेतु तैनात हो जाएगी।

परेड का माचिंग दस्ता

निहत्थे युद्ध कला (यू.ए.सी.) का प्रदर्शन

NEWS

Raising Day of 5th Batallion Celebrated

A Cultural Programme was organized by 5th Bn. at Mahavir Nagar Campus on the occassion of 54th Raising Day on 1st March. In a series of function spanning three days involved inter-company sports competition, Best company trophy, Musical chair for ladies of Jawans, Unit level mela, food festival culminating in grand cultural programme. The cultural programme commenced with lighting of auspicious lamps & release of balloons and fireworks followed by regional dances from U.P., Bihar and Rajasthan performed by Songs and Drama Division (I&B ministry). The programme included power packed Bhangra dance by unit Jawans, followed by daredevil act of Martial Arts by HC/GD D. Ashok involving fire games, breaking tiles & hanging by neck.

Chief Guest and other dignitaries releasing balloons on the occasion of Raising Day

The Bhangra performance

Chief Guest Shri S.M.Z. Rizvi addressing the gathering

The Martial Arts team with Shri S.M.Z. Rizvi, Ex-IG, Dr. Ravi Prakash Mehrda and others

Shri S.M.Z. Rizvi, Ex-IGP, CRPF presided over the function as Chief Guest and Dr. Ravi Prakash Mehrda, IPS also presided over the function as Guest of Honour. Other dignitaries who graced the occasion included Commandants of Delhi based Battalions.

On conclusion of the programme, Sh. Jaidev Kesri Commandant - 5th Bn, congratulated everyone on the 54th Raising Day and thanked the August gathering for their gracious presence. It was also announced that 5th Bn is first CRPF Bn to be on facebook with overwhelming response from all quarters. The programme concluded with distribution of Sports trophies to

Companies & Best Company Trophy to F/5.

New Dental Chair inaugurated at Composite Hospital, Rampur

Shri B.K. Sharma, IGP, Central Sector visited GC and Composite Hospital Rampur on 12 March 2011. On this occasion, he inaugurated a newly established dental wing of the CH as also a new dental chair for the dental unit. The dental chair is latest of its kind, not only in CRPF but also in the region between Delhi to Lucknow. The machine will enable the dentists of the Force to take the best possible care of the dental health of the Force personnel and their families serving in the local area and referred to CH Rampur other Stations. The extra hard work put in by the DIG (Medical), CH CRPF Rampur and his team of Medical Officers has been praiseworthy in establishment of the dental unit in the CH. The IGP had a special word of mention to appreciate the efforts made by Dr. N.T. Milli, CMO (SG) in development and equipping of dental unit with this new generation machine in this Composite Hospital.

Shri B.K Sharma, IG, Central Sector inaugurating the Dental Wing in CH, Rampur

Shri B.K. Sharma taking a look at the new and improvised dental chair

Shri B.K. Sharma, IG, Central Sector interacting with a patient in CH, Rampur

The machine will enable the dentist of the force to take the best possible care of the dental health of the Force personnel and their families serving in the area or referred to CH, Rampur.

Shri B.K. Sharma looks at the construction plan of Group Centre, Kathgodam with Shri Ramesh Chandra, DIG

Earlier Shri Sharma visited GC CRPF Kathgodam on 11th March, 2011. During his visit, the IGP took round of camp area, stores and on-going works at the new site of GC. He took deep interest in the progress of various works under progress on the site and was satisfied with the pace of construction.

North East Zone QAT Competition held at Group Centre, Silchar

The 'North East Zone Inter Range QAT Competition 2011' was held at Group Centre, Silchar on 24th & 25th March.

There were eight teams representing their respective range viz.:-

1. Bongaigaon Range
2. Guwahati Range
3. Dibrugarh Range
4. Khatkhati Range
5. Silchar Range
6. Kohima Range

7. Imphal Range
8. Agartala Range

Each team consisted of one Gazetted Officer, one Subordinate Officer, three Head Constables and ten Constables with two Reserves. Following are the nuances of the competition.

Events: BOAC; There were 20 obstacles. Time taken by the last troop determines the overall time. Deductions were made for skipping obstacles depending on difficulties.

Firing: Snap Shooting; five rounds each by seven firers within 15 seconds. Teams are disqualified if the rounds are not shot during stipulated time.

Fire & Move: Five rounds each by eight firers from a distance of 200m, 100m & 50m. Penalty was imposed for non completion during stipulated time.

Raid: Marks were given on the basis of

- Briefing
- Movement
- Execution.

Endurance: Teams are to run a distance of 12 kms with 10 kg back pack and personal weapon. Time taken by the last troop determines the overall time taken.

Ultra Fit: There were three events in this category

- Over hand grip pull up 15 times
- Sit up 60 times
- Running 100 meters with 10 kgs on each hand.

Result: After two days of the multiple events competition, the results were declared in which Khatkhati range topped the events whereas Bongaigaon and Agartala ranges secured second and third position respectively.

The Winning Team of Khatkhati Range

Holi Celebrated in 21 Bn.

Holi is a festival of colours which generally falls on a full moon in March. It is a festival of love and unity. It celebrates the triumph of good over evil. This festival is celebrated with lot of pomp and with vibrant colours, all over India. These colours are actually colours of you, colour of love that fill our life with happiness to the core of our hearts. It adorns each life with its various hues. This festival is a time to rejuvenate and a festival of gaiety. The significance of Holi festival has crossed many pages in history to arrive here, as a time to celebrate renewal. As every festival has its own tradition in the backdrop, but what really matters is the spirit of festivity. Colour speaks louder than words at times. Holi goes beyond the custom of smearing colours on each other. It crosses the realm of traditional custom to reach new dimension of the renewal and spirit. It’s a time to create new bonds, reach out to others and forget the past worries. Every year

the occasion is embraced with growing enthusiasm that bridges over colourful childhood memories to reach as a festival to celebrate.

Unit personnel in a joyous mood

Officers and men of 21 Bn. playing Holi with each other

Families of 21 Bn. personnel playing Holi

This year Holi was very memorable as whole of 21 Bn as family has celebrated together and given new dimension to this festival. A cultural programme was organized in which all the officers and Jawans participated. CO/161 Bn also participated in the celebration and everyone enjoyed to the hilt. This festival is the only festival which whisked away all the evils in our hearts along with the colours and allow the colour of love to stay there forever. It is the spirit of unity, friendship and a will to forget the past and let the present take over our lives. This is the true spirit of HOLI.

CIVIC ACTION PROGRAMME

Career Counselling Camp Organised

Shri Aniruddh Uppal, Special DG, J&KZone addressing the gathering

A career counselling camp for the educated unemployed youth was organised by 25 Bn. at the Institute of Management, Public Administration and Rural Development, M.A. Road, Srinagar, in co-ordination with career options and guidance forum which was attended by over 300 young boys and girls.

Shri Aniruddh Uppal, IPS, Special Director General, CRPF, J&K Zone, Srinagar was the Chief Guest and Shri P.K. Singh, DIG, CRPF, Srinagar (South) was Special Guest.

Following experts from various fields addressed the gathering and enlightened the youth about various opportunities available in government and private sectors:

1. Prof. S.N. Alam, Dean, Faculty of Rural Development, IMPA;
2. Dr. Mahmooda Shafi, Ex-Principal, Womens College, Srinagar;
3. Dr. Niloufer Javed, MD, Classic Institute of Health Sciences, Srinagar;
4. Mr. Yasir Ahmed Mir, Faculty of Craft Development Institute
5. Mr. Fayaz Ahmed Palla, Chairman, VIINZ, Air Hostesses' Training College

These experts stressed upon the youth to get aware of the opportunities available to them and utilize various schemes of the government, in designing their career.

The students showed great enthusiasm and participated in the interactive session. The Special DG, CRPF urged the students to look beyond the conventional fields and courses and explore the ocean of opportunities which are available to today's younger generation which were not available to his generation.

Shri M.AM. Rizwan, Comdt. 25 Bn. giving vote of thanks

Students attending the Career Counselling Camp

Prof. S.N. Alam, in his own interesting way enthralled the audience and held their attention throughout the programme.

Shri Abbas Reshi, Chief Co-ordinator, Career Options and Guidance Forum expressed the desire to conduct such programmes at regular intervals

which help build police public relations and in particular give shape to the future of young Kashmir.

Shri M.A.M. Rizwan, Commandant 25 Battalion thanked the Chief Guest, experts, organisers, media personnel and the student participants for making this programme a grand success.

सिविक एक्शन प्रोग्राम

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल : नए आयाम की ओर

यूं तो स्थापना के समय से ही केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने बहुआयामी दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया है परंतु भौतिक एवं बौद्धिक विकास के इस दौर में आज इस बल के दायित्वों में भी कुछ बदलाव आ रहे हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए *74* बटालियन के अधिकारी

जब वर्ष 1939 में इस बल का गठन हुआ था तो यह एक आरक्षित सशस्त्र बल की भूमिका निभा रही थी, परंतु आज यह बल आंतरिक सुरक्षा के अतिरिक्त अन्य कई महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं। आज यह अपने कर्तव्यों का कुशलतापूर्वक पूर्ण करने तथा आम जनता से जुड़कर समाज को यह संदेश दे रही है

कि हम जनता की सेवा में सदैव तत्पर हैं। अपनी इसी सेवा भावना को सर्वोच्च शिखर पर ले जाने हेतु यह बल विभिन्न प्रकार के लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन कर आम जनता के बीच जाकर उनकी संवेदनाओं तथा अपेक्षाओं को जानने का प्रयत्न कर रही है।

अपने इसी प्रयत्न के तहत 74वीं वाहिनी के सराहनीय प्रयासों से स्थानीय संस्थान 'इम्पैक्ट ट्यूटोरियल' के साथ मिलकर जम्मू एवं कश्मीर राज्य के किश्तवाड़ जिले में एक जीविका सलाह (Career Counselling Programme) कार्यक्रम "दिशा" का आयोजन किया। खराब मौसम व बर्फबारी के बावजूद इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया तथा कैरीयर के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित अपनी शंकाओं का निवारण किया। इस कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं को शिक्षा का महत्व तथा कैरियर के निर्माण के विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए 74 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी श्री वी.वी.एन. प्रसन्ना कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम दूर–दराज के इलाकों में भी आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के द्वारा छात्रों की विभिन्न समस्याओं को सनकर उनका समाधान भी बताया गया तथा उन्हें अनुकूल प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी भी दी गई।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय प्रशासन ने भी सराहनीय योगदान दिया। जिलाधिकारी श्री जी.आर. भगत, पुलिस अधीक्षक श्री भीमसेन टूटी, अधिवक्ता शेख नासिर, चिकित्सक डा. विकार काजी व मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी श्री अजीत कुमार ने अपने–अपने लम्बे अनुभवों व जीवन के संघर्षों से उपस्थित छात्र–छात्राओं को अवगत कराया तथा उन्हें अपने मनोबल को सदैव ऊँचा रखने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम के अंत में उप कमाण्डेन्टद्वय श्री विजय प्रताप व मो. इमरान खान तथा सहायक कमाण्डेन्टद्वय श्री मुकेश कुमार व श्री सुरेन्द्र सिंह ने उपस्थित स्थानीय लोगों से बात कर उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास किया तथा यथासंभव उनकी मदद का आश्वासन दिया।

प्रश्न पूछते हुए कार्यक्रम का एक प्रतिभागी

इस प्रकार के कार्यक्रम से जनता का विश्वास तथा स्थानीय प्रशासन के साथ बेहतर तालमेल स्थापित होता है तथा विभिन्न प्रकार के आपसी मतभेदों या गलतफहमी को दूर किया जा सकता है। इस प्रकार के आयोजनों से हम जनता को जोड़कर रखते हैं।

127 बटालियन द्वारा आदिवासियों व कन्याओं के लिए मुफ़्त टेलरिंग एवं कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

30 मार्च को अडवा, जिला गजपति में जी/127 बटालियन के कैम्प पास अस्पताल के प्रांगण में जनता में विश्वास व सुरक्षा एवं सौहार्द्र की भावना को बढ़ावा देने के लिए सिविक एक्शन प्रोग्राम के समापन कार्यक्रम का आयोजन 127 बटालियन द्वारा किया गया।

इस अवसर पर श्री ओम प्रकाश, द्वितीय कमान अधिकारी श्री राजेश कुमार, उप कमां., 127 बटालियन द्वारा अडवा क्षेत्र के आस–पास के इलाके की कन्याओं को मुफ्त सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन के दौरान सभी प्रशिक्षत कन्याओं को प्रमाण पत्र वितरित किए, जिसमें ज़रूरतमन्दों को एक लाख रुपए का सामान भी वितरित किया गया। इसमें विभिन्न गांवों के लिए विभिन्न स्कुलों को वॉलीबाल, वेटलिफटिंग, फुटबॉल, जैवलिन, डिसकस, शॉटपुट, बैडमिन्टन इत्यादि सामान का

वितरण किया गया तथा प्रतिभावान बच्चों को टी–शर्ट, कैप व अन्य सामानों से पुरस्कृत किया गया। उक्त कार्यक्रम में मेडिकल कैम्प का भी आयोजन किया गया तथा मुफ्त चिकित्सा चेकअप करके ज़रूरत के अनुसार मुफ्त दवाईयाँ भी दी गई।

खेल के वितरित सामानों के साथ स्कूली छात्र छात्राएं

इस अवसर पर गाँव के गणमान्य व्यक्ति, सरपंच इत्यादि उपस्थित थे तथा सभी ने सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत आयोजित किए गए कार्यक्रमों की सराहना की और यह भरोसा दिलाया गया कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल तथा देश के हित के लिए सदैव आप के साथ रहेगें। उन्होने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस द्वारा समय–समय पर किए गए कार्यों की भी प्रशंसा की एवं इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाने का आग्रह किया।

आदिवासी युवक युवतियों को सम्बोधित करता बल का अधिकारी

इस अवसर पर श्री ओम प्रकाश, द्वितीय कमान अधिकारी, 127 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने गाँव के सभी नौजवानों से अपील की, कि वे अपने आप को शिक्षित करके, जीवन में सफलता प्राप्त करें तथा अपने इलाके में शान्ति, सौहार्द्र

व विकास को बढावा दें। उन्होंने उम्मीद की नौजवान खेल–कूद में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इलाके का नाम रोशन करें। भविष्य में भी इस तरह के आयोजन समय–समय पर आयोजित करवाए जाएगें। 31 मार्च को मोहना, जिला गजापति ई/127 के.रि.पु.बल के कैम्प पास जनता में विश्वास व सुरक्षा एवं सौहार्द्र की भावना को बढावा देने के लिए सिविक एक्शन प्रोग्राम के समापन कार्यक्रम का आयोजन 127 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस द्वारा किया गया।

इस अवसर पर श्री ओम प्रकाश, द्वितीय कमान अधिकारी श्री राजेश कुमार, उप कमां., 127 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा मोहना क्षेत्र के आस–पास के इलाके के 30 आदिवासी छात्र–छात्राओं को मुफ्त कम्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन के दौरान सभी प्रशिक्षित 30 छात्र–छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। यह कार्यक्रम 127 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पलिस द्वारा 31 जनवरी 2011 को आयोजित सिविक ऐक्शन प्रोग्राम का एक भाग था।

कृषि व रोजगार जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

श्रीनगर के अति संवेदनशील इलाके “डाउन टाउन” में तैनात 161 बटा. के द्वारा कोर साइकोलोजिकल वार ग्रुप के अर्न्तगत स्थानीय प्रत्येक वर्ग के लोगों के लिए कृषि एवं रोजगार जागरूकता कार्यक्रम 17 मार्च 2011 के संगम गाँव में आयोजित किया गया। संगम क्षेत्र के पाँचों गाँवों के ग्राम प्रमुख एवं वरिष्ठ नागरिकों सहित लगभग 700–800 महिलाओं, पुरूषों एवं नौजवान बच्चों ने भाग लेकर सफल बनाया। इतने बड़े पैमाने पर कार्यक्रम का आयोजन इस संवेदनशील इलाके में अपने आप में एक मिसाल है। इस कार्यक्रम में श्री शाम चन्द, डी.आई.जी., सी.आर.पी.एफ., श्रीनगर (नार्थ) मुख्य अतिथि थे। रेंज एवं डाउन टाउन के समस्त सी.आर.पी.एफ कमाण्डेन्ट के साथ एस.पी. पुलिस और उनके अधीन अधिकारियों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न व्याख्याताओं द्वारा किसानों, नवयुवकों, बेरोजगारों आदि को सम्पूर्ण जानकारियां दी गई, जिसमें पालपोरा, संगम, टंकनवारी, भगवानपोरा के बेरोजगार युवा एवं उनके घरवालों ने बहुत ही उत्सुकता एवं उत्साह से भाग लिया। स्व–रोजगार, उपलब्धता एवं भौगोलिकता के आधार पर छोटे–छोटे उद्योग जैसे मधुमक्खी पालन/मशरूम पालन/ भेड़ पालन एवं मछली पालन आदि के बारे में जानकारी दी तथा कैसे उपरोक्त कार्य को आरम्भ किया जाए इस बारे में भी विस्तृत रूप से बताया। इसके सम्बन्ध में एक स्टॉल भी सम्बन्धित समूह द्वारा लगाया गया जिसको सभी बेरोजगार/उनके परिवार वालों/गाँव वालों महिलाओं आदि को प्रैक्टिकल रूप में दिखाया गया जिसे सभी ने बहुत ही ध्यान से देखा, सुना एवं जानकारी प्राप्त किया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थिति जनसमूह का दृश्य

श्रीमती नाजीरा खान *(*महिला सशक्तिकरण विभाग*)* को उपहार देते हुए श्री अशोक साम्याल, कमाण्डेन्ट *161* बटालियन

Agriculture & Employment Awakening Programme से 161 वाहिनी को तैनाती स्थल के आसपास के गाँवों एवं उनके बेरोजगार युवाओं से सीधे सम्पर्क स्थापित करने का मौका मिला जिससे उनके रहन–सहन आम जानकारी तथा आसूचना से सम्बन्धित जानकारियां भी प्राप्त हुई। उपरोक्त कार्यक्रम को सफल रूप देने हेतू विभिन्न क्षेत्रों के लगभग पन्द्रह अनुभवी व्याख्याताओं को सभी साजो–समान, पैम्पलेट, बैनर आदि के साथ बुलाया गया था जिसका प्रयोग उपरोक्त कार्यक्रम के

दौरान किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में बेरोजगार युवाओं के घरवालों, मुख्यतः महिलाओं के द्वारा भी बढ़–चढ़ कर भाग लिया तथा भविष्य में भी ऐसे कार्य करते रहने का अनुरोध सभी के द्वारा किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में 161 बटा. के द्वारा किसानों को हाईब्रिड बीज का वितरण, स्कूल के बच्चों को कापी किताबों का वितरण, बेरोजगारों को पैड पेन का वितरण, तथा संगम गांव एवं स्कूल की टीमों को क्रिकेट किट, फुटबाल एवं फुटबाल नेट का वितरण किया गया। इसके अलावा संगम गांव के नम्बरदार को एक डी.टी.एच. सेवा प्रदान की गयी तथा सभी आगंतुको को दोपहर का भोजन करवाया गया। 161 बटा. की तरफ से मेडिकल कैम्प एवं पैरा मिलिट्री में भर्ती प्रक्रिया सम्बन्धित स्टॉल भी लगाया गया। उपरोक्त कार्यक्रम को मीडिया द्वारा लोकल टी.वी. चैनल एवं अखबारों में दिखाया एवं प्रकाशित भी किया गया।

CIVIC ACTION PROGRAMME

Humanitarian Offerings by 69 Bn.

In its effort towards improvement of Police-Public Relations, 69 Bn, under supervision of Commandant Shri U.B. Mishra, organized a programme of donation of water purifier, nutrition food items and personal sanitary articles amongst children/staff of Mother Teressa Orphanage Home, Mantripukhri, during the inspection of IGP (Manipur & Nagaland Sector) Shri R.C. Tayal on 8th March.

Among the orphans six boys and same number of girls were below the age of 4 years.

Shri R.C. Tayal, IG assured to provide Solar lights for the use of the orphanage centre as requested by the Sister-in-Charge of the centre, citing absence of power connection in the Home.

The IG proposed that 69 Bn adopts the destitute children's home, which was agreed upon by the Commandant. The latter recounted that similar welfare initiatives were undertaken on earlier occasions for Mother Teressa Home, Imphal, Childrens Home (Leiingkhol) and Stepping Stone Home (National Games Village, Langol) as some of the destitute centres that had been provided assistance by the unit.

IG M&NSector Shri R.C. Tayal and CO 69 Bn Shri U.B. Mishra in the orphanage camp organized by 69 Bn.

स्वास्थ्य सुधार कैम्प आयोजित

ग्रुप केन्द्र पिंजौर में काफी संख्या में कार्मिक, महिलाएँ, बच्चे एवं बुजुर्ग विभिन्न पुरानी बीमारियों से पीड़ित हैं, जैसे विकलांगता, बैक पेन इत्यादि।

उपरोक्त सभी मरीजों को फिजियोथैरेपी के द्वारा उपचार के लिए कैम्प से समय–2 पर बाहर जाना पड़ता है। चूंकि ग्रुप केन्द्र अस्पताल में आधुनिक उपकरण न होने के कारण उनको यह सुविधा नहीं मिल पाती है, अतः इस प्रक्रिया के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अत्यधिक राशि का भुगतान करना पड़ता है साथ ही उनको हमेशा लाने ले जाने में वाहन इत्यादि की सुविधा न होने के कारण परेशानी रहती है।

कार्मिकों के अनुरोध पर स्वयंसेवी संस्था के साथ सम्पर्क कर ग्रुप केन्द्र अस्पताल में कैम्प का आयोजन किया गया जिससे खास कर महिलाएँ, बच्चों एवं वृद्ध सबसे

ज्यादा लाभांवेत हुए।

स्वास्थ्य सुधार कैम्प में मरीजों का निरीक्षण करते हुए डाक्टर

ग्रुप केन्द्र रामपुर ने जीती क्षेत्रीय राजभाषा शील्ड

राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन के क्षेत्र में ग्रुप केन्द्र, के.रि.पु.बल, रामपुर ने लगातार दूसरी बार अपनी कार्यकुशलता का परिचय दिया हैं। वर्ष 2009–10 के लिए क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (उत्तर), राजभाषा विभाग गाजियाबाद ने ग्रुप केन्द्र, के.रि.पु.बल, रामपुर को 'क' क्षेत्र में द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया हैं। इस सम्मान में 17 मार्च 2011 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला में आयोजित क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश की महामहिम राज्यपाल सुश्री उर्मिला सिंह ने अपने कर–कमलों से श्री एस.पी. पोखरियाल, पुलिस उपमहानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र–रामपुर को राजभाषा शील्ड एव केन्द्र में तैनात निरीक्षक (हिंदी अनुवादक) जितेन्द्र सिंह को प्रमाण–पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर सुश्री वीणा उपाध्याय, सचिव–राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय एवं श्री एस.के. गुप्ता, कुलपति, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय भी मंच पर उपस्थित थे। वर्ष 2008–09 में भी राजभाषा कार्यान्वयन में उत्कृष्ट कार्यों के लिए ग्रुप केन्द्र, के.रि.पु.बल, रामपुर को 'क' क्षेत्र में तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में ग्रुप केन्द्र, के.रि.पु.बल., रामपुर की लगातार दूसरी उपलब्धि यहाँ तैनात कार्यालय अध्यक्ष, अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों और निरीक्षक (हिंदी अनुवादक) की राजभाषा हिंदी के प्रति निष्ठा का

द्योतक हैं।

शिमला में हिमाचल प्रदेश की राज्यपाल सुश्री उर्मिला सिंह से राजभाषा शील्ड ग्रहण करते हुए ग्रुप केन्द्र, के.रि.पु.बल, रामपुर के श्री एस.पी. पोखरियाल, पु.उ.म.नि. एवं निरीक्षण/हिंदी अनुवादक जितेन्द्र सिंह

ACROSS THE SEAS

Liberian President Pays Visit to Indian FPU Camp

It was a moment of honor and pleasure to have Her Excellency Ellen Jhonson Sirleaf, the President of Liberia, in Zwedru.

Though her visit was brief and short in Zwedru but still fruitful for the people of Zwedru and all UNMIL staff. Indian FPU 2 was assigned to escort her carcade. Two teams, one led by deputy commandant Vinod Rawat and other led by Inspector Benjamin Sundi in two vehicles, performed the duty. One of the teams was detailed as the advance security party, which went in advance to the places where President was supposed to visit and tactically sanitized the area whereas the other team followed the convoy. The duty

was performed in highly professional manner and the job was completed with true spirit and appreciation.

The President in discussion with Shri M.J. Vijay, Contingent Commander, FPU-2

Madam president was kind enough to honour the Indian contingent in accepting the hospitality offered by Indian FPU 2 in its camp, where she visited and talked with the contingent officers and praised their good work being done in keeping the peace in Liberia. She also boosted the moral of all officers by her good wishes. She was presented Memento by the Contingent Commander, FPU-2. She and the other dignitaries accompanying her had lunch at this contingent.

Shri M.J. Vijay, Contingent Commander, FPU-2 presenting Memento to H.E. Ellen Jhonson Sirleaf, President of Liberia

President Madam visited Unity Party HQ, Public Works Compound, LRRRC compound, Mid Wifery Compound in Zwedru and then visited Indian FPU2 camp to have breif interaction with all officers. Then she moved to SOLO town, ZIA town, ZLEH town, and TOE town. Both the teams of Indian FPU 2 escorted the carcade up to TOE town and BANBATT took over the charge of convoy after the CESCO river which is the border of GRAND GEDEH county and NIMBA county.

Group photo of Indian FPU with the President of Liberia

कावा गतिविधियां

Chocolate Day at SDG Camp

Celebrating the Chocolate Day : Smt. Meena Vijay Kumar, CWWA President preparing chocolate

Smt. Meena Vijay Kumar demonstrating preparation of chocolate products to CWWA members

ग्रुप केन्द्र पुणे में मिड–डे–मील आयोजित

ग्रुप केन्द्र, पुणे में मिड–डे–मील का आयोजन किया गया, इस अवसर पर मॉन्टेसरी स्कूल के सभी बच्चों को खाना खिलाया गया। कावा अध्यक्ष तथा कावा के सभी सदस्यों द्वारा बच्चों के मध्य खाना परोसा गया। सभी बच्चों ने इस आयोजन को पसन्द किया व अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।

मॉन्टेसरी स्कूल के बच्चों को खाना परोसती ग्रुप केन्द्र पुणे की कावा सदस्याएं

कावा गतिविधियां

रीजनल कावा सिन्दरी की गतिविधियां

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस

8 मार्च 2011 को ग्रुप केन्द्र सिन्दरी, धनबाद के परिवार कल्याण केन्द्र परिसर में महिला कल्याण संस्था रीजनल कावा के तत्वावधान में 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रीजनल कावा अध्यक्षा श्रीमती रीता मिश्रा द्वारा

महिलाओं को सम्बोधित करते हुए अवगत कराया गया कि आज के दौर में महिलाएं अपनी बालिकाओं की उच्च शिक्षा पर अधिक ध्यान दें ताकि आने वाले समय में देश एवं समाज में महिलाएं पुरूषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलें एवं समाज में अपना वास्तविक स्थान सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने कानून में दिए गए कुछ प्रावधानों को भी जानकारी दी जैसे कि समानता का अधिकार, शिक्षा का अधिकार इत्यादि। उन्होंने कहा कि विवाह के बाद दहेज के कारण होने वाली वधुओं की हत्याओं को रोकने के लिए दहेज रोकथाम संबंधी कानूनी प्रावधान भी हैं जिनके सम्बन्ध में सभी को जागरूक रहना चाहिए क्योंकि राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं की स्थिति आज भी बेहतर नहीं हुई है। दहेज हत्या, भ्रूण हत्या, डायन प्रथा और अवैध व्यापार आज भी स्थिति की गंभीरता को दर्शा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके विरूद्ध कड़े कदम उठायें जाने चाहिए एवं असमानता को समाप्त करने के लिए पूरा प्रयत्न करके महिलाओं की नयी सशक्त पीढ़ी का निर्माण के लिए हर संभव कोशिश करनी चाहिए।



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह

कार्यक्रम के समापन के अवसर पर अपने भाषण में श्रीमती रीता मिश्रा ने उपस्थित महिलाओं को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम के समापन की विधिवत् घोषणा की।

महिलाओं हेतु व्यवसायिक प्रशिक्षण कोर्स

इसी क्रम में ग्रुप केन्द्र के परिवार कल्याण केन्द्र मनोहर टाँड में सिलाई के अलावा महिलाओं के कल्याण हेतु ग्लास पेंटिंग कोर्स चलाया गया। यह कोर्स रीजनल कावा अध्यक्षा श्रीमती रीता मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण

कार्यक्रम में सिन्दरी के कुशल एवं मेहनती प्रशिक्षिका श्रीमती आशा सिंह के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें ग्रुप केन्द्र सिन्दरी के कुल 40 महिलाओं ने भाग लिया।

ग्लास पेंटिंग का सुन्दर नमूना पेश करती महिला कावा सदस्या

इसके अलावा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 3 से 8 मार्च 2011 तक महिलाओं के कल्याण हेतु पैचवर्क मेकिंग कोर्स चलाया गया। इस कोर्स में ग्रुप केन्द्र की कुल 39 महिलाओं ने भाग लिया।

कोर्स के समापन समारोह के अवसर पर अपने भाषण में श्रीमती रीता मिश्रा ने उपस्थित सभी महिलाओं का कोर्स को सुचारू रूप से सम्पन्न करने में उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

NEWS YOU CAN USE

List of Hospitals offering “Cashless Treatment” to CRPF Personnel and their Families

A Memorandum of Agreement (MoA) was signed with 66 CGHS/State

Government recognized hospitals for specialized treatment on cashless basis for the benefit of CRPF men and their family members. The list is given below:-

Name of Sector & Location	Name of Authorized Hospital
Southern Sector Hyderabad	1. Image Hospital, Apollo 2. DRDO Hospital, Kanchabagh 3. Indo American Cancer Institute and Research Centre 4. Kamineni Hospital 5. Yashoda Super Specialist Hospital 6. Datt Chandra Hospital 7. Aditya Hospital 8. Star Hospital 9. Medicity Hospital 10. Global Hospitals 11. Care Hospital 12. Pushpagiri Vitreo Retina Institute, 241, West Marredpally, Secunderabad.
Northern Sector Ajmer/Noida	1. Mittal Hospital Ajmer 2. Prakash Hospital, Noida 3. Metro Heart Institute.
Western Sector Pune	1. N.M. Wadia Institute of Cardiology 2. Deendayal Memorial Hospital Shivajinagar, Pune 3. Dhanashree Hospital Chinchwad, Pune
Nagpur	1. M/s Spandan Heart Institute and Research Centre 2. M/s Care Hospital Nagpur 3. Midas Institute of Gastro Enterology, Nagpur 4. Wockhardt Hospital, Nagpur
Eastern Sector Kolkatta	1. B.M. Birla Heart Research Centre 2. Behala Balanand Brahamchari Hospital and Research Centre 3. Shankarnath Dialysis Centre and Nursing Home. 4. Susrut Eye Foundation & Research Centre.

	5. Rabindranath Tagore International Institute of Cardia Sciences.
Bhubaneswar	1. Kalinga Hospital Ltd, Bhubaneswar 2. Aditya Care Hospital Bhuabneswar. 3. HI-Tech Medical College & Hospital, Bhubaneswar
North West Sector Chandigarh	1. Mukut Hospital & Heart Institute SCO No. 47-49, Sec 34-A Chandigarh 2. Sacred Heart Hospital and BBC Heart Care Peuthi Hospital Jallandhar.
Central Sector Allahabad	1. Vineeta Hospital Phaphamau, Allahabad 2. Heartline Cardiac Care Centre, Allahabad 3. Vatsalya Maternity & Surgical Centre, Allahabad. 4. Jeevan Jyoti Hospital, Allahabad. 5. Sarswati Heart Care & Reserch Centre, Allahabad. 6. Dr. N.D. Tahiliani Mamorial Clinic, Allahabad. 7. Yashlok Hospital & Research Centre, Allahabad. 8. Guru Kripa Jagriti Hospital & Research Centre, Allahabad.
Lucknow	1. Vivekananda Polyclinic, Vivekanand Puram, Lucknow 2. Ajanta Hospital & IVF Centre, Alambagh, Lucknow.
Haldwani	1. Sushila Tiwari Medical College, Haldwani 2. Brij Lal Hospital, Haldwani 3. Krishna Hospital, Haldwani.
Special Sector Bhopal	1. Carrier Institute of Medical Science, Bhopal 2. Mayo Hospital Bhopal
Raipur	1. Modern Medical Institute, Raipur 2. Apollo BSR Hospital
M&N Sector Imphal	1. Shija Hospital
Bihar Sector	1. Magadh Hospital, Rajendra Nagar, Patna 2. Ruban Emergency Hospital, Patna 3. Rajeshwar Hospital, Patna 4. Heart Hospital, Kankarbagh, Patna

IG/ Director (Medical) Delhi	1. National Heart Insitute, 49, Community Centre, East of Nagar, New Delhi. 2. Prakash Hospital 3. G.M. Modi Hospital 4. Metro Hospital and Heart Institute 5. Fortis Group Escort Heart Institute 6. Metro Heart Institute, Noida. 7. Delhi Heart and Lung Institute 8. Metro Heart Institute, Faridabad 9. Max Devki Devi Hear & Vascular Institute. 10. Metro Hospital and Cancer Institute, Preet Vihar, 11. Primus Ortho and Spine Hospital 12. Lions Kidney Hospital and Urology Institute 13. Moolchand Hospital, Lajpat Nagar, New Delhi 14. S.M.H., Karkardooma, Vikas Minar, New Delhi
Training Sector Combatore	1. K.G. Hospital, Art College Road

Note :- Apart from above Sector IsG (Medical) and DIsG (Medical) are contacting hospital authorities at their own for signing Memorandums of Agreement for their respective locations.

Apart from this First Aid Courses were stated in all 21 Composite Hospitals of CRPF to train 50 executive men at each hospital for a period of one month. By the end of this calendar year 10,500 personnel will be trained in First Aid and each section will have to personnel trained in First Aid. Services of these personnel can be utilized in case of emergency. Moreover for better health care delivery system at unit level, all units were authorized with latest medical equipments worth Rs. one crore per Bn. as approved by MHA vide their letter No. IV/12017/01 -2010 -Prov-1 dated 9/2/2011 to be procured in 2 phases such as portable X- Ray machine, ECG, Pulse Oxymeter, Oxygen Concentrator, etc.

Shri K. Vijay Kumar, DG CRPF Presenting Memento to US Delegates

Shri K. Vijay Kumar, DG CRPF Presenting Memento to Israeli Delegates

Foundation stone of Group Centre, Amethi laid by Shri Rahul Gandhi, MP, Amethi

सीआरपीएफ समाचार

वर्ष 59 अंक 6

जुलाई-अगस्त 2011

राजभाषा विशेषांक

केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री श्री जितेन्द्र सिंह राजपत्रित अधिकारियों के 42वें दीक्षांत समारोह अवसर पर सर्वोत्कृष्ट प्रशिक्षु को स्वॉर्ड ऑफ ऑनर प्रदान करते हुए

श्री जी.के. पिल्लई, केन्द्रीय गृह सचिव की विदाई के अवसर पर स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए श्री एन. संधु, निदेशक, आई.बी. एवं श्री के. विजय कुमार, महानिदेशक

नए गृह सचिव श्री आर.के. सिंह का महानिदेशालय में स्वागत करते हुए बल महानिदेशक श्री के. विजयकुमार

चीफ पेट्रनः श्री के. विजय कुमार, महानिदेशक

संपादकीय सलाहकार मण्डल

अध्यक्षः जे.सी. डबास, अपर महानिदेशक (मुख्यालय), **सदस्यः** आर.के. विश्वकर्मा, महानिरीक्षक (कार्मिक), जी.डी. पेवाल, महानिरीक्षक (संभरण), एस.आर. पंथी, उपमहानिरीक्षक (प्रशासन), आर.एन. मिश्रा, उपमहानिरीक्षक (कार्मिक), पी.के. शर्मा, उपमहानिरीक्षक (परिचालन), प्रवीण कुमार, उपमहानिरीक्षक (प्रशिक्षण), रोज़ी अग्रवाल, उप वित्तीय सलाहकार

सीआरपीएफ समाचार मासिक पत्रिका है जिसमें प्रकाशित किये जाने वाले विचार लेखकों के व्यक्तिगत विचार हैं। विभाग की नीति से इसका कोई संबंध नहीं है।

- मुख्य संपादक

मुख्य संपादकः भुवन चन्द्र खंडूरी, **संपादकः** पंकज गुप्ता, **चित्रः** जनसंपर्क फोटो सेल, महानिदेशालय और सीआरपीएफ यूनिट्स

संपादकीय कार्यालयः महानिदेशालय, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, ब्लॉक-1, केन्द्रीय कार्यालय परिसर, लोधी रोड, नई दिल्ली -110003, दूरभाषः 24360649

महानिदेशक सीआरपीएफ की ओर से मुद्रित और प्रकाशितः रैक्मो प्रेस प्रा. लि., सी-59, ओखला इण्डस्ट्रियल एरिया, फेज-1, नई दिल्ली-110020 दूरभाषः 26814886

कवर फोटो कैप्शन

केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री श्री जितेन्द्र सिंह राजपत्रित अधिकारियों के 42वें दीक्षांत समारोह अवसर पर सर्वोत्कृष्ट प्रशिक्षु को स्वॉर्ड ऑफ ऑनर प्रदान करते हुए

इस अंक में

1. गृहमंत्री का राजभाषा संदेश
2. महानिदेशक का राजभाषा संदेश
3. हिंदी-हिंदुस्तान के दिलों को जोड़ने वाली भाषा है
4. हिंदी भाषा में अंग्रेजी शब्दों का प्रयोग
5. हिंदी का विकास और वैश्वीकरण: एक नजर में
6. तनाव प्रबंधन
7. योग : एक परिचय
8. साइकलोथॉन के दौरान मेरा अनुभव
9. आर्थिक उन्नति व शिक्षा ने बदली देश की तस्वीर
10. भाषा का स्वभाव
11. हिंदी की संवैधानिक स्थिति
12. अनामदास का पोथा
13. शहादतें अमर होती हैं।
14. राजभाषा हिंदी
15. राजभाषा हिंदी के संबंध में कुछ रोचक तथ्य
16. खुशियाँ
17. नक्सलवादः राष्ट्र की आंतरिक शांति सुरक्षा एवं विकास में बाधक
18. वादियों का कस्बा अरुणाचल प्रदेश
19. रिपोर्ट
20. खबरें महानिदेशालय से

21. ावोवेध

22. 213 महिला बटालियन का दीक्षांत समारोह

23. झलकियां

24. 106 आर.ए.एफ. बटालियन ने जमशेदपुर में वायरल के खिला खोला मोर्चा

25. खबरों में

गृहमंत्री का राजभाषा संदेश

हिंदी दिवस के पावन अवसर पर आप सब को मेरी हार्दिक मंगलकामनाएं।

हिंदी दिवस के अवसर पर 14 सितम्बर, 1949 के उस स्मरणीय और ऐतिहासिक दिन की याद आना स्वाभाविक है, जब देश में विशाल जनसमूह में हिंदी भाषा के प्रयोग एवं इस भाषा की सम्पन्नता को देखते हुए, हमारे संविधान– निर्माताओं ने हिंदी को संघ ही राजभाषा बनाने का निर्णय लिया था। फलस्वरूप राजभाषा नीति के जिस स्वरूप की संरचना हुई वह संघीय, लोकतांत्रिक, संतुलित, समावेशीय और भाषा-निरपेक्ष स्वरूप है जो संविधान में निहित मूलभूत सिद्धांतों के अनुरूप है। इस नीति ने देश की एकता और अखणडता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसने देश की सामाजिक संस्कृति का पोषण किया है।

अब निरंतर रूप से यह धारणा दृढ़ हो रही है कि एक से अधिक भाषाओं में अपनी बात कह सकने की क्षमता आज के समय की मांग है। आज के प्रबल प्रतिस्पर्द्धा के युग में व्यक्तित्व–विकास, व्यावसायिक गतिशीलता और भाषायी सह-अस्तित्व के लिए यह आवश्यक है कि हमें हिंदी का भी उतना ही अच्छा ज्ञान हो जितना कि प्रान्तीय और अंतर्राष्ट्रीय भाषाओं का। सहज, सरल और बोलचाल की हिंदी ही समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों में लोकप्रिय होगी, और सतत व स्थायी रूप से और अधिक विशाल क्षेत्र में प्रयोग में लायी जाएगी।

आज के समय में हिंदी भाषा और सूचना प्रौद्योगिकी में निकट और सहजीवी संबंध विकसित होने की आवश्यकता है ताकि हमारे देश के नागरिक विभिन्न क्षेत्रों में ज्ञान के विपुल भण्डार का लाभ उठा सकें। मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि राजभाषा विभाग ने हिंदी भाषा और सूचना प्रौद्योगिकी के बीच सहयोगपूर्ण संबंधों के महत्व को

पहचाना है। तदनुसार इस विभाग ने विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संगठनों से हिंदीभाषी जनता के हित में द्विभाषीय 'साफ्टवेयर एप्लीकेशन्ज' के विकास का अनुरोध किया है और इस विषय का निरंतर अनुसरण कर रहा है।

केन्द्र सरकार ने हिंदी के प्रसार के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इनमें जो उपलब्धियां विशेषकर उल्लेखनीय हैं, वे हैं- नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों (नराकास) की तेज़ गति से स्थापनाय हिंदी के प्रति और अधिक जागरूकता उत्पन्न करने के लिए इसके प्रसार-अभियान हेतु पर्याप्त संसाधनों का प्रावधानय केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान (सी.एच. टी.आई.) और केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो (सी.टी.बी.) में व्यवस्थापरक सुधारय तथा विभाग के वेबसाइट (जिसका पता www. rajbhasha.nic.in और www.rajbhasha.gov.in है) को अधिक सूचनापरक, सामयिक और नागरिक-उपयोगी बनाना। हिंदी का अधिक प्रभावी प्रयोग सुनिश्चित करने के लिए केन्द्रीय सरकार 12वीं पंचवर्षीय योजना (जो वर्ष 2012-13 से आरंभ हो रही है) में हिंदी के प्रसार हेतु सर्वपक्षीय रणनीति बनाए जाने की महत्ता से भलीभांति अवगत है।

राजभाषा अधिनियम, 1963 के तहत बने राजभाषा नियम 1976 के नियम 12 के अनुसार राजभाषा नीति से संबोधित प्रावधानों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करने की ज़िम्मेदारी केन्द्रीय सरकारी कार्यालयों के प्रशासनिक प्रमुखों की है। उनसे यह भी अपेक्षा है कि वे इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए उपयुक्त और प्रभावी जांच-बिन्दु बनाएं। मैं सभी प्रशासनिक प्रमुखों से आह्वान करता हूँ कि वे इस संबंध में अपनी ज़िम्मेदारियों का निर्वहन करें। हिंदी दिवस के अवसर पर मैं आपको इस दिशा में सफलता के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ।

जय हिंदी

हस्ता
(पी. चिदंबरम)

महानिदेशक का राजभाषा संदेश

भारत एक विशाल और बहुभाषा-भाषी देश है। यहां विभिन्न प्रांतों में अलग-अलग भाषाएं बोली जाती हैं। इसलिए विचारों के आदान प्रदान के लिए एक ऐसी भाषा की आवश्यकता महसूस की गई जिसे देश के अधिक से अधिक लोग बोल और समझ सकते हों। सदियों से हमारे देश के संतो, मनीषियों और महापुरूषों ने संपर्क भाषा के रूप में हिंदी को अपनाया। आजादी के आंदोलन के दौरान हिंदी विभिन्न भाषा– भाषी लोगों के बीच में सम्पर्क भाषा रही है। सर्वाधिक लोगों द्वारा बोली और समझी जाने वाली भाषा होने के कारण संविधान सभा में काफी विचार-विमर्श के बाद 14 सितम्बर 1949 को देवनागरी में लिखित हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया। इसी उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर "हिंदी दिवस" के रूप में मनाया जाता है।

किसी भी राष्ट्र की एकता, अखण्डता तथा विकास में भाषा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यदि राष्ट्र को सशक्त बनाना है तो यह आवश्यक है कि उस देश का राजकाज जनता की भाषा में हो। इसके लिए हिंदी एक सशक्त भाषा के रूप में उभरी है। राजभाषा हिंदी के प्रयोग व प्रसार हेतु निरंतर प्रयत्नशील रहना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। हमें हिंदी में सोचने, समझने और लिखने की आदत डालनी चाहिए। हम सभी का यह परम कर्तव्य है कि हम अपनी राजभाषा का अपने सरकारी कामकाज में अधिकाधिक प्रयोग करके इसके प्रचार-प्रसार में भरपूर योगदान दें।

भारत सरकार ने भी हिंदी की सहजता, सरलता और स्वीकार्यता को देखते हुए इसे राजभाषा घोषित करने के साथ-साथ सरकारी काम-काज में हिंदी के व्यापक प्रचार एवं प्रसार तथा अनुपालन हेतु अनेक नियम बनाए हैं। इसके लिए यह आवश्यक है कि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के वार्षिक कार्यक्रम में दिए गए लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भरसक कोशिश की जाए। सरकारी कामकाज में हिंदी का प्रयोग बढ़ाने के लिए हमें सार्थक प्रयास करने चाहिएं। मैं चाहूँगा कि हमारे सभी

अधिकारी हिंदी में कार्य करने की पहल करें और वे स्वयं अपना अधिक से अधिक कार्य हिंदी में निष्पादित करें। इससे अधीनस्थ कर्मचारी स्वतः प्रेरित होकर अपना अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करेंगे जिससे प्रत्येक स्तर पर हिंदी का प्रयोग निरंतर बढ़ सकेगा। राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी कार्य निष्पादन में सहायता हेतु विभिन्न सॉफ्टवेयर विकसित करवाए गए हैं जिससे वर्तमान में उपलब्ध कम्पयूटरों में द्विभाषी में काम करने की सुविधा हो गई है व हिंदी में कार्य करना और भी सरल एवं सुविधाजनक हो गया है।

हिंदी भारत की भाषा ही नहीं अपितु भारत की आत्मा है। हमारा लक्ष्य व प्रयास, दोनों राजभाषा हिंदी में सारा सरकारी कामकाज करने का है। इसके लिए आप सबके सहयोग से हमारे प्रयास सफल हो सकेंगे। आइए, हिंदी दिवस के अवसर पर आज हम सब यह संकल्प लें कि अपना अधिक से अधिक कार्य हिंदी में निपटाएंगे तथा राजभाषा के रूप में हिंदी का गौरव बढ़ाएंगे।

शुभकामनाओं सहित।

(के. विजय कुमार)
महानिदेशक, के.रि.पु.बल

लेख

हिन्दी-हिन्दुस्तान के दिलों को जोड़ने वाली भाषा है

के.के. पाण्डेय
द्वि.क. अधिकारी, 135(म) बटालियन

हिन्दी हिन्दुस्तान के लिए एक भाषा मात्र नहीं है बल्कि इसकी धड़कन है। हमारी संस्कृति का महत्वपूर्ण एवं अभिन्न अंग है। यह हमारी पहचान है तथा हिन्दुस्तान की जुबान है। यह अपनी माँ जैसी प्यारी एवं ममतामयी है। हिन्दी पर यह आरोप लगता रहा है कि यह रूढ़िवादी है तथा अपनी मौलिकता खोने के भय से दूसरी भाषाओं को अपने अन्दर समाहित करने से डरती है। मैं यहां यह स्पष्ट करना चाहता हूँ कि हिन्दी बड़े दिलवाली है। हिन्दी में कितनी भाषाओं के कितने शब्द हैं, यह कहना तो मुश्किल है पर कुछ बानगी यहां पेश कर रहा हूँ :– पुर्तगाली का आचार,

कमीज, गोदाम; फ्रेंच का कारतूस, कूपन; डच का बम, चिड़ी, तुरूप; अंग्रेजी का रोल, स्टेशन, कार, बस; अरबी का औरत, दुनियां; फारसी का आबादी, बाग, चश्मा, चाकू, तुर्की का तोप, लाश इत्यादि।

हिन्दी तमाम भारतीयों को जोड़ती है। आप दक्षिण या उत्तर या पूर्व या पश्चिम भारतीय हो सकते हैं। आपकी मातृभाषा बंगाली, तमिल, तेलुगू या गुजराती हो सकती है, लेकिन जब आप एक दूसरे से मिलते हैं तो वह भाषा हिन्दी ही होती है। अंग्रेजी भी हो सकती है, लेकिन वह उस तरह नहीं जोड़ती। औपचारिकता जरूर पूरी कर सकती है, लेकिन दिलों को नहीं जोड़ती।

कुछ वर्ष पहले तक कुछ लोग कहा करते थे कि हिन्दी खतरे में है, हिन्दी आगे नहीं बढ़ रही है, इसका स्थान अंग्रेजी ले रही है। उनका यह भय हिन्दी की उनकी गलत समझ का परिणाम है। वास्तविकता यह है कि हिन्दी वैश्वीकरण के इस दौर में तेजी से आगे बढ़ रही है। उसे नई गति मिल रही है। वह बेहद ऊर्जावान हो गई है। नई स्पर्द्धा में टिक पा रही है। इसका कारण उसका जीवंत गतिशील एवं विशाल हृदय वाली रहने का मिजाज है। वक्त के हिसाब से बदलने की क्षमता है और हर दूसरी भाषा के जरूरी उपयोगी शब्दों को अपने संग मिला लेने वाला उदारवादी स्वभाव है, जिसका जिक्र मैंने शुरू में ही किया है। सामाजिक संपर्क-संवाद, दैनिक शिक्षा, परंपरागत और समकालीन साहित्य, संस्कृति, टेलीविज़न, सिनेमा, मनोरंजन, रेड़ियो, नए माध्यम इंटरनेट और ग्लोबल सक्रियता वाले में बाज़ार एवं व्यापार में हिन्दी सशक्त एवं सक्षम माध्यम के रूप में काम करने वाली साबित हुई है। अन्य भाषाओं के मुकाबले उसकी गति और उसकी पकड़ बढ़ी है। हिन्दी की यह अपनी विशेषता रही है कि वह हर समय और मौसम के हिसाब से अपने को ढ़ाल सकी है और बढ़ती रही है।

हिन्दी तमाम भारतीयों को जोड़ती है। आप दक्षिण या उत्तर या पूर्व या पश्चिम भारतीय हो सकते हैं। आपकी मातृभाषा बंगाली, तमिल, तेलुगू या गुजराती हो सकती है, लेकिन जब आप एक दूसरे से मिलते हैं तो वह भाषा हिन्दी ही होती है। अंग्रेजी भी हो सकती है, लेकिन वह उस तरह नहीं जोड़ती। औपचारिकता जरूर पूरी कर सकती है, लेकिन दिलों को नहीं जोड़ती। इस देश के दिलों को जोड़ने वाली भाषा तो हिन्दी ही है और यही दिलों को जोड़-जोड़कर वह दुनियाभर में फैल गई है। कहने का तात्पर्य यह है कि हिन्दी इस देश की सहज संपर्क भाषा है, यह समाज हिन्दी में ही बात करता है। हम अपने-अपने समाज में चाहे कोई भी भाषा या बोली बोलें लेकिन दूसरे समाज से बातचीत हिन्दी में करते हैं। अलग-अलग संस्कृतियों के लोग आपस में बात उसी में कर सकते हैं, इसीलिए हिन्दी जिसकी नहीं है उसकी भी है।

हिन्दी बोलने वाले हिन्दुस्तान ही नहीं विदेश में भी अच्छी संख्या में रहते हैं। सिंगापुर और हांगकांग में तो हिन्दी के लिए दिक्कत ही नहीं है। खाड़ी के देशों में

हिन्दी का अच्छा खासा असर है। यही नहीं, सउदी अरब में भी आप हिन्दी में काम चला सकते हैं। दुनियां के उन देशों की तो बात ही अलग है जहाँ भारतवंशी बहुतायत में हैं। मसलन मारीशस, सूरीनाम, फीजी या गयाना और त्रिनिदाद, वहां तो हिन्दी का अच्छा खासा असर है। उन तक हिन्दी भाषा मनोरंजन के जरिए पहुंचती है। हर साल एक हजार के आसपास बनने वाली फिल्मों में तीन-चौथाई हिन्दी की होती हैं। उनका गीत-संगीत तो हिन्दी न जानने वालों को भी लुभाता है। हिन्दी इस साठ हजार करोड़ रूपये से ज्यादा के उद्योग का व्यापार एवं कमाई कराती है, जिससे करोड़ों का जीवन चलता है। सबसे ज्यादा लोकप्रिय चैनल हिन्दी में हैं। वे हिन्दी का विस्तार करते हैं। दर्शकों की संख्या करोड़ों में है। हिन्दी चैनल कुल विज्ञापन उद्योग का 40 फीसदी हिस्सा अपनी ओर खींचते हैं। इससे हिन्दी में रोजगार बढ़ा हैं देश के सबसे ज्यादा पढ़े जाने वाले टॉपटेन अखबार में से सात हिन्दी के अखबार हैं। इंटरनेट पर हिन्दी की अनेक साइटें और ब्लॉग हैं, उनकी संख्या तेजी से बढ़ रही है।

हिन्दी को रोमन में लिखने की नई शुरूआत हो गई है। नई पीढ़ी का एक हिस्सा उसे रोमन में लिखता है, चाहे वह मोबाईल फोन पर एस.एम.एस. (SMS) हो या इंटरनेट पर चैटिंग हो, इसका बखूबी इस्तेमाल करता है। दरअसल, यह पीढ़ी अंग्रेजी के साथ बड़ी हुई है, उसे रोमन में लिखना आसान लगता है । इन लोगों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी को अगर बनाए रखना है तो रोमन में आना ही होगा । अब हिन्दी रोमन में आए या देवनागरी में रहे, है तो वह हिन्दी ही।

आखिर में कहना चाहूँगा कि जरूरत इस बात की है कि हम अपने दैनिक व्यवहार में हिन्दी का अधिक से अधिक प्रयोग करते हुए गर्व महसूस करें। हिन्दी हमारे सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक आन्दोलनों की ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय चेतना एवं स्वाधीनता आन्दोलन की अभिव्यक्ति की भाषा है। यह हिन्दुस्तान की आत्मा है तथा हर हिन्दुस्तानी की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि हिन्दी की खुशबू को महसूस करें तथा इसे आसमाँ की बुलंदियों तक पहुँचाने में पुरजोर कोशिश करें।

महात्मा गांधी का विचार था कि “हिन्दी वह भाषा है जिसे हिन्दू, मुसलमान दोनों बोलते हैं और जो देवनागरी या फारसी लिपि में लिखी जाती है, अगर हिन्दुस्तान को सचमुच एक राष्ट्र बनना है तो चाहे कोई माने या न माने, राजभाषा तो हिन्दी ही बन सकती है क्योंकि हिन्दी को जो स्थान प्राप्त है वह किसी दूसरी भाषा को नहीं मिल सकता। हम किसी भी हालत में प्रांतीय भाषाओं को मिटाना नहीं चाहते। हमारा मतलब सिर्फ यह है कि विभिन्न प्रांतों में पारस्परिक संबंध के लिए हम हिन्दी भाषा सीखें।” यह बात गाँधीजी ने वर्ष 1918 में हिन्दी साहित्य सम्मेलन के सभापति पद से बोलते हुए कही थी।

कर्त्तव्य की पुकार

गीत गाते आ गये हम, गुनगुनाते आ गये हम
देश ने जब भी पुकारा,
बन के निर्बल का सहारा,
छोड़कर आराम सारा ,
काल से, जीवन मरण से, मुक्ति पाते आ गये हम ।
गीत गाते आ गये हम, गुनगुनाते आ गये हम
शांति के सजग प्रहरी,
हो निशा कितनी भी गहरी
चाहे हो जलती दोपहरी
हर समय कर्तव्य पथ पर पग बढ़ाते आ गये हम।
गीत गाते आ गये हम, गुनगुनाते आ गये हम
धर्म की कटुता भुलाने,
प्रांत के झगड़े मिटाने,
शत्रुओं पर विजय पाने,
राष्ट्र की जयघोष का नारा लगाते आ गये हम।
गीत गाते आ गये हम, गुनगुनाते आ गये हम
घोर निर्जन जंगलों में,
शुष्कतम मरूस्थलों में,
जानलेवा दलदलों में,
बाढ़ में भूकम्प में जीवन बचाते आ गये हम।
गीत गाते आ गये हम, गुनगुनाते आ गये हम
संकटो का नाश करने,
दीन जन का त्रास हरने,
हर तरफ उल्लास भरने,
अपने तन मन प्राण की बाजी लगाते आ गये हम।
गीत गाते आ गये हम, गुनगुनाते आ गये हम

सिपाही बबन कुमार सिंह
के.रि.पु. बल अकादमी

हिंदी भाषा में अंग्रेजी शब्दों का प्रयोग

भूपेन्दर सिंह
सहायक कमांडेंट

जब भी मैं बचपन को याद करता हूँ व दूरदर्शन के बारे में स्मरण करता हूँ, तब मुझे एक गाना याद आता है - "मिले सुर मेरा तुम्हारा।" इसमें एक बहुत ही महत्वपूर्ण वाक्य है - 'सुर की नदियाँ हर दिशा से बह के सागर में मिलें। भाव यह है कि नदियाँ हर इलाके से, कोई खारा पानी तो कोई मीठा, कोई बर्फीला तो कोई मटमैला, पानी सागर में मिल जाता है, परन्तु सागर का रूप स्वरूप नहीं बदलता। इसी प्रकार हिन्दी भाषा रूपी सागर अनेक नदियों रूपी भाषाएं - उर्दू, अंग्रेजी, संस्कृत को समा सकती है वह भी बिना किसी स्वरूप को बदले।

भाषा का निर्माण, मनुष्य ने आपस में संवाद के लिए किया। जितने ही सभ्यताएँ हुई उतनी ही भाषाएं बनीं। नागालैंड जैसे छोटे राज्य में भिन्न-भिन्न प्रजातियों की विभिन्न भाषाएँ बनी। आज के यग में संवाद ही सबसे बडा निर्णायक शक्ति है। संवाद है तो वाणिज्य है, संवाद है तो प्रगति है, संवाद है तो संस्कृति है और संवाद है तो मानवता है। संवाद का सभ्यता में आज उतना ही महत्व है जितना की आक्सीजन का जीवन में, इसमें दो राय नहीं।

जब मैं आक्सीजन लिख रहा था, तो मुझे कई क्षण लगे, हिन्दी में आक्सीजन का क्या नाम है परंतु मैं असफल रहा और 'आक्सीजन' ही लिख दिया। यह दिक्कत आम है। खैर! संवाद के विषय को आगे बढ़ाते हैं तो हम पाएंगे कि संवाद के भी कई रूप

हैं। एक छोटा बच्चा बिना बताए ही माँ को यह बता देता है कि उसे भूख लगी है। एक उदास व्यक्ति अपने दुःख को छुपा नहीं पाता, यह भी संवाद है। ट्रेफिक सिग्नल भी एक संवाद का रूप है। परंतु जैसे-जैसे मनुष्य व्यस्त होता गया, लिखने और बोलने के लिए उसे माध्यम की आवश्यकता हुई। हिन्दी का उदय भी संस्कृत से हुआ है। जो कई इतिहासकार मानते हैं कि आर्य वर्ष भारत भूमि में ले कर आए। आज भी कई शब्द संस्कृत के एस्टोनिया, लितूएनिया के भाषा में मिलते हैं। भाषा का भूमण्डलीकरण तब ही से समझा जा सकता है।

भारत वर्ष का यह सौभाग्य या दुर्भाग्य कहो, हमेशा से विदेशी आक्रांताओं द्वारा लूटपाट की गई है। कई विदेशी यहाँ से सोना-चाँदी ले कर चले गए। साथ ही वे अपने साथ अपनी संस्कृति व भाषा भी लाए। मुस्लिम आक्रमणकारी ईरान, अफगानिस्तान से यहाँ आए और अरबी भी साथ में ले कर आए। अरबी, हिन्दी के मिलन से उद्गम हुआ उर्दू का। आज हिन्दी सिनेमा में हिन्दी गाने कम और उर्दू शब्द ज्यादा है। आज यह सोचना ही दूर की कौड़ी है कि आम हिन्दुस्तानी बिना उर्दू शब्द के कोई वाक्य बोल पाए। हिन्दी में सब समा गए परंतु हिन्दी का विनाश नहीं हुआ।

हिन्दी जो कि स्वयं संस्कृत से बनी है, में भी तत्सम और तद्भव शब्द होते हैं। वे शब्द जो संस्कृत से लिए गए है और जिनका हिन्दीकरण नहीं हुआ। आज की हिन्दी कोई एक भाषा नहीं, दिल्ली की हिन्दी, बनारस की हिन्दी से भिन्न है तो मुंबई की हिन्दी हैदराबाद से एकदम भिन्न है। आज हम गांधीवाद को गांधीगिरी कहने से नहीं हिचकिचाते। सोचिए क्या यह दस साल पहले संभव था।

इस भूमण्डलीकरण के युग में अंग्रेजी वाणिज्य की प्रमुख भाषा है। अंग्रेजी में 'जय हो' जैसे शब्द आ जाए तो कोई बड़ी बात नहीं क्योंकि उनके अनेक एजेंसी लगे है जो कि ऐसे काम करते हैं। दूसरे भाषा के शब्द आसानी से अंग्रेजी में समाहित हो जाते हैं।

काश! वो दिन भी करीब हो जब हिन्दी भी ऐसी हो जाए।

हिंदी का विकास और वैश्वीकरण : एक नजर में

निरीक्षक/हि.अनु. संजय कदम
पूर्वी सेक्टर मुख्यालय

हिंदी केवल हमारी राजभाषा ही नहीं है बल्कि भारत देश की जनता की भी भाषा है। हम इस बात का अंदाजा तभी लगा सकते है जब हम 2001 की जनगणना के ऊपर गहन अध्ययन करेंगे। 2001 की जनगणना के अनुसार लगभग 41 प्रतिशत भारतीय जनसंख्या हिंदी भाषा (मानक हिंदी और उसकी सभी उपभाषाओं को मिलाकर) बोलते हैं। हम देख सकते हैं कि "क" क्षेत्र के राज्य जैसे दिल्ली, हरियाणा, उत्तरांचल, उत्तर प्रदेश, बिहार, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़ और अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह में बोली जाने वाली करीब 30 बोलियां हैं। भारतीय सिनेमा और दूरदर्शन ने हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार में सबसे बड़ा योगदान दिया है। साथ ही इनके माध्यम से हिदी भाषा को देश के दूर दराज के गांवों तक पहुंचाया गया है और लोगों में लोकप्रियता बढ़ाई है। वर्तमान युग में हम देख सकते है कि हिंगलिश (हिंदी और अंग्रेजी का सम्मिश्रण) का आविर्भाव है जो कि देश के शिक्षित वर्ग द्वारा व्यापक रूप से इसका इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके लिए भी शक्तिशाली जनसंचार का माध्यम यानि सिनेमा और दूरदर्शन का भी बहुत बड़ा योगदान है। इसके साथ ही साथ आज के प्रौद्योगिकी युग में हम देख सकते हैं कि एक अन्य महत्वपूर्ण कारक, जिसने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से हिंदी भाषा का महत्व बढाने में बहुत ही सराहनीय योगदान किया है, वह है सूचना प्रौद्योगिकी विभाग। हम आज कोई भी सरकारी या गैरसरकारी वेबसाईट को खोलेंगे तो हमे उसमें अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी में भी कार्य करने के लिए प्रावधान उपलब्ध होता है। इसमें और आगे चलेंगे तो हम देख सकते है कि मोबाइल और वीडियो गेम जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में भी हिंदी भाषा का विकल्प मौजूद होता है। लोकप्रिय समाचार पत्रों के इलेक्ट्रॉनिक रूपांतर तथा बीबीसी जैसे प्रतिष्ठित मीडिया समूहों के पोर्टल नेट पर भी हिंदी भाषा का विकल्प उपलब्ध है। सूचना प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल ने ऑनलाईन हिंदी सीखने की सुविधा जैसी नई व्यवस्था ने इसकी व्यापकता में काफी वृद्धि कर दी है। यह सुविधा ब्रिटेन, अमरीका, ऑस्ट्रेलिया, चीन, मॉरीशस आदि के विदेशी विश्वविद्यालयों द्वारा अपने छात्रों को हिंदी सिखाने के लिए व्यापक

रूप से इस्तेमाल की जा रही है। सौ से अधिक देशों में रह रहे अनिवासी भारतीय विभिन्न प्रकार से हिंदी को अपने दिनचर्या में प्रयोग करके हिंदी को बढावा दे रहे हैं। यह उल्लेखनीय है कि विदेशियों में भी समृद्ध भारतीय संस्कृति को समझने की व्यापक चाह है। यही कारण है कि बहुत से बाहरी देशों ने हिंदी भाषा के अध्ययन को प्रोत्साहन देने के लिए अध्ययन केन्द्रों की स्थापना की है। भारतीय धर्म इतिहास और संस्कृति पर पाठ्यक्रम संचालित करने के अलावा इन केन्द्रों में हिंदी, उर्दू और संस्कृत जैसी कई भारतीय भाषाओं में भी पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं। आज के वैश्वीकरण और निजीकरण के इस दौर में अन्य देशों के साथ भारत के बढ़ते व्यापारिक संबंधों से अन्य देशों को भारत में सबसे अधिक बोली जाने वाली हिंदी भाषा को सीखने की अनिवार्यता सी हो गई है। इस स्थिति ने हिंदी को अन्य देशों में लोकप्रिय तथा आसानी से सीखने वाली भारतीय भाषा के रूप में सबसे ऊपर आने का काम किया है। विश्व के कई भाषा विशेषज्ञों के द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार यह तथ्य सामने आया है कि अमरीका में कुछ स्कूलों ने अपने फ्रेंच, स्पेनिश और जर्मन साझेदारों के साथ हिंदी को एक विदेशी भाषा के रूप में शुरू करने का फैसला किया है। कुल मिलाकर हम निश्चित रूप से छाती ठोक कर यह कह सकते है कि हिंदी ने अपने भाषा विषयक कार्य क्षेत्र के लिए वैश्विक मान्यता अर्जित कर ली है।

मार्गदर्शन



हेमन्त द्विवेदी
उप.कमा., सी.आर.पी.एफ. अकादमी

मानव जीवन में 'आनंद' का अर्थ सदैव नूतन स्वरूप लेता रहा है। व्यक्तिगत एवं सामाजिक दायित्वों के पूर्ण होने से नव कुबेर तक की यात्रा ने नित नए अनुभव जोड़े हैं। प्रत्येक युगों में 'आनन्द' कुछ नया ले कर आया। संतुष्टि से तनाव तक का यह सफर निसंदेह मानव जीवन एक शरीर को चलायमान औषधि का कारखाना बना चुका है। भागम–भाग भरे इस जीवन में तनाव प्रबंधन के कुछ बिंदुओं को क्रमबद्ध प्रस्तुति की एक कोशिश मात्र है। 'समय प्रबंधन'-तनाव प्रबंधन' में अटूट संबंध है अतः प्रत्येक दिवस में

1) योजनाबद्ध बनें
2) जीवन को दिशा दें

योजनाबद्ध बनें

- कार्य प्राथमिकता को समझें।
- निरूद्देश्य श्रम ना करें
- आज की प्राथमिकता को लिपि बद्ध करें
- कार्य निष्पादन के लिए उचित समय निर्धारित करें
- कार्य सूची का पुनः निरीक्षक करें, अपूर्ण कार्यों के लिए पुनः समय निर्धारित करें।
- अप्रत्याशित आई घटनाएं होने पर भावनाओं को नियंत्रित रखें, अनियंत्रित भावनाएं आपको तनाव के अतिरिक्त आपकी समयसारिणी को भी प्रभावित करती हैं।
- कार्यों को करें। एसे तमाम कार्यों को उपयुक्त समय के पश्चात् जाँच करें। अल्पावधि में जाँच करने से संबंधित कार्मिक तनावग्रस्त हो जाएगा।

प्रत्येक कार्य की समाप्ति के पश्चात स्वयं का पारितोषक अवश्य दें। दो मिनट का ब्रेक जूस-चाय आदि भी इसी श्रेणी में आते हैं।

जीवन को दिशा दें

• **महत्वाकांक्षाओं को नियंत्रित करें** - अपनी भावनाओं को नियंत्रित करें, जीवन के

छोटी-छोटी समस्याएं स्वयं सुलझ जाएंगी। महत्वकांक्षाओं को नियंत्रेत करें ताकि वे आपको तनावग्रस्त न करें।

- **खान-पान में संतुलन बनाएँ** - उचित खान-पान तनाव के क्षणों में पर्याप्त ऊर्जा प्रदान करने में सहायक होते हैं। संतुष्ट हो कर ही तनाव को भगाया जा सकता है।

- **योग-ध्यान एवं व्यायाम करें** - योग ध्यान आदि शरीर में आक्सीजन की उचित मात्रा प्रदान करते हैं। यह शरीर को उचित आराम प्रदान करने में सहायक होती है एवं तनाव को भी सीमित करती है ध्यान मानसिक ऊर्जा को केन्द्रित करने में सहायक होती है।

- **संगीत थेरेपी** - संगीत जीवन आनंद का आसान माध्यम है। प्रातःकाल भक्ति या संगीत आध्यात्मिक संगीत एवं संध्या काल को हल्की आवाज में अवश्य सुनना चाहिए।



- **जल थेरेपी** - जल ही जीवन है। सोने से पूर्व हल्का स्नान या फिर अच्छे तरीके से मुँह-हाथ धुलने से अच्छी नींद आती है। अच्छी नींद शरीर की थकान एवं तनाव दोनों को मिटा देती है।

• **मसाज** -

– यह मांसपेशियों को सक्रिय करता है। रक्त संचार एवं शरीर के कार्यप्रणाली दोनों को सुदृढ़ करती है।

– तनाव को कम करने में सहायक है, शरीर एवं मस्तिष्क को संयमित रखता है।

– मसाज जोड़ों को अधिक मजबूत बनाती है एवं स्वास्थ्य के सुधार में भी सहायक है।

अपने लिए कुछ वक्त अवश्य निकालें। शान्त कक्ष या किसी एकांत में कुछ पल बिताएँ जहाँ शान्ति पूर्वक आप

- प्रियजनों से फोन पर बात कर सकें
- समाचार पत्र या पत्रिका पढ़ सकें
- कुछ शान्तिपूर्वक खा या पी सकें
- कुछ शान्ति के पलों में अपने मनभावन क्रिया कर सकें। यह तनाव का पूर्ण दमन करना है। विचारों को विराम दें। अत्याधिक कार्य करने से मस्तिष्क को नए कार्यों को करने में कठिनाई होती है।

प्रयत्न करने से ही तनाव नियंत्रित किया जा सकता है अतः

– संगीत सुनें, मसाज करें या अच्छे से स्नान करें। कुछ क्षणों के लिए रिलेक्स करें।

– हरवेलियम एवं एरोमाथेरेपी तनाव नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाती है।

एरोमाथेरेपी: प्राकृतिक एवं सुगन्धित पौधे शारीरिक, भावनात्मक एवं स्वास्थवर्धन में सहायक होते हैं। सुगंध प्राकृतिक रूप में होती है।

तैल्य	विशेषताएं
1. चन्दन	Help in reflection
2. चमेली	Euphoria
3. चील	थकान में आराम

4. गुलाब	संवाद सुधार में सहायक
5. बाँसिल	सचेत वर्धन
6. नींबू	रिफ्रेशिंग
7. पीपरमेंट	पाचन में सहायक
8. लैवेन्डर	आराम में सहायक

तनाव के व्यावहारिक पहलु

स्वयं के विषय में ज्ञान होना अति आवश्यक है। मुख्यतः व्यक्तित्व को दो बड़े स्वरूपों में बाँटा जा सकता है। यदि आप उग्र, प्रतिस्पर्धा रखने वाले, सदैव जल्दी में रहते हैं तो आप समूह 'क' के सदस्य हैं।

यदि आप शान्त चित, कार्यों का निष्पादन चंजपमदजसल एवं एक -एक कर के कार्य करते हैं तो आप समूह 'ख' के सदस्य हैं।

याद रखें 'क' वर्ग के व्यक्तियों को व्यक्तित्व में शांति निष्पादित करने के प्रचुर आवश्यकता है, अन्यथा आप लगातार तनाव के कारण दिल के मरीज बन सकते हैं।

तनाव प्रबंधन

क्या आप सतत् उलझनों से घिरे हैं? क्या आप आवश्यकता एवं क्षमता से अधिक व्यस्त हैं? क्या आप अनवरत या शैड्यूल से पीछे रहते हैं तो आप :—

सकारात्मक सोचें – उलझनों को स्वयं सुलझाएँ– एटीट्यूड में परिवर्तन लाएँ।

कुछ और परामर्श

- कार्यालय से लौटने के पश्चात पैर को गुनगुने पानी से मसाज करें।
- प्राणायाम जैसे श्वास संबंधित व्यायाम करें।
- ध्यान अत्यधिक उपयोगी है। सदैव सकारात्मक सोचें। यह आपको प्रफुल्लित करेगा।
- संगीत, फूल, हरा-भरा बगीचा, बच्चों के साथ खेलना इससे आपका चित शांत करना है।
- बगीचे में चहलकदमी तनाव को कम करती है।

इन सभी के अतिरिक्त तनाव रहित जीवन के लिए 'स्वयं से प्रेम करें, अपने प्रियजनों के लिए समय निकालें'।

"सर्वे सन्तु निरामयः"

परिचय

योग : एक परिचय

इन्द्रवेश
सहायक कमांडेंट 193 बटा.

विश्व को योग जैसी अनमोल धरोहर भारत से प्राप्त हुई है। योग का उद्भव और विकास भारत में हुआ और योग की सहायक चिकित्सा पद्धति एक्युप्रेशर व एक्युपेंचर का उद्भव भी भारत में हुआ। परन्तु कालान्तर में चीन में इन पद्धतियों के विकास के कारण कुछ लोग चीन को एक्युप्रेशर व एक्युपेंचर का जन्मदाता देश मानते हैं, जो गलत है।

योग के प्रणेता – महर्षि पतंजलि थे जिन्होंने योग पर सर्वप्रथम योगदर्शन नाम पुस्तक लिखी जो योग की प्राचीनतम व मूल पुस्तक है। महर्षि पतंजति ने योग को "योगश्चित्तवृत्ति निरोधयः" अर्थात चित्तवृत्तियों का निरोध ही योग है कहकर परिभाषित किया है।

योग सूत्र में, व्याय भाष्य 1.1 के अनुसार - "योगः समाधि" अर्थात् योग समाधि है, बताया गया है। योग आत्मदर्शन, आत्मसाक्षात्कार या आत्मबोध का आध्यात्मिक दर्शन है।"

"योग जीवन दर्शन है", "योग जीवन प्रबंधन है," "योग आत्मानुशासन है"। योग मात्र शारीरिक व्यायाम नहीं, अपितु सम्पूर्ण जीवन शैली है। योग चित्त को निर्मल व निर्जीव करने की आध्यात्मिक विद्या है। योग एक सम्पूर्ण चिकित्सा विज्ञान है। योग जीवन का विज्ञान है।

"यथा पिण्डे तथा ब्रह्माण्डे" "As in the Universe so in the Body" अर्थात जो इस ब्रह्माण्ड में विद्यमान है वही इस पिण्ड (शरीर) में विद्यमान है। बस जरूरत है उसे जागृत करने की, इन शक्तियों को जागृत करने का साधन योग है। जैसा कि योग सूत्र के अध्याय 2.40 में उल्लिखित है - "समत्वं योग उच्चते" अर्थात अंधेरों को उजालों में, दुख को सुख में, प्रतिकूलता को अनुकूलता में व पराजय को विजय में बदलने की

शाक्ति, रोगी देह को निरोगी बनाने की ऊजा तुम्हारे भीतर है, बस बिना विचलित हुए समभाव से जीवन में निरंतर आगे बढ़ते रहना, एक दिन सफलता अवश्य मिलेगी, यही योग है।

"योग जीवन दर्शन है", "योग जीवन प्रबंधन है," "योग आत्मानुशासन है"। योग मात्र शारीरिक व्यायाम नहीं, अपितु सम्पूर्ण जीवन शैली है। योग चित्त को निर्मल व निर्जीव करने की आध्यात्मिक विद्या है। योग एक सम्पूर्ण चिकित्सा विज्ञान है। योग जीवन का विज्ञान है।

योग को जे. कृष्णामूर्ति ने योग के अंग ध्यान के माध्यम से परिभाषित किया है - 'ध्यान का अर्थ सिर्फ इतना है कि हम अतीत और भविष्य को भूलकर वर्तमान में जिए। इसके लिए कहीं आँखें बंद करके बैठना जरूरी नहीं है। हम सब कुछ करते हुए भी ध्यान की अवस्था में रह सकते हैं, "यही योग है"।

योग का स्वरूप

योग शब्द वेदों, उपनिषदों, गीता एवं पुराणों आदि में अति पुरातन काल से वयवहृत होता आया है। भारतीय दर्शन में योग एक महत्वपूर्ण शब्द है योगदर्शन के उपदेष्टा महर्षि पतंजलि योग शब्द का अर्थ "चित्तवृत्ति का निरोध" करते हैं। प्रमाण विपर्णय, विकल्प, निंद्रा एवं स्मृति यह पंचविधि वृत्तियाँ जब अभ्यास एवं वेरागरूदि साधनों से मन में लय को प्राप्त हो जाती हैं और मन दृष्टा के स्वरूप में अवस्थिति हो जाता है तब योग होता है।

योग का अर्थ जोड़ना है अर्थात् संयमपूर्वक साधना करते हुए आत्मा का परमात्मा के साथ योग करके (जोड़कर) समाधि का आनंद लेना योग है। ऋषियों की मान्यताओं के अनुसार योग का तात्पर्य स्वचेतना और परचेतना के मुख्य केन्द्र परमचैतन्य प्रभु के साथ संयुक्त हो जाना है।

योग को गीता में योगेश्वर श्री कृष्ण विभिन्न अर्थों में प्रयोग करते हैं। जैसे - अनुकूलता-प्रतिकूलता, सिद्धि-असिद्धि, सफलता-विफलता, जय-पराजय इन समस्त भावों में आत्मस्थ रहते हुए सम रहने को ही योग कहते है।

योगः कर्मसु कौशलम्। (गीता 1.50)

"कुशलतापूर्व कर्म करना ही योग है"।

जैनाचार्यों के अनुसार – जिन साधनों से आत्मा की सिद्धि और मोक्ष की प्राप्ति होती है वह योग है। पुनः जैनदर्शन में मन, वाणी एवं शरीर की वृत्तियाँ को भी कर्मयोग कहा गया है।

आधुनिक युग के योगी श्री अरविन्द ने - "योग-समन्वय" अर्थात परमदेव के साथ एकल की प्राप्ति के लिए प्रयत्न करना तथा इसे प्राप्त करना ही सब योगों का स्वरूप है। श्री अरविन्द ने "सम्पूर्ण जीवन योग है" का भी संदेश दिया है।

दत्तात्रेय योगशास्त्र में योग के 4 प्रकार माने गए हैं।

1. **मन्त्रयोग** - मातृकादियुक्त मंत्र को 12 वर्ष तक विधिपूर्वक जपने से अणिमा आदि सिद्धियाँ साधक को प्राप्त हो जाती हैं।

2. **लपयोग** - दैनिक क्रियाओं को करते हुए सदैव ईश्वर का ध्यान करना लपयोग है।

3. **हठयोग** - विभिन्न मुद्राओं, आसनों, प्राणायाम एवं बंधों के अभ्यास से शरीर को निर्मल एवं मन को एकाग्र करना हठयोग कहलाता है।

4. **राजयोग** - यम-नियमादि के अभ्यास से चित्त को निर्मल कर ज्योतिर्मय आत्मा का साक्षात्कार करना राजयोग कहलाता है। राज का अर्थ - दीप्तिमान या ज्योतिर्मय तथा योग का अर्थ समाधि अथवा अनुभूति है।

गीता में ध्यान योग, संख्य योग, सन्यास योग, एवं कर्मयोग का विस्तृत वर्णन है जिसमें से कर्मयोग को श्रेष्ठ माना गया है।

अष्टांग योग

महर्षि पतंजलि ने अपनी पुस्तक योगदर्शन में योग के आठ अंग बताए हैं। जिन्हें 'अष्टांग योग' कहा जाता हैं । ये अष्टांग योग इस प्रकार हैं :

यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि

5 यम हैं - सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह

5 नियम हैं - शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय ओर ईश्वरप्राणिधानम्।

योग एक जीवन दर्शन

योग एक व्यायाम नहीं यह एक जीवन दर्शन है। योग आत्मानुशासन है। योग एक जीवन पद्धति है। योग एक व्याधियुक्त व समाधियुक्त जीवन की संकल्पना है। योग आत्मोपचार एवं आत्मदर्शन की श्रेष्ठ आध्यात्मिक विद्या है। योग मात्र एक वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति नहीं अपितु योग का प्रयोग प्रमाणों पर आधारित एक ऐसा प्रमाण है जो व्याधि को निर्मूल करना है। अतः यह एम सम्पूर्ण विद्या का शरीर रोगों का ही नहीं बल्कि मानसिक रोगों का भी चिकित्सा शास्त्र है।

योग एलोपैथी की तरह कोई लाक्षणिक चिकित्सा नहीं अपितु रोगों के मूल कारण को निर्मूल हमें भीतर से स्वस्थता प्रदान करता है। योग को मात्र एक व्यायाम की तरह देखना या वग्र विशेष का मात्र पूजा पाठ की एक पद्धति की तरह देखना संकीर्णतापूर्ण , अविवेकी, दृष्टिकोण है। स्वार्थ आग्रह, अज्ञान एवं अहंकार से ऊपर उठकर योग को हमें एक सम्पूर्ण विज्ञान की तरह देखना चाहिए।

योग ऐलोपैथी की तरह एक "पिजन होल ट्रीटमेंट" न होकर आरोग्य की एक सम्पूर्ण संकल्पना है। आपातकालीन चिकित्सा व शल्य चिकित्सा को छोड़कर शेष चिकित्सा के सभी क्षेत्रों में योग एक श्रेष्ठतम चिकित्सा विद्या है।



योग का लक्ष्य

योग का लक्ष्य समाधि है। साथ ही योग के एक चिकित्सा विद्या होने के कारण इसका आरोग्य पक्ष होने के साथ साथ योग का आध्यात्मिक पक्ष भी बहुत ही विराट है। योग के प्रति संकीर्ण दृष्टिकोण नहीं रखना चाहिए।

योग से वैज्ञानिक तथ्यों के साथ असाध्य रोगों का निदान हो जाना भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। योग के साथ-साथ कुछ जटिल रोगों में यदि आयुर्वेद का भी संयुक्त प्रयोग होता है तो उपचार का असर अत्यधिक प्रभावी हो जाता है। योग से आरोग्य प्राप्त करना कोई बौद्धिक व्यायाम नहीं, कोई सपना, प्रलोभन या आश्वासन नहीं अपितु योग के प्रयोग का यथार्थ है।

योग का परिणाम

नियमित रूप से योग करने पर योग के परिणाम बड़े चमत्कारिक और विराट होते हैं। योग से मात्र आरोग्य नहीं बल्कि नियमिता, सुख, शान्ति, सुरक्षा, सहिष्णुता, प्रेम, करूणा, धैर्य, विवेक, ओज, तेज, मृत्युंजय प्राप्त होते हैं। योग से शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त होती है। योग से जातिवाद मजहबवाद, प्रान्तवाद, भाषावाद, मार्क्सवाद, माओवाद व मनुवाद आदि वादों के विवादों से व्यक्ति को निवृत्ति मिलती है और व्यक्ति राष्ट्रवाद और मानवतावाद की ओर उन्मुख होता है।

प्राणायाम एवं ध्यान से जब व्यक्ति का मन शान्त हो जाएगा तो समाज, राष्ट्र व विश्व में व्याप्त भय भ्रम, हिंसा, अपराध व भ्रष्टाचार भी मिट जाएगा।

सुत्रामाणं पृथिवीं द्यामनेहसं सुशमणिमदितं सुप्रणीनितम्।
देवीं नामं स्वरित्रामनागसमस्रवन्तीम् आहहेमा स्वस्तये।

(ऋग्वेद 93.10)

भव सागर को पार करने के लिए शरीर एक सुरक्षित नाव है। योगी एवं आत्मज्ञानी पुरूष इस पर चढ़कर भवसागर तर जाते हैं और भोगी व अविवेकी पुरूष बीच भँवर में ही फँस जाते हैं।

योग में नियमपूर्वक इसकी सभी क्रियाओं का अभ्यास करना चाहिए जैसे - प्रारंभ में आसन एवं प्राणायामक का अभ्यास करते समय कुछ नियमों का पालन करना चाहिए। जैसे आसन प्रातः सायं दोनों समय कर सकते हैं परन्तु प्रातः शौचादि से निवृत्त होकर खाली पेट तथा दोपहर के भोजन के लगभग 5-6 घण्टे बाद सांयकाल में आसन कर सकते हैं। आसन एवं प्राणायाम करते समय शरीर पर कम, साफ सथरे व सुविधाजनक वस्त्र होने चाहिएं तथा प्राणायाम का अभ्यास खुली व स्वच्छ हवा में करना चाहिए।

सभी आसनों एवं प्राणायामों से पूर्ण लाभ उठाने के लिए गीता में निम्नांकित श्लोक का वर्णन है :—

“युक्ताहारविहारस्य युक्तचेष्टस्य कर्मसु।
युक्त स्वप्नावबोधस्य योगो भवति दुःखहा। ”

अर्थात् जिस व्यक्ति का आहार-विहार ठीक है, जिस व्यक्ति की सांसारिक कार्यों को करने की निश्चित दिनचर्या है और जिस व्यक्ति के सोने-जागने का समय भी निश्चित है ऐसा व्यक्ति ही योग कर सकता है तथा उसका योगानुष्टान दुःखों का नाशक बनता है अन्यों का नहीं।

तथागत

कभी तथागत कभी उस पार
जीवन के अविरल अवलग्नकों को,
घूरता निहारता, पलके झपकाता,
फिर सोचता,
क्या यही जीवन है,
जिसकी परिकल्पना, यथार्थ

माप दण्ड एवं पारेमान,
बनाने का सचेष्ट प्रयास
जीवन के दिन-रात,
कामनाएं, कल्पना, परिहास
उल्लास के प्रतिबिम्ब
फिर भी, क्या यही जीवन है,
वीरता, सौष्ठव, मातृभूमि
बलिदान की आशा, प्रत्याशा,
सोचना, संवरना, संभलना,
पगों पर निरंतर चलते रहना,
निराशा, हताशा, फिर नई आशा,
शायद यही जीवन है,
कभी तथागत कभी उस पार।

राकेश चन्द्र शुक्ल,
उप कमाण्डेन्ट, सी.आर.पी.एफ. अकादमी

संस्मरण

साइकलोथॉन के दौरान मेरा अनुभव

हरिओम सिंह
सहायक कमांडेंट, 41 डैगो बैच

सर्वप्रथम जब मुझे पता चला कि दिल्ली में एक साइक्लोथन प्रतियोगिता होने वाली है, और उसमें हम लोग भाग ले सकते हैं, उसके लिए नाम नोट किए गये तो उसमें मैने अपना नाम बड़ी उत्सुकता से लिखा दिया, लेकिन बाद में उसमें से कुछ नाम चुने गए जो प्रतियोगिता में भाग लेने वाले थे उसमें मेरा नाम नहीं था, तो उस समय मैं किसी ऐसे प्रशिक्षु अधिकारी को खोज रहा था जो किसी कारण से प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहा था क्योंकि मैं उसके स्थान पर प्रतियोगिता में भाग ले सकूँ। अंततः एक बार फिर बताया गया कि जो लोग प्रतियोगिता में भाग लेना चाह रहे हैं वो नाम दे सकते हैं, तो मैंने अपना नाम दे दिया।

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दिल में बड़ी उत्सुकता थी। जब हम लोग दिल्ली में प्रतियोगिता में भाग लेने पहुँचे तो वहां पर कुछ कुप्रबंधन होने के कारण मन में अनिश्चितता थी कि हम प्रतियोगिता में भाग ले पायेंगे या नहीं, क्योंकि मुझे लग रहा था कि पता नहीं हम लोगों को साइकिल मिल पायेगी या नहीं लेकिन जैसे-तैसे हम लोगों को हरकुलस कम्पनी की तरफ से साइकिल मिली। साइकिल लेने के दौरान हम सभी एक अच्छी सी साइकिल लेने की कोशिश कर रहे थे, क्योंकि सभी साइकिलों में कुछ न कुछ कमियाँ थी, अंततः हमने साइकिल चुनी और भाग लेने के लिए तैयार हो गये।

प्रतियोगिता प्रारंभ होने जा रही थी, हम लोग प्रारंभिक बिंदु पर खड़े थे, वहाँ पर हमें हमारे कमान्डेंट दिखाई दिए उस समय हमारी उत्सुकता और भी बढ़ गई और वह हम लोगों को लगातार प्रोत्साहित भी कर रहे थे और हम लोगों के फोटोग्राफ भी ले रहे थे हम लोगों ने वहाँ पर 'सी.आर.पी.एफ. सदा अजय भारत माता की जय' का जयकारा लगाया तो वहाँ पर हमारे प्रशिक्षु अधिकारियों का जुनून देखने लायक था, और कुछ अन्य लोग हम लोगों से गुजारिश कर रहे थे कि एक बार फिर भारत माता का जयकारा लगाएं।

जब सफर प्रारंभ हुआ तो मन में कुछ डर भी था, क्योंकि हमारे फेकल्टी अधिकारियों ने हम लोगों को हिदायत देकर भेजा था कि प्रतियोगिता में किसी तरह की चोट नहीं खानी है जिससे कि ट्रेनिंग मे कोई समस्या आये। फिर भी हमारे दिल में इतना जोश था कि हम अपने आप को रोक न सके और लगातार हम अपनी

साइकिल की रफ्तार बढ़ाते गए और हमने अपना बेस्ट देने की पूरी कोशिश की। प्रतियोगिता के दौरान जब हम लगातार आगे बढ़ते जा रहे थे तो हमारे प्रशिक्षु अधिकारी साथी हमें लगातार प्रोत्साहित करते रहे जिससे हमने लगातार अपनी साइकिल की स्पीड बरकरार रखी। लेकिन उस दौरान हम देख रहे थे कि हमारे सीनियर बैच के दो प्रशिक्षु अधिकारी हमसे आगे थे और उन्हीं को देखकर हम आगे बढ़ते रहे।

इस प्रतियोगिता में लगभग पाँच सौ प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया था, इसमें सबसे खास बात यह थी कि इसमें आई.एम.ए. के प्रशिक्षु अधिकारी भी भाग ले रहे थे जो अपनी पूरी तैयारी के साथ आये थे। उनके पास हम लोगों से बेहतर साइकिलें थी, फिर भी हम लोग उन आई.एम.ए. के कैडेटस से हमेशा आगे रहे और प्रतियोगिता समाप्त होते-होते हम सभी उन्हें बहुत पीछे छोड़ चुके थे। यह हम लोगों के लिए गर्व की बात थी कि हमारी अकादमी ने हम लोगों को इस लायक बनाया और हमें महसूस हुआ कि हम ट्रेनिंग के दौरान कितना कुछ सीख चुके है।

जब हम प्रतियोगिता में आई.एम.ए. के कैडेटस को लगातार पीछे कर रहे थे तो वह हमें और हमारी टी शर्ट पर लिखे हुए CRPF Academy को देख कर ही रह जा रहे थे। क्योंकि वह अपनी पूरी ऊर्जा लगाने, गेयर वाली साइकिल होने के बावजूद वह हम लोगों को नहीं पिछाड़ पा रहे थे।

अंततः साइक्लोथन प्रतियोगिता में सी.आर.पी.एफ. ने अपनी विजय पताका लहराई जिसमें सी.आर.पी.एफ. ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और मैंने उसमें अपने साथियों एवं अकादमी के फैकल्टी मेम्बर के प्रोत्साहन से द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

आर्थिक उन्नति व शिक्षा ने बदली देश की तस्वीर

विकास कुमार
सहायक कमांडेंट, 50 बटा.

हम आजादी की 64वीं वर्षगाँठ मना चुके हैं। आजादी के समय का भारत और आज के समय के भारत में काफी अंतर आ चुका है। आजादी के बाद देश का विकास तेजी से हुआ।

देश की आधी आबादी अर्थात महिलाओं में शिक्षा की बढ़ोत्तरी से जागरूकता आई है। स्वतंत्रता के समय महिला साक्षरता सिर्फ 8.9 प्रतिशत थी जो अब करीब 54

प्रांतेशत है। पहले गॉव में स्कूल तक नहीं थे, लोगों को पढ़ाई करने के लिए दूर-दूर जाना पड़ता था फलतः शिक्षा काफी मंहगी ओर कल्पना भर थी। अब परिदृश्य बदला है, गाँवों में भी डिग्री कॉलेज खुल गए हैं। पहले लड़कों को ही पढ़ने भेजा जाता था पर अब लड़कियों को भी उच्च शिक्षा ग्रहण करने हेतु भेजा जाने लगा है। महिलाएं भी हर क्षेत्र में पुरूषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं तथा विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रही हैं। पंचायत चुनाव में भी 50 प्रतिशत की भागेदारी सुनिश्चित की गई है। जैसे-जैसे लोग शिक्षित हो रहे हैं वैसे वैसे भारत व उसके गाँवों का विकास हो रहा है। विभिन्न शिक्षाविदों का कहना है शिक्षा ही वह कुंजी है जिसके माध्यम से जनता व देश का विकास संभव हो सकता है।

आजाद भारत की चुनौतियाँ

आजादी के पश्चात हमें अशिक्षा, बेरोजगारी, भुखमरी, अकाल जैसी भीषण समस्याओं का सामना करना पड़ा। इन सभी में शिक्षा की स्थिति अत्यधिक दयनीय थी। देश के निर्णय-निर्माताओं ने न केवल पुरूष की मानसिकता में बदलाव लाया बल्कि महिलाओं तथा समाज की सोच में भी बदलाव आया। आज हमारी साक्षरता 64 प्रतिशत हो गई। कई क्षेत्रों में हमारी सैनिक प्रतिभाओं ने अपनी सफलता के झण्डे गाड़े। चाहे वो आई.आई.टी. हो या सूचना तकनीक क्रांति। हमारी प्रतिभाओं को विश्व में सम्मान की भावना से देखा जाता है। टाटा ने विश्व की सबसे सस्ती कार "नैनो" बनायी तो विश्व की इंजीनियर और ऑटोमोबाईल कंपनी आश्चर्य में पड़ गयी, ऐसा कैसे संभव है। आज हमारी प्रतिभाओं ने विश्व को अपना लोहा मनवाया।

आधारभूत संरचना का विकास

जब भारत आजाद हुआ था तो देश की सड़कों का विस्तार लाखों कि.मी. हो चुका है। भारत के एक हजार आबादी वाले सभी गाँवो को बारहमासी सड़कों से जोड़ा जा चुका है। पूर्व से पश्चिम तथा उत्तर से दक्षिण तक समूचा देश बडे राजमार्गों से जुड़ चुका है। महत्वाकांक्षी सड़क परियोजनाओं ने राह में आए गाँवों की सूरत बदल दी है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक गतिविधियों में तेजी आई है। ग्रामीणों का जीवनस्तर में अविश्वसनीय सुधार आया है।

सन 1950 में मात्र कुछ हजार मेगावाट बिजली उत्पादन होता था। भारत आज लाखों मेगावाट बिजली उत्पादन कर रहा है। 2020 तक भारत का विकसित राष्ट्र बनने में यह एक बड़ा कदम साबित हो सकता है। औद्योगिक राष्ट्र बनने में विद्युत की सहज उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है।

देश में इस समय लगभग लाखों कारखाने हैं जिनमें आधे से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं तथा करोड़ों व्यक्तियों को रोजगार प्रदान कर रहे हैं। 30 करोड़ टेलीफोन उपभोक्ताओं के साथ भारत आज दूरसंचार क्रांति में अग्रणी राष्ट्र बन चुका है जहाँ प्रतिदिन लाखों नए मोबाईल कनेक्शन लिए जाते है। इसे सूचना क्रांति की अनुपम आगाज कहा जा सकता है।

औद्योगिक क्षेत्र में देश का विकास सराहनीय रहा है। टाटा ने विश्व को सबसे सस्ती कार "नैनो' बनाकर विश्व जगत को न केवल अचंभित किया बल्कि भारतीय प्रौद्योगिकी का विश्व पटल पर लोहा मनवाया यही नहीं टाटा में ही एशिया का सबसे तेज सुपर कंप्यूटर "एका" का निर्माण किया जो विश्व की चौथी सबसे तेज गणना करने वाली सुपर कंप्यूटर है।

इस प्रकार शिक्षा व आर्थिक उन्नति ने भारत की तस्वीर विश्व पटल पर बदल कर रख दी है। किसी ने ठीक कहा है कि "हम होंगे कामयाब ..... एक दिन"

भाषा का स्वभाव

नागराज द्विवेदी, निरीक्षक (हि.अ.)
ग्रुप केन्द्र केरिपुबल, भोपाल (म.प्र.)

भाषा मनुष्य के व्यक्तित्व का आईना है। किसी दार्शनिक ने कहा है कि 'तुम बोलो, ताकि मैं तुम्हे जान सकूँ।' अच्छे विचार एक अच्छी भाषा शैली के आधार पर ही पूरी तरह से संप्रेषित किए जा सकते हैं। कबीरदास जी ने कहा है कि 'औरन को शीतल करे, आपहुँ शीतल होय, की तरह भाषा शैली होनी चाहिए। यही कारण है कि कुछ नेता, अभिनेता, वक्ता या लेखक हमें ज्यादा प्रभावित करते हैं।

भाषा एक ओर जहाँ कौवे की बोली से भी अधिक कर्कश होती है वहीं दूसरी ओर कोयल की बोली से भी अधिक मिठास लिए होती है। जब वह कर्कश स्वभाव में होती है तो विवाद उत्पन्न होते हैं और जब मिठास लिए होती है तो संवाद और व्यवहार

बनते हैं। यह विभेदता पारिवेश से, समाज से, पारिवार से व जन्मजात भी हो सकती है। अलग-अलग अवसरों पर कृत्रिम कठोरता भी पसंद की जाती है। फौज में ऐसे ही लोग सबसे सफल समझे जाते हैं। मगर अभिमान के कारण आने वाली कठोरता मानसिक दासता की ओर ले जाती है। ऐसे ढेरों उदाहरण मिल जाएंगे जहाँ आपको कुछ अपने मातहत पर अनावश्यक चिल्लाते हुए दिख जाएँगे। टेंशन इनका प्रिय खुराक होता है जिसे ये देते भी हैं और लेते भी हैं।

भाषा एक ओर जहाँ कौवे की बोली से भी अधिक कर्कश होती है वहीं दूसरी ओर कोयल की बोली से भी अधिक मिठास लिए होती है। जब वह कर्कश स्वभाव में होती है तो विवाद उत्पन्न होते है और जब मिठास लिए होती है तो संवाद और व्यवहार बनते हैं। यह विभेदता परिवेश से, समाज से, परिवार से व जन्मजात भी हो सकती है।

मैंने एक बार प्रशिक्षण केन्द्र के एक मेजर साब की बातें सुनकर उनसे कहा कि 'आप यही बात थोड़ी नरम और प्रिय भाषा में नहीं बोल सकते थे?'

उसने कहा कि – 'बोल तो सकता था लेकिन ये सब शादी में थोड़ी आए हैं जहाँ मैं रिसेप्सन में खड़ा हूं। और फिर भाषा तो विचार-विनिमय का माध्यम है यदि सही संप्रेषण नहीं हुआ तो भाषा का कोई मतलब नहीं है। फौज में यदि मैं नरम हुआ फिर तो ये मुझे सुनेंगे ही नहीं। मैं तो इनको इस तरह बनाना चाहता हूँ कि मैं इशारा करूँ तो हँसें, मैं बोलूं तब ये मेरी बात पर ताली बजाएं, मैं कहूँ तब ये घर पर चिट्ठी लिखें, यहाँ तक कि जब मैं कहूं तब ये अपने दिमाग से सोचें।'

मैं बोला – 'वाह । मेजर, क्या रोबोट तैयार कर रहे हो बस, आप इन्हें अपना मोबाइल नं. जरूर दे देना जिससे कि जब आप कहें तब ये दुश्मनों पर गोली चलाएँ।'

मोटे तौर पर 'भाषा विचार-विनिमय का माध्यम' है। लेकिन तार्किक दृष्टि से विचार विनिमय करने वाले सभी माध्यमों को भाषा नहीं कहा जा सकता है। रेलवे गार्ड अपनी लाल-हरी झंडियों के माध्यम से विचार-विनिमय करता है, गाय रंभाकर अपने बछड़े को बुलाती है, कौवा काँव-काँव की अलग-अलग ध्वनियों से अपने सुख व दुख का इजहार करता है, बिहारी के पात्र तो भरे भवन में करते है नैनन की सों बात', चोर अंधेरे में एक-दूसरे का हाथ दबाकर अपने विचार प्रकट करता है, प्रेमी अपनी प्रेमिका से आँखों ही आँखों में बातें करता है, कुछ ताली बजाकर, दादाजी खाँसकर, मुँह बिचकाकर, गहरी साँस लेकर आदि अनेक प्रकार से अपने विचार-विनिमय का काम चलाते हैं। तोता तो सिखे-सिखाए कई शब्दों को बखूबी बोलता है। इसलिए कुछ यूं कह सकते हैं कि भाषा का संबंध केवल मनुष्यों से है और वह भी मुख से निकली सार्थक ध्वनि है। इसलिए यह सिर्फ हमारी निधि है।

भाषा का स्वरूप बहते पानी की तरह है। जो सदैव परिवर्तित होता रहता है। कहा गया है कि 'कोस-कोस पर बदले पानी चार कोस पर बानी' । भाषा एक सामाजिक निधि होने के कारण समाज इसके सरल रूप तय कर उन्हें अपनाता है। अब कुछ

इन शब्दों को ही दोखेए जिनका समय के साथ-साथ अथ में पारेवतन होता गया। 'गोष्ठी' शब्द का मूल अर्थ गायों के रहने का स्थान हुआ करता था अब इसका अर्थ बदल गया एवं सभा व बैठक के रूप में होने लगा है। 'हरिजन' इसका मूल अर्थ भक्त अब अछूत। 'दुहिता' - मूल अर्थ दूध दुहने वाली अब केवल पुत्री चाहे वह दूध दुहे या न दुहे। 'तटस्थ' – मूल अर्थ था तट पर स्थित अब इसका अर्थ है किसी का पक्ष न लेनेवाला। 'गवेषणा' – मूल अर्थ था गाय की खोज व अब अनुसंधान हो गया। 'प्रवीण' जिसका मूल अर्थ था वीणा बजाने में चतुर अब निपुण हो गया। 'कुशल'-मूल अर्थ था कुश उखाड़ने अथवा लाने में चतुर अब निपुण हो गया। 'मृग' – मूल अर्थ पशु है अब केवल हिरण के लिए प्रयोग किया जाता है। इसी तरह 'विद्यार्थी - इसका मूल अर्थ था वे सभी लोग जो विद्या के अर्थी अर्थात् धनी हैं चाहे स्कूल में पढ़ते हों या नहीं बूढ़े हों या नौजवान पर अब केवल स्कूल में पढ़ने वालों को कहा जाता है। 'भार्या' शब्द को लिजिए - इसका अर्थ भरण-पोषण करने वाली अब केवल स्त्री के लिए प्रयुक्त होता है। 'तेल' - संस्कृत में मूलतः तिल के तेल को कहते थे, आजकल मूंगफली, सरसों, अलसी, सोयाबीन, तिल, नारियल आदि सभी के लिए हो गया। यह केवल एक भाषा की स्थिति नहीं है बल्कि अर्थ परिवर्तन कमोबेश सभी भाषाओं में होता रहता है। अंग्रेजी के 'मीट' शब्द को ही लीजिए - यह शब्द मूलतः खाद्य का द्योतक था। मिठाई को स्वीट मीट इसीलिए कहते हैं, पर अब यह केवल 'गोस्त' का वाचक है। इसी तरह 'कॉर्न' शब्द - अंग्रेजी में कॉर्न शब्द का सामान्य अर्थ गल्ला अथवा अन्न है। किन्तु अमेरिका में उन दिनों मक्के की पैदावार अधिक होती थी इसीलिए इसका वही अर्थ हो गया।

परिवर्तन के इस दौर में हिंदी भाषा के भी कई क्षेत्रीय रूप प्रचलित हो रहे हैं। बंबइया हिंदी, कलकतिया हिंदी, हैदराबादी हिंदी आदि कुछ ऐसे ही उदाहरण हैं जिन्हें आज की पीढ़ी स्वीकार कर रही है। श्री जगदंबा प्रसाद दीक्षित ने तो बंबइया हिंदी को लेकर एक पूरा उपन्यास ही 'मुरदाघर' लिख डाला है एवं लोकप्रिय उपन्यासों में से एक है। परिवर्तन प्रकृति का नियम और इस परिवर्तन की धारा में सकारात्मक सोच के साथ हमें शामिल होना है और यही समाज की हमसे अपेक्षा रहती है तथा देश के लिए श्रेयस्कर है। एक समृद्ध भाषा, समृद्ध हिंदी, समृद्ध राष्ट्र हमारा लक्ष्य होना चाहिए ।

'भाषा, वस्त्र भले अनेक, एक हृदय है भारत देश।'

हिन्दी

हम कब तक ये हिन्दी दिवस मनाते रह जायेंगे।
हिन्दी में कार्य करने का सिर्फ संकल्प दोहराते रह जायेंगे।
हम कब तक माँ को मौम, पिता को डैड बनाते रह जायेंगे।

हम कब तक अपनी हिन्दी माँ को ठुकराकर,
विदेशी अंग्रेजी मम्मी को अपनाते रह जायेंगे।
पिछले वर्ष जब हमने हिन्दी दिवस मनाया,
मैंने सच्चे मन से अंग्रेजी छोड़ हिन्दी को अपनाया।
अपने आप को कुछ कठिनाईयों में ही पाया,
मैंने ऑटो-रिक्शा वाले को हिन्दी में बतलाया।
क्या विश्वविद्यालय ले चलोगे भाई?
उसने मुझको समझाया,
यहाँ तो कोई विश्वविद्यालय है ही नहीं।
यूनिवर्सिटी जल्दी पहुँचाना है मैंने बतलाया,
तो उसने झल्लाते हुए सुनाया।
क्यों अंग्रेजी में विश्वविद्यालय कहे जा रहे हो,
अपना तथा मेरा वक्त बर्बाद किये जा रहे हो।
हिन्दी में यूनिवर्सिटी कहने से क्या डरते हो?
लगता है अपनी हिन्दी भाषा से प्रेम नहीं करते हो।

सिपाही धीरेन्द्र कुमार
केरिपुबल अकादमी

हिंदी की संवैधानिक स्थिति

कृष्ण कुमार, नि./हिंदी अनु.
सी.आर.पी.एफ. अकादमी, कादरपुर

भारत की संविधान सभा ने 14 सितम्बर 1949 को देवनागरी लिपि में लिखित हिंदी को देश के राजकाज चलाने के साथ-साथ केन्द्र व राज्यों के बीच संपर्क बनाए रखने की भूमिका निभाने का दायित्व हिंदी को सौंपकर उसे संघ की राजभाषा के रूप में अंगीकार किया था। इसीलिए हर वर्ष 14 सितम्बर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

संविधान के 17वें भाग में राजभाषा संबंधी उपबंध दिए गए हैं जिनमें अनुच्छेद 343 से 351 तक 9 अनुच्छेद राजभाषा से संबंधित है जिनके अध्ययन से राजभाषा की संवैधानिक स्थिति स्पष्ट होती है। संविधान में राजभाषा संबंधी उपबंध:

अनुच्छेद 343 (1) : हिंदी को राजभाषा के रूप में अंगीकृत करना:—

संविधान के इस अनुच्छेद के अनुसार देवनागरी लिपि में लिखी हिंदी संघ की राजभाषा होगी तथा संघ में सरकारी प्रयोजनों के लिए भारतीय अंकों का अंतर्राष्ट्रीय रूप प्रयोग होगा।

अनुच्छेद 343 (2): हिंदी के साथ-साथ अंग्रेजी का प्रयोग जारी रखना:—

अनुच्छेद 343(2) के अनुसार संविधान लागू होने से 15 वर्ष तक यानी 26 जनवरी, 1965 तक हिंदी के साथ-साथ अंग्रेजी का प्रयोग भी होता रहेगा।

अनुच्छेद 343(3): अनुच्छेद 343 (3) के अनुसार संसद को यह अधिकार दिया गया कि यदि संसद चाहे तो अनुच्छेद 343(2) में दी गई 15 वर्ष की अवधि को आगे भी बढा सकती है।

अनुच्छेद 344 (1): राजभाषा आयोग तथा संसदीय राजभाषा समिति का गठन:—

इस अनुच्छेद में यह व्यवस्था की गई कि संविधान के लागू होने के पाँच साल बाद अर्थात 1955 में एक राजभाषा आयोग का गठन किया जाएगा जो राजभाषा के उत्तरोत्तर बढावे के लिए उपाए करेगा।

अनुच्छेद-344 (2): अनुच्छेद 344(2) के अनुसार अनुच्छेद 344(1) के तहत गठित राजभाषा आयोग अन्य बातों के साथ-साथ सरकारी कामकाज में हिंदी के क्रमिक प्रयोग के बारे में राष्ट्रपति को अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगा।

अनुच्छेद-344(3): इस अनुच्छेद के अनुसार आयोग की सिफारिशों पर राय देने के लिए एक संसदीय राजभाषा समिति का गठन किया गया। इस समिति की सिफारिशों के आधार पर ही संसद द्वारा अनुच्छेद 343 की प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर राजभाषा अधिनियम 1963 बनाया गया।

अनुच्छेद-345: राज्य की राजभाषा या राजभाषाएँ:- इस अनुच्छेद के तहत राज्यों को यह अधिकार प्राप्त है कि वे अपने यहाँ प्रयुक्त किसी एक भाषा को या एक से अधिक भाषाओं को अपनी राजभाषा चुन सकते हैं या चाहें तो अंग्रेजी का प्रयोग जारी रख सकते हैं। इस अनुच्छेद पर ध्यान दिया जाए तो यह स्पष्ट होता है कि राज्यों को अपनी राजभाषा का प्रयोग प्राधिकृत करने के लिए केंद्र की भाँति 15 सालों तक प्रतीक्षा करने की आवश्यकता नहीं थी। वे अपनी सुविधा अनुसार किसी भी समय अंग्रेजी की जगह सभी कार्यों के लिए संविधान की आठवीं अनुसूची में उल्लेखित 22 भाषाओं (हिंदी, असमिया, उड़िया उर्दू, कन्नड., कश्मीरी, कोंकणी, गुजराती, डोगरी, तमिल, तेलुगू, नेपाल, पंजाबी, बंगला, बोड़ो, मणिपुरी, मराठी, मलयालम, मैथिली, संथाली, संस्कृत, सिंधी) में से किसी भी भाषा को अपनी राजभाषा अपनाने के लिए स्वतंत्र थे।

अनुच्छेद-346: संघ और राज्यों के बीच पत्राचार की भाषा:—

अनुच्छेद-346 में संघ और राज्यों के बीच पत्राचार के माध्यम की व्यवस्था की गई और कहा गया कि जो भाषा संघ के सरकारी कामकाज में प्रयोग के लिए इस समय प्राधिकृत है, वही संघ और राज्यों के बीच पत्राचार के लिए प्रयुक्त की जाएगी। संविधान बनाते समय यह भाषा अंग्रेजी थी, लेकिन आपसी राय से राज्य हिंदी का प्रयोग कर सकते थे।

अनुच्छेद-347: राज्य की किसी भी भाषा को राष्ट्रपति द्वारा मान्यता देना:—

अनुच्छेद-347 के तहत राष्ट्रपति को यह अधिकार दिया गया कि वह राज्य की मांग के आधार पर किसी भी भाषा को सरकारी काम काज के लिए मान्यता दे सकता हैं।

अनुच्छेद-348 खण्ड (1): उच्चतम एवं उच्च न्यायालय की भाषाः—

अनुच्छेद-348 में यह प्रावधान किया गया है कि जब तक संसद कोई दूसरा कानून नहीं बनाती, तब तक उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों की सभी कार्यवाहियाँ अंग्रेजी में होंगी। संसद और राज्य विधान मंडल के कानून के साथ संविधान के या संविधान के तहत बनाए गए नियमों, आदेशों, विनियमों और उपविधियों का प्राधिकृत पाठ अंग्रेजी में होगा।

अनुच्छेद-348 खण्ड (2): अनुच्छेद-348 के खण्ड (2) के अनुसार किसी राज्य

का राज्यपाल राष्ट्रपति की पूर्वानुमति से अपने राज्य के उच्च न्यायालय के निर्णयों, आदेशों को छोड़कर बाकी सभी कार्यवाहियों के लिए हिंदी या राज्य की राजभाषा का प्रयोग प्राधिकृत कर सकता है।

अनुच्छेद-348 खण्ड (3): अनच्छेद-348 के खण्ड (3) के अनुसार यदि किसी राज्य में विधि के लिए अंग्रेजी को छोडकर कोई दूसरी भाषा नियत की गई है तो राज्यपाल के प्राधिकार से राज्य के गजट में प्रकाशित विधियों, नियमों आदि का अंग्रेजी अनुवाद उनका प्राधिकृत पाठ होगा।

अनुच्छेद-349: भाषा संबंधी कुछ विधियों को अधिनियमित करने के लिए विशेष प्रक्रिया :—

अनुच्छेद 349 में यह कहा गया है कि 348 (1) में उल्लेखित भाषा की व्यवस्था में परिवर्तन के लिए यदि 1965 के पहले कानून बनाया जाता है तो उसके लिए राष्ट्रपति की अनुमति प्राप्त करनी अनिवार्य होगी। राष्ट्रपति अनुच्छेद 344 के अधीन गठित आयोग और समिति की रिपोर्टों पर विचार करने के बाद ही अपनी अनुमति दे सकते थे। तदुनसार राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त करने के बाद ही राजभाषा अधिनियम 1963 (जिसमें 348 वे अनुच्छेद में की गई कानूनी व्यवस्था में कुछ परिवर्तन सुझाया गया था) को संसद में पेश किया गया था।

अनुच्छेद-350: आवेदन/अभ्यावेदन की भाषा :—

अनुच्छेद 350 के अनुसार भारत के प्रत्येक नागरिक को यह अधिकार है कि वह अपनी व्यथा के निवारण के संबंध में अपना आवेदन/अभ्यावेदन सरकारी पदाधिकारी के सामने किसी भी भाषा में प्रस्तुत कर सकता है। यह शर्त जरूर है अगर आवेदन संघ के पदाधिकारी को लिखा गया है तो संघ में प्रयुक्त भाषा में होना चाहिए और अगर वह किसी राज्य के अधिकारी को संबोधित है तो उस राज्य में प्रयुक्त भाषा में होना चाहिए। अनुच्छेद 350 (क) तथा 350 (ख) के द्वारा भाषयी अल्पसंखकों के हितों की रक्षा के लिए यह व्यवस्था की गई है।

अनुच्छेद-351: हिंदी भाषा के विकास के लिए निर्देश:—

351 वें अनुच्छेद में हिंदी के विकास के विषय में उल्लेखित किया गया है कि भाषा की आत्मीयता में हस्तक्षेप किए बिना हिंदुस्तानी और अष्टम अनुसूची में उल्लेखित अन्य भारतीय भाषाओं की रूप-शैली और पदावली को आत्मसात करते हुए उसके शब्द-भंडार के लिए मुख्यतः संस्कृत तथा गौणत: उल्लेखित भाषाओं से शब्द ग्रहण करते हुए उसकी समृद्धि सुनिश्चित करना संघ सरकार का कर्तव्य होगा।

संविधान बनाने वालों की यह दिली ख्वाहिश थी कि हिंदी भारत में इस प्रकार विकसित हो कि सब उसे मान्यता दें। सभी प्रांतों के लोग इसे अपना कर इसमें सरकारी कामकाज करें। हिंदी के संघीय और प्रादेशिक दोनों रूपों का उल्लेख किया गया है।

राष्ट्रपति जी का आदेश 1952: राष्ट्रपति जी ने संविधान के अनुच्छेद 343 के

अंतर्गत 27 मई, 1952 को एक आदेश जारी किया, जिसमें राज्यों के राज्यपालों, उच्चतम, उच्च न्यायाधीशों की नियुक्ति के अधिपत्रों के लिए अंग्रेजी के अलावा हिंदी भाषा और अंतरराष्ट्रीय अंकों के अतिरिक्त देवनागरी अंकों के प्रयोग को प्राधिकृत किया गया।

राष्ट्रपति जी का आदेश 1955: इस आदेश में जनता के साथ पत्र-व्यवहार, प्रशासनिक रिपोर्टों, सरकारी पत्रिकाओं, संसद में प्रस्तुत की जाने वाली रिपोर्टों सरकारी प्रस्तावों, हिंदी भाषी राज्यों की सरकारों, संधियों, करारों, विदेशी सरकारों और उनके राजदूतों के साथ पत्राचार, अंतराराष्ट्रीय संगठनों के साथ पत्राचार आदि में अंग्रेजी के अलावा हिंदी भाषा के प्रयोग का प्रावधान किया गया।

राजभाषा आयोग : 7 जून, 1955 में स्थापित खेर आयोग प्रथम राजभाषा आयोग था जिसने 1956 में अपना प्रतिवेदन राष्ट्रपति को प्रस्तुत किया, इस आयोग ने संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग, संघ और किसी राज्य के बीच तथा राज्यों के बीच पत्राचार की भाषा आदि पर अपनी सिफारिश दी। जिसके अनुसार 1957 में गृह मंत्री के प्रस्ताव पर 30 सदस्यों की एक संसदीय समिति का गठन किया गया जिसके अध्यक्ष गोविंद वल्लभ पंत थे। यह समिति पंत समिति के नाम से जानी जाती है। इसने 1959 में अपना प्रतिवेदन राष्ट्रपति को सौंपा। इस समिति ने सिफारिश की थी कि 26 जनवरी, 1965 के बाद भी अंग्रेजी का प्रयोग सह राजभाषा के रूप में जारी रहना चाहिए।

राष्ट्रपति का आदेश 1960: केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों में हिंदी का प्रयोग शुरू किए जाने के लिए प्रारंभिक उपायों के संबंध में 1960 में राष्ट्रपति ने आदेश जारी किया, जिसमें अन्य विषयों के साथ हिंदी शब्दावली के विकास के सिद्धांत और वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग का गठन, प्रशासनिक संहिताओं व अन्य प्रक्रिया साहित्य का हिंदी अनुवाद, प्रशासनिक कर्मचारी वर्ग को हिंदी का प्रशिक्षण देना, हिंदी का प्रचार-प्रसार और विकास, अधिक नियमों, विधेयकों आदि की भाषा, उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायलयों की भाषा और विधि के क्षेत्र में हिंदी में काम करने के लिए प्रारंभिक कदम उठाने के संबध में विशेष व्यवस्था करने के बारे में निर्देश जारी किए गए।

राजभाषा अधिनियम 1963 यथाशोधित 1967: खेर आयोग 1955 तथा पंत समिति 1957 की रिपोर्ट पर विचार करने के बाद ही संविधान के भाग 17 के अनुच्छेद 343 (3) के प्रावधान के अनुसार संसद द्वारा राजभाषा अधिनियम 1963 परित किया गया। इसमें कुल 9 धाराएँ और 11 उपधाराएं हैं।

राजभाषा संकल्प 1967 - 18 जनवरी 1968 संशोधितः राजभाषा 1963 का संशोधन करने के साथ-साथ संसद के दोनों सदनों ने दिसंबर 1967 में एक संकल्प पारित किया जो 18 जनवरी 1968 में अधिसूचित किया गया। इसे राजभाषा संकल्प 1968 की संज्ञा दी गई और यह सरकार की भाषा नीति का एक समग्र चित्र प्रस्तुत करता है। इसमें पहली बार संसद में कार्यपालिका/सरकार को निर्देश दिए कि हिंदी

के प्रचार तथा विकास को राजकीय प्रयोजनों के लिए उसका क्रमिक प्रयोग बढाने हेतु एक गहन तथा व्यापक कार्यक्रम तैयार करें और उसे कार्यान्वित करें साथ ही इस विषय में प्रगति की विस्तृत वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट संसद में दोनों सदनों के पटल पर रखवाएं। तब से हरवर्ष गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग सरकारी कार्यालयों में हिंदी का प्रयोग बढाने के लिए वार्षिक कार्यक्रम तैयार करता है और कार्यालय की मूल्याकंन रिपोर्ट संसद के दोनों सदनों को प्रस्तुत करता है। इस वार्षिक कार्यक्रम में कार्यालयों में कितना कार्य हिंदी में किया जाना अपेक्षित है, इसके लक्ष्य निर्धारित किए जाते हैं। भारत सरकार द्वारा राज्य सरकारों के परामर्श से तैयार किए गए त्रि-भाषा-सूत्र को सभी राज्यों में पूर्णतया कार्यान्वित करने के लिए प्रभावी किया जाना चाहिए। हिंदीतर भाषा/भाषी क्षेत्रों में हिंदी तथा अंग्रेजी के अतिरिक्त एक आधुनिक भारतीय भाषा के, दक्षिण भारत की भाषाओं में से किसी एक को तरजीह देते हुए और हिंदीतर भाषा/भाषी क्षेत्रों में प्रादेशिक भाषाओं एवं अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी के अध्ययन के लिए उस सूत्र के अनुसार प्रबंध किया जाना चाहिए।

राजभाषा नियम 1976 यथा संशोधित 1967: राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 8 के उपबंधों के अंतर्गत राजभाषा नियम 1976 बनाया गया जो 1987 में संशोधित किया गया। वास्तव में राजभाषा हिंदी को कारगर एवं प्रभावी रूप से लागू करने में राजभाषा नियम 1976 एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है इसके नियम 5 के अनुसार हिंदी में प्राप्त प्रत्येक पत्र का उत्तर अनिवार्य रूप से हिंदी में ही दिया जाना है इस प्रकार राजभाषा नियम के लागू होने से हिंदी के उपयोग की अनिवार्यता की सड़क तैयार हुई है जिसके कारण हिंदी का उत्तरोत्तर प्रयोग बढ़ रहा है। इतना ही नहीं राजभाषा नियम 1976 के नियम 12 में दी गई व्यवस्था के अनुसार राजभाषा के अनुपालन का उत्तरदायित्व किसी भी कार्यालय के प्रशासनिक अध्यक्ष को सौंपा गया है अर्थात स्पष्ट किया गया है कि प्रशासनिक अध्यक्ष की ये जिम्मेदारी है कि वह राजभाषा अधिनियम व उसके अधीन बनाए गए नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करें। इस प्रयोजन के लिए उन्हें उपयुक्त और प्रभावी जाँच बिंदु बनाने चाहिए। दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने वाले अधिकरी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि यह राजभाषा अधिनियम/नियम के अनुसार जारी किया गया है। निसंदेह राजभाषा नियम 1976 राजभाषा हिंदी के उत्तरोत्त प्रगति में मील का पत्थर साबित हुआ है।

संवैधानिक व्यवस्थाओं के बावजूद भी कार्यान्वयन एवं उसकी प्रगति लोगों की इच्छा शक्ति पर अधिक निर्भर करती है। हिंदी का प्रचार-प्रसार और उसका लागू होना देशहित का विषय है और जब बात देशहित की हो तो हमें क्षेत्रवाद भाषावाद के दलदल में नहीं फंसना चाहिए और हमारी विचारधारा न तो वामपंथी होनी चाहिए और न दक्षिण पंथी, बल्कि सिर्फ और सिर्फ लोकपंथी अर्थात भारतपंथी होनी चाहिए। गौरतलब है

यूं तो हर रास्ता जाता है, मंजिल की तरफ।

शाने वतन के वास्ते, हर हाथ मिलना चाहिए।

भाषा निरन्तर प्रयोग से ही बढती है, इससे उसमें स्वतः सहजता, सरलता और एक रूपता आती है। पूरे राष्ट्र को एक धारा में लाने और इसके विकाश के लिए यह अच्छा होगा कि जितनी जल्दी हो सके, हम खुलकर अपना सारा काम काज हिंदी में करने लगें, यह मेरी ही नहीं अपितु मुझे दृढ विश्वास है कि आप सब की भी यही इच्छा है।

मन में होगी जब निष्ठा,
हिंदी की बढ़ेगी तब प्रतिष्ठा।

व्यंग्य

अनामदास का पोथा

अनिल गुप्ता
द्वि.क. अधि., 187 बटालियन

वो मेरे पास आए और एक हस्त लिखित मोटा पोथा मेरे सामने रख दिया। बोले ये मेरा दर्द हैं, हिंदी में। आप हिंदी लिखते हैं, आप की लिखी हिंदी लोग पढ़ते हैं ।

आशा है आप मेरी टूटी-फूटी हिंदी पढ़ेंगे और मेरा दर्द समझेंगे। वो पूर्वी उत्तर प्रदेश के रहने वाले एक सीधे, सच्चे नये नये बने अफसर थे, मैं उन्हे एक लम्बे अरसे से जानता था। चंद दिनों में वो सेवानिवृत्त होने वाले थे। आज बहुत दुखी नजर आ रहे थे। मैंने पूछा, "क्या बात हैं?" बोले, "मेरा मन बहुत दुखी है। यहां हमारी बात सुनने वाला कोई नही है।"

"क्यों, ऐसी क्या बात हो गयी?"

"हमें, अंग्रेजी नहीं आती ना, इसलिए अपनी बात कह नहीं पाते हैं। ये कल के आए लड़के सिर्फ गिटर-पिटर कर हम से आगे निकले जा रहे हैं, हम ग्राउंड के लोग सिर्फ इसलिए पीछे रह गये, क्योंकि अंग्रेजी नहीं आती। अब तो हम रिटायर हो रहे हैं, मैं ने एक आत्मकथा लिखी है, इसे छपवा देंगे, तो बड़ी मेहरबानी होगी।"

वो तो अपनी बात कह कर चले गये और मैं, अब आधी रात को इस 'अनामदास के पोथे ' को अपने सामने खोले बैठा परत-दर-परत पलट रहा हूं।

वैसे तो इस में कुछ नहीं है। सी.आर.पी. में सिपाही के पद पर भर्ती हुए एक सामान्य, ईमानदार, मेहनती, ग्रामीण युवक की अफसरी तक की यात्रा की दास्तान भर है। मगर इस में एक चीज और है, जो मेरा ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही

है, इस में कहीं शर्म, झिझक, कसक और कुछ हद तक एक हीन भावना है। अपनी बोली, हिन्दी को ले कर, और अंग्रेजी नहीं बोल पाने को ले कर। और शायद इसी एक कारण से उन्हें लगता है कि वो कहीं पीछे रह गये हैं। उन्हें मैं जानता हूं, वो बड़े जबरदस्त इंस्ट्रक्टर हैं, इस उम्र में भी जवानों के साथ दौडते हैं, परेड और हथियारों के साथ ड्रिल करते हैं, और करवाते हैं। मगर कहीं अंदर से दुखी हैं।

उन्होंने लिखा है - जब मैं नया नया एस ओ बना था तो मुझे बिल्कुल अंग्रेजी नहीं आती थी, किसी ने कहा कि एस ओज और अफसरों में उठना बैठना है, तो अंग्रेजी सीखो। मैंने बहुत कोशिश की, मगर अंग्रेजी मरी नहीं आयी।

एस ओज मैस की हर पार्टी में नये नये एस ओज अंग्रेजी में बात करते थे, जो हमारी समझ में नहीं आती थी, हम एक तरफ कोने में बैठे रहते थे। कमांडेंट साहब भी उन्हीं लोगों से बात करते थे, हम चुपचाप उन की बातें सुनते रहते थे। खुद को बडा उपेक्षित महसूस करते थे। जब अफसर बने, तो फिर यही शुरू हो गया। मैस में हमारा अलग गुट बन गया।

काम हम सारे कर लेते थे, मगर जब किसी वरिष्ठ अधिकारी से बात करनी होती, या उस के सामने बैठना होता, तो हमारी रूह कांप जाती। हम चुप रह जाते। लिहाजा हमारे मौन को हमारा निकम्मापन मान लिया जाता। 'येस सर, येस सर' हमने सीख लिया था। सारी जिंदगी हम यही बोलते रहे। ये अंग्रेजी बडी अच्छी चीज है, आदमी को बडी तहजीब से 'नो सर' बोलना भी सिखा देती है। जो हम आज तक नहीं सीख पाए। और मजे की बात ये कि वो 'नो सर' बोल कर खुश हैं, और हम, चाहें ना चाहें, बस यही कह कर रह जाते हैं

जो कहोगे तुम, कहेंगे हम भी 'हां' यूं ही सही
आप की गर यूं खुशी है मेहरबान, तो यूं ही सही।

उन्होंने लिखा था, एक बात मेरी समझ में आज तक नहीं आयी। ये लोकल प्रमोटी और बैच का झगडा क्या है। कई बार तो ये शब्द मेरी तरफ गाली की तरह उछाले गये हैं।

‘अरे यार, वो लोकल प्रमोटी है।’

फोन पर पहली मुलाकात का पहला वाक्य- ‘आपका बैच कोन सा हैं? और जब मैं कहता हूं कि मैं बैच विहीन व्यक्ति हूं, तो दूसरी तरफ से बात का लहजा ऐसा हो जाता है, जैसे मैं अस्तित्व विहीन हूं।

हर बात पर कहते हो तू चीज क्या है?

आप ही बताइए- ये अंदाज-ए-गुफ्तगू क्या है?

लेकिन एक बात मैं जानता हूं मेरे बिना आपका काम भी नहीं चलेगा। जनाब एक कदम नहीं चल पाएंगे। आप बेशक कुर्सियों पर बैठे हो, ग्राउंड पर तो हमारा ही राज है। उन से इतना ही अर्ज कर सकता हूँ -

मेरा सिर काट कर पछताइएगा

बाद में झूठी कसम किसकी खाइएगा।

मैं बहुत दुखी हूं, मेरी आत्मा रो रही है और मेरे इस दुख की वजह ये ससुरी अंग्रेजी है। अगर मुझे भी धुंआंधार अंग्रेजी आती, तो मैं भी उस जमात में शामिल हो जाता, जो हुकुम चलाती है। और प्रसन्न रहती है। पता नहीं क्या बात है इस जुबान में, जो अंग्रेजी बोलते हैं वो सुखी रहते हैं, और जो हिंदी बोलते हैं वो रोते रहते हैं।

उनका पोथा पढ़ते पढ़ते मुझे अपने साथ घटे दो एक किस्से याद आ गये, जिन का जिक्र यहां अप्रासंगिक नहीं होगा। एक स्टेशन आफिसर मैस की एक बड़ी पार्टी में एक सहयोगी अधिकारी मेरे पास आये और बोले, "यहां एक अधिकारी महोदय हैं जो आप के लेखों को बहुत पसंद करते हैं, आप से मिलना चाहते है।"

मैं बडे अदब से उन के पास गया, और उन्हें सलाम किया। वह कुछ देर तक मुझे बडी हैरत से देखते रहे। मैंने हाथ में पकडा जाम मेज पर रखा और उन की बगल में बैठ गया।

बोले, "आप वो ही हैं जो सीआरपीएफ समाचार में लिखते हैं।"

मैंने निहाल होते हुए कहा, 'आप की जर्रानवाजी है, जो आप पसंद करते हैं।"

"नहीं वो बात नहीं है मैं तो सोच रहा था कोई यंग टेलैंटेड अफसर होगा।" इस से पहले भी एक आध बार कुछ ऐसी ही टिप्पणियों से रूबरू हो चुका था, लिहाजा असहज नहीं हुआ बोला, "क्यों जनाब टेलैंट, किसी खास उम्र, किसी खास जुबान, किसी खास तबके का मोहताज है क्या?"

एक साहब ने तो हद ही कर दी, मुझ से बोले, " अरे यार तुम्हारा राईटर कौन है ?"

इन मित्रों से यही कहना चाहूंगा –

शब्द संभल कर बोलिए, शब्द के हाथ ना पांव

एक शब्द औषध करे, एक शब्द करे घाव।

बहरहाल, बात फिर अनामदास के पोथे की करें। मुझे लग रहा था, अनामदास का दर्द अकेले उनका दर्द नहीं है, बल्कि अनुशासन, लिहाज और अदब के नीचे दबी एक बहुत कडुवी सच्चायी है। उन्होंने कई जगह अपने दर्द का बयान शेरों शायरी में किया था–

आप अच्छे ही सही, मैं निकम्मा ही सही।

आप अगर ऐसा ही कहते हैं, तो ऐसा ही सही। और एक जगह लिखा था –

इतना हुमक हुमक कर उठते हो, खैर तो है?

लायक हैं हम कत्ल के, पर कुछ गुनाह भी है?

उनके पोथे से अच्छे तो मुझे उनके शेर लग रहे थे। किसी गहरी निराशा के पल में उन्होंने लिखा था –

सुबह नहीं, शाम नहीं, दिन नहीं, रात नहीं,

रहगयी, बस एक नहीं, 'हां' का कहीं नाम नहीं।

उन की इन पंक्तियों में ऐसा लग रहा था, जैसे उन्होनें अपना कलेजा निकाल कर रख दिया हो और यह पीडा सिर्फ उनकी नहीं थी, ये उनके चारो तरफ व्याप्त थी, जिसे वो अभिव्यक्ति दे रहे थे।

उम्र गुजरी है आजमाने में, क्या रखा है इस जमाने में
'पहले आते तो मदद कर देते,' बात टाल दी यूं बहाने में
सीना ठोक कर अपना हक जताते हो,
वक्त जब आया तो छोड दिया बेगानों में।

सी.आर.पी. में अपने कैरियर से भी उन्हें बहुत शिकायते थी। उन्हें लगता था उन्हें वो नहीं मिला जिसके वो हकदार थे– एक जगह वो कहते हैं–

कहीं छत थी, दरो दिवार थे कहीं,
घर का पता मुझे मिला देर से
जिंदगी ने मुझे दिया तो बहुत कुछ
मगर जो दिया, वो दिया देर से।

वरिष्ठ अधिकारियों के सामने खामोश रह जाने की अपनी प्रवृत्ति का उल्लेख उन्होंने कुछ इस तरह किया था–

मुंह की बात सुने हर कोई, दिल के दर्द को जाने कौन?
आवाजों के बाजारों में खामोशी पहचाने कौन?

लिखा तो उन्होंने और भी बहुत कुछ है, कहीं कहीं वो रोमांटिक भी हो उठे हैं। एक जगह उन्होंने अपनी पत्नी के लिए लिखा था–

उसकी कत्थई आंखों में है, जंतर मंतर सब
चाकू वाकू, छुरियां वुरियां, खंजर वंजर सब।

मगर उनके पोथे में दर्द, एकांत, टीस और घुटन ही ज्यादा है। खास कर अंग्रेजी ना बोल पाने की कसक तो हर जगह है। सब कुछ तो नहीं लिख पाऊंगा, कुछ वक्त, कुछ स्थान की कमी है। मगर जाते जाते एक नेक सलाह जरूर है, अपने इस मित्र के लिए।

जनाब हिंदी बोलने पर शर्मिंदा मत होईए। हिंदी बोलिए, गर्व, अधिकार और पूरे सम्मान के साथ। यकीन मानिए आप का एक वाक्य–

"कहिए श्रीमान् कैसे हैं आप?"

अच्छे अच्छों को अंग्रेजी की सीढी से नीचे उतार लाएगा। दीनता हीनता को छोडिये। जो पूंजी आप के पास है, उसे सहेजिए। अपने अनुभव की, अपने ज्ञान की, अपनी परिपक्वता की और जमीन से जुडी अपनी आत्मीयता की जो पूंजी आप के पास है, उस के सामने अंग्रेजी का नया खुला एकांउट बहुत छोटा है। इस का नयापन आप को भ्रमित और अचंभित जरूर कर सकता है, मगर इस का मुकाबला गांव के घर में चूल्हे के नीचे दबी दादी की मुहरों और गहनों की थैली से थोडी हो सकता है।

मुझे अंग्रेजी वालों से कुछ नहीं कहना, मुझे हिन्दी वालों से कहना है। अंग्रेजी वालों ने अपना गुट बना लिया है, इसलिए वो शक्तिशाली हैं। हिन्दी वाले बिखर गये हैं,

इसलिए वो कमजोर हैं, मगर शक्ति अभी भी हिन्दी वालों के पास है। अगर ऐसा नहीं होता, तो बाबा अन्ना हजारे की सीधी सादी देसी भाषा में कही एक बात पर पूरा देश उठ खडा ना हआ होता। वरना यही बात अंग्रेजी में शिव खेडा बरसों से कह रहे हैं, कितनों की समझ में आयी है उन की बात।

जाते जाते एक बात अपने अंग्रेजी दां दोस्तों से और कहनी है। भारत में अंग्रेजी शिक्षा पद्धति के जन्मदाता लार्ड मैकाले 1834 में भारत आए थे। भारत से लौटने के बाद उन्होंने 07 फरवरी 1835 को ब्रिटिश पार्लियामेंट में एक वक्तव्य दिया। उस वक्तव्य का एक अंश उन्हीं के शब्दों में प्रस्तुत कर रहा हूं। पढ़िये और अगर साहस जुटा सकें, तो अंग्रेजी स्कूलों में पढ़ने वाले अपने बच्चों को भी पढ़ाइए–

"I have travelled acoross the length and breath of india and I have not seen one person who is beggar, who is a thief. Such wealth I have seen in this country such high moral values, people of such caliber, that I do not think we would ever conquer this country , unless we break the very backbone of this nation, Which is her spiritual and cultural heritage, and therefore, I propose that we replace her old and ancient education system, her culture. FOr if the Indian think that all that their own, they will lose their self esteem, their native culture and they will become what we want them a trully dominated nation."

पथरीले राह

हम चले हैं उस डगर पे जहाँ राह पथरीले हैं।
डरना नहीं है दोस्त हमें, आगे बढ़ते जाना है।
तरह तरह की बाधाएं हैं, धूप भी चमकीले हैं।
हम चले हैं उस डगर पे जहां राह पथरीले हैं।
हम भरे हैं जोश से और यौवन भी नशीले हैं।'
कर्तव्य, सुरक्षा और कानून को हरसु हमें निभाना है।
देश के हर कोने कोने में नक्सलवाद के किले हैं।
हम चले हैं उस डगर पे जहां राह पथरीले हैं।
स्फूर्ति, तरंग और ताकत रहन जड़ित छबिले हैं।
मातृभूमि का कर्ज हमें, मरते दम तक निभाना है।
भारत माँ के हम संतान देखो कितने जोशीले हैं।
हम चले हैं उस डगर पे जहाँ राह पथरीले हैं।

प्रीत, भ्रातृत्त्व और मानवता, यही हमारी शीलें हैं।
जो कसम हमने खाई है, उसपर हमें मिट जाना है।
अभी सफर तो शुरू हुआ है, तय करना तो मीलें है।
हम चले हैं उस डगर पे जहाँ राह पथरीले हैं।

चंदन कुमार
सहायक कमांडेंट

शहादतें अमर होती हैं

अतुल शर्मा
निरीक्षक (मं), संगठन, महानिदेशालय
(वर्तमान में एस.पी.जी. में प्रतिनियुक्ति पर)

पिछले कुछ समय से केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के बारे 11में बहुत कुछ पढ़ने और सुनने को मिला जो निःसंदेह उत्साहवर्धक नहीं था क्योंकि अखबार, मीडिया कुछ राजनैतिक हस्तियां यहाँ तक कि सेना के कुछ (रिटायर्ड) अधिकारी सभी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की आलोचनाओं और कमियाँ को इंगित कर रहे थे। इस दौरान केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों की ड्यूटी के दौरान हुई व्यापक स्तर पर बेरहम हत्याओं के बारे में ऐसे बयान पढ़ कर बचपन से आज तक के मेरे अनुभव चित्रपटल की तरह मेरे सामने घूम गए। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल मेरे लिए 1939 में अंग्रेज शासकों द्वारा बनाया गया Crown Representative Police भर नहीं है जिसने

आजादी के पहले पिण्डारियों को नेस्तानाबूद किया था। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल मेरे लिए सन् 1950 का वह बल मात्र भी नहीं है जिसे लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने कलर प्रदान किया और जिसने 60 के दशक में मध्य भारत के डाकुओं के आतंक को सदा के लिए खत्म कर दिया।

मेरे लिए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल मात्र वह बल भी नहीं है जिसकी एक छोटी सी टुकड़ी ने अत्यन्त विपरीत और विकट परिस्थितियों में Hot Spring में विशाल चीनी सेना का सामना किया और अंतिम गोली रहने तक चीनी सेना को सामरिक रूप से अत्यन्त महत्वपूर्ण उस चौकी में घुसने नहीं दिया और चीनी सैनिक तभी उस चौकी पर कब्जा कर पाए जब सभी सैनिकों ने मातृभूमि के लिए प्राणोत्सर्ग कर दिया। आज भी भारत भर के सभी अर्द्धसैनिक बल और सभी राज्यों की पुलिस इस दिन को के.रि.पु.बल के इन वीरों के आत्मबलिदान की याद में शहीद दिवस के रूप में मनाती है। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल मेरे लिए मात्र एक अर्द्धसैनिक बल नहीं है जिसने 50 के दशक में भारतीय फौज के साथ कंधे से कंधा मिला कर तब तक सीमा की निगरानी की जब तक बी.एस.एफ. का गठन नहीं हुआ। तदुपरांत आंतरिक सुरक्षा और शांति को कायम रखने के साथ भारत के अत्यन्त महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और स्थानों की हिफाजत की, पूर्वी भारत के नक्सलवाद को समाप्त किया, उत्तर-पूर्व की Insurgence से निबटा, पंजाब के आतंकवाद को कुचला। यह बल इसलिए भी मात्र एक बल नहीं है क्योंकि मेरे पिताजी इसी गौरवशाली बल के सदस्य थे। मैंने अपना बचपन जम्मू से लेकर इंफाल गुवाहटी की उन अनजान जगहों पर बिताया है जहाँ आज भी पहुँचना एक दुःस्वपन है। इस बल ने न सिर्फ मेरे पिताजी को एक सम्मानित जीविका दी बल्कि हमारे परिवार को अनुशासन की सीख दी। न केवल इतना ही बल्कि बालिग होते ही मैं भी इस बल का एक अनुशासित सदस्य बना। मेरी पत्नी भी इसी बल में हैं और मेरे ससुर भी इसी गौरवशाली बल के सदस्य थे।

इसलिए जब भी मैं इस बल के बारे में लोगों की प्रतिक्रियाएं सुनता हूँ तो मुझे दुःख और अफसोस होता है। क्योंकि लोगों को शायद यह पता नहीं होता कि जिन जवानों ने ड्यूटी के दौरान अपने प्राणों की बलि दी है वे अपने घरों से हजारों किलोमीटर दूर थे। किसी की पत्नी गर्भवती थी तो किसी के छोटे-छोटे बच्चे थे। कहीं किसी जवान की छोटी बहन अपनी शादी के लिए अपने भाई का बेसब्री से इंतजार कर रही थी तो किसी के माँ पिताजी अपनी पथराई आँखों से अपने बेटे के घर आने का इंतजार कर रहे थे। और घर लौटे इन जवानों के क्षत-विक्षत शरीर। जो कुछ भी नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हो रहा है, उसमें इन जवानों का कसूर क्या था? आखिर इन जवानों की गलती क्या थी। क्या यह जवान अपनी बंदूकों से किसी व्यक्ति का शिकार करने वहाँ गए थे? क्या ये वहाँ मौज मस्ती के लिए गए थे? क्या इन्होंने वहाँ किसी के साथ बदतमीजी की? क्या इन्होंने वहाँ अपनी जमीने और जगीरें खरीदीं? नहीं।

यह बेचारे तो वहाँ अमन और चैन लाने गए थे। इन्हें वहाँ भेजा गया था शांति के लिए। इन्हें जो बंदूकें दी गई थीं वे इनकी च्वाइस से इन्हें नहीं दी गई थीं। जिस क्षेत्र में

इन्हें तैनात किया गया था इनकी नहीं बल्कि वह राज्य सरकार की इच्छा थी। जिन लोगों ने इन्हें धोखे से मारा, यह जवान उन लोंगों से कहीं अधिक वीर, साहसी और हिम्मती थे। मझे गर्व है कि मेरे बल के सदस्यों ने कभी घात लगाकर लोगों के समूह को नहीं मारा जैसा करना सबसे आसान है। यदि मेरे बल के जवानों ने ऐसा किया होता तो वे 76 के बदले 760 लोगों को भी मार सकते थे लेकिन मुझे गर्व है कि मेरे बल के सदस्यों ने सरकार के उन निर्देशों का पालन किया कि उनकी गोली से कोई निरापराध न मारा जाए, कोई ग्रामीण न मारा जाए, कोई बेकसूर न मारा जाए। मुझे गर्व है कि मेरे बल के सदस्यों ने उन जंगलों में जहाँ वे पहले कभी गए भी नहीं थे बिना उचित संसाधनों के डयटी की जहाँ अत्याधुनिक मशीनों के साथ ही ड्यूटी की जा सकती है और बिना विरोध के ऐसा उन्होंने राष्ट्र की खातिर किया, प्राणोत्सर्ग के लिए, आत्मबलिदान के लिए किया, उन लोगों को बदलने के लिए किया जिन्होंने अंततः उन्हे मार डाला। मैं। भारत के ऐसे वीरों का नमन करता हूँ और उन्हे भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित करता हूँ।

पुल पर खड़ी आत्मा जैसी लड़की

पुल के दोनों किनारे बह गए हैं
और एक लड़की पुल पर अकेले खड़ी है
यह मेरी कल्पना हो सकती है, और मेरा सच भी
कि पुल के हर तरफ पानी है,
लड़की पुल पर टहलती है, थोड़ा इधर-थोड़ा उधर
मेरी दमित कामनाओं की प्राकृतिक अभिव्यक्ति की तरह
मैं निर्जन किनारों की तरफ देखता हूँ
दूसरी तरफ है शहर और सारा संसार
जहां नदी का पानी अंतिम हद को छूता है
कुछ लोग खड़े हैं मुड़ रहे हैं,
कुछ ऊंची नजरों से देख रहे हैं
सब किनारों पर खड़े होकर
अपने आपको अभिव्यक्त कर रहे हैं
कितना साहस भरा काम है
दोनों ओर बहते हुये पानी में
दोनों ओर से कटे हुये पुल पर

एक लड़की का अकेला होना
पुल से वह संसार में कैसे आयेगी
उसके शरीर में कोई हड़बड़ाहट नहीं है
हवाओं में खुले बालों के साथ
वह टहलती है थोड़ा इधर-थोड़ा उधर।

अरूण मिश्र
सहायक कमांडेंट

लेख

राजभाषा हिंदी

सरिता शर्मा
निरी. हिंदी अनु., महानिदेशालए, नई दिल्ली

अभिव्यक्ति अनेकों प्रकार की हो सकती हैं-कभी क्लिष्ट, कभी कठिन, कभी अस्पष्ट और कभी बेमतलब। पर अभिव्यक्तियां आसान भी होती हैं। सहज भी होती हैं। स्पष्ट भी। खरी भी। भाषा भी तो अभिव्यक्ति ही है। अपनी बात दूसरे तक पहुंचाना। आप कहें और दूसरा समझे। आसान से शब्दों में। छोटे वाक्यों में। क्या कठिन शब्दों का इस्तेमाल जरूरी है? मेरी नजर में तो नहीं। मैंने कभी किसी अच्छे लेखक को अतिश्याक्तिपूर्ण अंदाज में लिखते हुए नहीं देखा। मेरी नजर में हिंदी के सबसे पुराने काव्य के रूप में राम चरित मानस का ही ख्याल आता है। सीधी सादी चौपाइयां जिन्हें आज भी जनमानस समझता है जबकि 450 वर्षों में हिंदी भाषा की दशा, दिशा और स्वरुप ही बदल चुका है। क्या यह कालजयी रचना है? मेरी नजर में हां। सहज प्रश्न उठता है कि यह कालजयी रचना क्यों है? इसका उत्तर भी इसकी सरलता में छिपा है। क्यों हमारे आज के लगभग सभी गायक सुदंर कांड गा चुके हैं और वह भी अलग अलग शैली में। लय अलग, धुन अलग पर आनंद वही, मिठास वही। हनमान जी की आरती इतने गायकों ने गाई पर आज भी जब किसी मंदिर में कोई अनजान सा व्यक्ति अपनी अनगढ़ सी आवाज में हनुमान जी की आरती गा रहा होता है तो साथ ही मैं भी गुनगुना उठती हूं। फिर यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि एक ऐसी भाषा जो इतने वर्षों में अपनी सर्वग्राहयता जैसे मौलिक गुण को समृद्ध

करती रही, जो सम्पूर्ण भारत में ही नहीं अपितु इस पूरे क्षेत्र में बोली और समझी जाती है क्यों कार्यालयों में नहीं स्वीकारी गई?

इसका उत्तर संभवतः इसकी राजभाषा की घोषणा में छुपा हुआ है। आजादी से पूर्व सरकारी कामकाज की भाषा अंग्रेजी थी। आजादी के बाद जैसे हमने अंग्रेजों के कपड़े स्वीकारे, उनकी बनाई सड़कें स्वीकारी, रेल स्वीकारी, शिक्षा प्रणाली स्वीकारी, सरकारी तंत्र स्वीकारा वैसे ही हमने उनकी भाषा भी स्वीकारी। कहने को तो हिंदी राजभाषा घोषित कर दी गई पर अघोषित रूप में अंग्रेजी ही राजकाज की भाषा बनी रही। कहने को तो हमने अंग्रेजों से मुक्ति पा ली पर हमने अंग्रेजियत से मुक्ति नहीं पाई। अलग अलग प्रान्तों के निवासी अपनी मूल भाषा में लिख पाएं या नहीं, पर वे अंग्रेजी में लिखना शान समझते हैं और सरकारी कामकाज में हिंदी राजभाषा है। पर क्या यह वस्तुतः राजभाषा है? जिसे देखिए वह धडल्ले से अंग्रेजी का इस्तेमाल कर रहा है। लिख सकते हैं या नहीं, सही हैं या गलत, पर लिख रहे हैं। जब हिंदी के इस्तेमाल का प्रश्न आता है तो कहते हैं कि सही नहीं लिख सकते इसलिए नहीं लिख रहे। क्यों महानुभाव, क्या गलत लिखने पर आपके अंक काट दिए जाएंगें जो आप नहीं लिख सकते? स्पष्ट है कि यह बेमतलब के कुतर्क हैं। हिंदी एक सहज, सरल, स्पष्ट, समृद्ध, वैज्ञानिक भाषा है। यह इस्तेमाल में आसान है और लगभग हर कार्मिक द्वारा पढ़ी, समझी और बोली जाती है। इसीलिए एक हिंदी अनुवादक के तौर पर जबकि मेरी ड्यूटी ही हिंदी के अनुपालन, प्रचार और प्रसार की है सभी से अनुरोध है कि न केवल सरकारी काम काज में बल्कि व्यावहारिक रूप में भी हिंदी को अपनाएं। आप पाएंगे कि हिंदी में काम करना न केवल आसान है बल्कि कार्य प्रारंभ करने के बाद इसकी सहज गति में आपको आनंद आने लगेगा। वैसे भी अगर आपकी गलती की ओर कोई इशारा करता भी है तो उसे सुधारा जा सकता है। कंप्यूटर के इस युग में गलती सुधारना तो बहुत आसान है। न केवल भारत सरकार ने अपितु कई निजी संगठनों और व्यक्तियों ने हिंदी के बहुत आसान साफ्टवेयर लांच किए हुए हैं। ऐसे साफ्टवेयर न केवल हिंदी के इस्तेमाल को आसान बनाते हैं बल्कि अत्यन्त प्रभावी भी बनाते हैं। इसीलिए मेरा आपसे पुनः आग्रह है कि हिंदी के इस्तेमाल की झिझक छोडिए, अंग्रेजी से बेमतलब को मोह छोड़िए, दूसरे क्या कहते हैं इसकी फिक्र छोडिए और हिंदी को अपनाइए।

हिन्दी हमारी मातृभाषा है; मात्र एक भाषा नहीं.

ज्ञानवर्धन

राजभाषा हिंदी के संबंध में कुछ रोचक तथ्य

राकेश कुमार कुशवाहा
निरी./हिंदी अनु., ग्रुप केन्द्र, केरिपुबल, श्रीनगर

1. हिंदी 26 जनवरी 1965 से भारत की राजभाषा बनी है। हिंदी भाषी राज्यों अण्डमान निकोबार द्वीप समूह, चण्डीगढ, दिल्ली, बिहार, झारखण्ड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तर प्रदेश एवं उत्तरांचल की राज्य भाषा हिंदी है।
2. हिंदी वर्णमाल में मूलतः 11 स्वर एवं 33 व्यंजन हैं। हिंदी लिखने के लिए प्रयोग में लाई जाने वाली देवनागरी लिपि की उत्पत्ति प्राचीन ब्रह्मी लिपि से हुई है एवं यह अन्य भारतीय लिपियों गुजराती एवं बंगाली से नजदीक से जुड़ी है।
3. हिंदी भाषा पारसी, तुर्की, फारसी, अरबी, पुर्तगाली एवं अंग्रेजी भाषाओं के शब्दों से समृद्ध हुई है। आज हिंदी भाषा भारत के अलावा दक्षिण एशिया के अन्य देशों जैसे पाकिस्तान, नेपाल एवं भूटान में बहुतायत से बोली जाती है।
4. विश्व के अन्य देशों जैसे ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका, मॉरीशस, संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, त्रिनिदाद, फिजी, सूरीनाम, गुआना, यमन, उगाण्डा, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड, मलेशिया एवं सिंगापुर में भी हिंदी भाषा बोली जाती है।
5. हिंदी प्रायः तीन शैलियों में लिखी जाती है – संस्कृतनिष्ठ शैली, पारसीनिष्ठ शैली, अंग्रेजीनिष्ठ शैली। संस्कृतनिष्ठ शैली का प्रयोग उच्च विधि न्यायालयों में, पारसीनिष्ठ शैली का प्रयोग निम्नतर विधि न्यायालयों में, कुछ साहित्यिक विधाओं में, फिल्मों में एवं अंग्रेजीनिष्ठ शैली का प्रयोग दैनिक प्रशासनिक कामकाज, कॉलेज परिसरों व वैज्ञानिक एवं तकनीकी स्तर पर देखने को मिलता है।
6. भारतीय उप महाद्वीप में विभिन्न भाषा-भाषी समुदाय हैं जो प्रायः एक ही भाषा एवं संस्कृति का अनुसरण करते हैं। भारतीय लोग विभिन्न भाषाएं व प्रांतीय भाषाएं बोलते हैं, जोकि मूल रूप से 15 प्रमुख भाषाओं से अवतरित हुई हैं। यह गौरव की बात है कि कुछ भारतीय भाषाओं का साहित्यिक इतिहास बहुत प्राचीन एवं गौरवपूर्ण रहा है। उदाहरणतः संस्कृत साहित्य 5000 वर्षों से भी पुराना है तो तमिल साहित्य 3000 वर्षों से भी प्राचीन है। भारत देश में कुछ भाषाएं ऐसी भी हैं जो लिखित प्रारूप में नहीं हैं।
7. भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में वर्तमान में 22 भाषाओं का उल्लेख है, जो

इस प्रकार हैं:- 1. असामेया, 2. बंगला, 3. गुजराती, 4. हिंदी, 5. कन्नड़, 6. कश्मीरी, 7. मलयालम, 8. मराठी, 9. उड़िया, 10. पंजाबी, 11. संस्कृत, 12. सिन्धी, 13. तमिल, 14. तेलुगु, 15. उर्दू, 16. नेपाली, 17. मणिपुरी, 18. कोंकणी, 19. बोडो, 20. संथाली, 21. मैथिली, 22. डोगरी। यह उल्लेखनीय है कि प्रारंभ में भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में 18 भाषाएं थीं, 100वें संविधान संशोधन विधेयक के तहत इन अठारह भाषाओं में 4 और भाषाएं जोड़ी गई हैं।

8. यद्यपि भारत सरकार की ओर से 22 भाषाएं मान्यता प्राप्त हैं, तथापि यहां 33 विभिन्न भाषाएं एवं 2000 क्षेत्रीय/ प्रांतीय भाषाओं की भी पहचान की गई है।

9. भारतीय स्कूलों में 58 विभिन्न भाषाऐं पढ़ाई जाती हैं। भारतवर्ष में 87 भाषाओं के अखबार प्रकाशित होते हैं, 71 भारतीय भाषाओं में रेडियो कार्यक्रम प्रसारित होते हैं एवं 15 भाषाओं में फिल्मों का निर्माण होता है।

10. श्री गुरनेक सिंह द्वारा मूल रूप लिखी गई पुस्तक "इण्डिया बुक 1994-95" के अनुसार भारतवर्ष में मान्यताप्राप्त 325 भारतीय भाषाएं इस प्रकार हैं– Agaria, Ahirani, Aimol, Aiton, Anal, Andamanese, Angani, Angika, Ao, Apatani, Arabic, Armenian, Ashing, Assamese, Asuri, Awadhi, Badaga, Baghelkhandi, Bagri, Baigani, Bajania, Balti, Bangni, Banjari, Basturia, Bauria, Bawm, Bazigar Boli, Bengali, Bhanja-bhumia, Bantu, Bharmauri, Bhairi, Bhili, Bhojpuri, Bhotia, Bhuiya, Bhumij, Bhunjia, Biate, Bilaspuri, Birhor, Birjia, Bishnupriya, Bodo, Bokar, Bondo, bori, Braj Bhasha, Brijlal, Bugun, Bundelkhandi, Burmese^usharLChakhesang^hakma^hambilai, Chameali, Chang, Changpa, Chattisgarhi, Chikari, Chinali, Chiru, Chote, Churasi, Dalu, Deori, Dhanki, Dhimal, Dhodia, Dhundhari, Didayi, Dimasa, Dingal, Dogri, Dommari, Droskhat/Dokpa, Duhlian-Twang, English, French, Gadaba, Gadiali, Gallong, Gameti, Gamit, Gangte, Garasia, Garhwali, Garo, Giarahi, Gondi, Gujarati, Gujjari, Gurung, Gutob, Hajong, Halam, Halbi, Harauti, Haryanavi, Hebrew, Himachali, Hindi, Hinduri, Hindusthani, Hmar, Ho, Hrusso, Hualngo, lrula, Jabalpuri, Jangali, Jarawa, Jaunsari, Juang, Kabui, Kachanga, Kachari, Kachchi, Kadar, Kagati, Kakbarak, Kanashi, Kangri, Kannada, Karbi, Karen, Karko, Kashmiri, Kathiawari, Khadiboli, Khaka, Khamba, Khampa, Khampti, Khampti-shan, Kharia, Khasi, Khaskura, Khatri, Kherwari, Khiangan, Khorusti, Khotta, Kinnauri, Kiradi, Kisan, Koch, Kodagu, Koi, Koireng, Kokni, Kolami, Kom, Komkar, Konda, Konicha, Konkani, Konyak, Koracha, Koraga, Korava, Korku, Korwa, Kota, Kotwalia, Kudmali, Kui, Kuki, Kulvi, Kumaoni, Kunbi, Kurukh, Kuvi, Ladakhi, Lahauli,

Laihawlh, Lakher (Mara), Lalung.Lambani, Lamgang, Laotian, Laria, Lepcha, Limbu, Lisu, Lodha, Lotha, Lushai, Mag, Magahi, Magarkura, Mahal, Maithili, Majhi, Makrani, Malankudi, Malayalam, Malhar, Malto, Malvi, Manchat, Mandiali, Mangari, Mao, Maram, Marathi, Maria, Maring, Marwari, Mavchi, Meitei, Memba, Mewari, Mewati, Milang, Minyong, Miri, Mishing, Mishmi, Mizo, Monpa, Monsang, Moyon, Muduga, Multani, Mundari, Na, Nagari, Nagpuri, Naikadi, Naiki, Nati, Nepali, Nicobarese, Nimari, Nishi, Nocte, Odki, Onge, Oriya, Padam, Pahari, Paharia, Palilibo, Paite, Panchpargania, Pang, Pangi, Pangwali, Parimu, Parji, Paschima, Pasi, Pashto, Pawri, Pengo, Persian, Phom, Pochury, Punchi, Punjabi, Rai (Raikhura), Rajasthani, Ralte, Ramo, Rathi, Rengma, Riang, Sadri, Sajalong, Sambalpuri, Sangtam, Sansi, Santali, Sadra, Saraji, Sarhodi, Saurashtri, Sema, Sentinelese, Shekhawati, Sherdukpen, Sherpa, Shimong, Shina, Shompen, Sikligar, Sindhi, Singpo, Siraji, Sirmauri, Soliga, Sulung, Surajpuri, Tagin, Tai, Tamang, Tamil, Tangam, Tangkhul, Tangsa, Tataotrong, Telugu, Thado, Thar, Tharu, Tibetan, Toda, Toto, Tulu, Urdu, Vaiphei, Varli, Wagri, Wancho, Yereva, Yerukula, Yimchungre, Zakring (Meyer), Zeliang, Zemi, Zou.

11. अवधी, भोजपुरी, बुन्देली, छत्तीसगढ़ी, हरियाणवी, हिंदुस्तानी (हिंदी एवं उर्दु का मिश्रण), कनौजी, मगही, मारवाड़ी, भाषाऐं हिंदी भाषा की उप भाषाएं कही जाती हैं।

खुशियाँ

नि./मं. धर्मपाल
ग्रु.डे.-गुड़गांव

मुझे खुशी अभी चाहिये। मैं कल या परसों का इन्तजार नहीं कर सकता। यह तभी संभव हो सकता है जब हम भविष्य की चिन्ता छोड़ देंगे। हम सब लोग ज्यादातर अपने एवं अपने बच्चे के भविष्य के बारे में एवं उनके भविष्य को सुधारने के बारे में या तो सोचते रहते है या दिन रात काम करते रहते है। जिसमें हमारी खुशी हमारा आज हमारा आने वाला कल विलुप्त हो कर रह जाता है और धीरे-धीरे आदमी अपनी जीवन यात्रा पूर्ण करके मृत्यु को प्राप्त हो जाता है । सपने देखना उनको पूरा करने की चेष्टा करना अपने एवं अपने बच्चों के भविष्य के बारे में सोचना अच्छी बात है क्योंकि जिस भारत वर्ष में हम पैदा हुए है उसकी संस्कृति ही ऐसी है परन्तु हर काम

को अपनी खुशियों की कीमत पर पूरा करना अच्छी बात नहीं। हम हमेशा यही सोचते हैं कि मेरा यह काम हो जाएगा तो मुझे खुशी मिल जाएगी। उसके तुरन्त बाद कोई दूसरा काम निकल आता है जिस पर फिर आदमी सोचता है कि मेरा यह काम पूरा हो जाएगा तो मुझे खुशी मिल जाएगी उसके बाद आदमी सोचता है कि मुझे यह चीज मिल जाये तो मैं खुश हो जाऊँगा उसके बाद और, और उसके बाद और। इस तरह हम कभी भी खुश नहीं हो पाते और हमेशा अपने और अपने बच्चों के लिए वस्तुओं को प्राप्त करने में लगे रहते हैं और अपनी खुशी को आने वाले कल और परसों पर टाल देते हैं। इसलिए मेरा यह सोचना है कि मुझे कल का इन्तजार नहीं करना है कल पता नहीं कि मैं रहूँ न रहूँ तेरा साथ रहे न रहे इसलिए मुझे खुशी अभी चाहिए वर्तमान में। मैं बस और इन्तजार नहीं कर सकता। इसलिए सदैव खुश रहो और जो हमारे पास है उससे संतुष्ट रहो और यह ही मेरी दुआ है और जीवन को आनन्द से जीने का तरीका है।

लेख

वर्तमान समय में देश विभिन्न, आंतरिक सुरक्षा संबंधी पप्रश्नों से जूझ रहा है, इसमें

सबसे ज्वलंत एवं विस्फोटक नक्सलवाद की समस्या है। अगर बीते दो वर्षों की बात करें तो आतंकवाद एवं अलगाववाद इसके सामने बौना नजर आता है। अब यह न केवल आंतरिक सुरक्षा का प्रश्न रह गया है बल्कि इससे भारत की विदेश नीति प्रभावित हो रही है। नक्सलवादियों को सीमा पार से मिलने वाले मदद ने विदेश नीति तक को प्रभावित कर डाला। चीन, म्यांमार एवं 'नेपाल के साथ वार्ता में अब नक्सलवादियों को दिए जाने वाले समर्थन पर भी वार्ता होने की उम्मीद है।

नक्सलवादियों ने न केवल विदेश नीति बल्कि संपूर्ण आंतरिक विकास को प्रभावित कर रखा है। आज वस्तुस्थिति यह है कि नक्सलवाद भारत के किसी एक राज्य की समस्या नहीं है, बल्कि यह 18 राज्यों के 200 जिलों की गंभीर समस्या है। राज्य प्रशासन एवं केंद्रीय प्रयासों के बावजूद नक्सली गतिविधियों का सिलसिला जारी है। अपनी अनेक भलों के कारण यह अपनी अनेक भूलों के कारण यह अपनी मूल

जन्मस्थली पश्चिम बंगाल में तो गौण रहा किंतु जहां इसे पर्याप्त कारण मिला वहां इसने सशक्त रूप धारण किया। नक्सलवादी छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, एवं महाराष्ट्र में तो सक्रिय है ही किंतु इनके 'स्लीपर सेल' विभिन्न राज्यों उत्तर प्रदेश, केरल, उत्तराखंड इत्यादि में फैले हुए हैं।

वास्तव में नक्सलवाद है क्या? यह किन विचारधाराओं पर कार्य करता है और इनको समाप्त करने के क्या-क्या आयाम हो सकते हैं एवं इसने किस प्रकार आंतरिक विकास को बाधित कर रखा हे यह सब एक-दूसरे में गूंथे प्रश्न है। जिसका प्रारंभ भी विकास से होता है और अंत भी विकास से। जिस प्रकार विकास की धीमी रफ्तार ने नक्सलवाद को जन्म दिया उसी प्रकार विकास की तेज और सतत् रफतार उसे समाप्त कर देगी।

नक्सलवाद 1967 ई० में नक्सलवाड़ी ग्राम दार्जिलिंग जिला पश्चिम बंगाल से प्रारंभ हुआ। जमींदारों एवं भू-स्वामियों के विरूद्ध प्रारंभ हुआ यह आंदोलन इतना सशक्त रूप धारण कर लेगा यह किसी को उम्मीद भी नहीं थी। इसे प्रारंभ करने का श्रेय कानू सान्याल एवं चारू मजूमदार को जाता है। कानू सान्याल ने इसे 'सर्वहारा की क्रांति' बताया और इसके तीन लक्ष्य बताए:–

1. भूमि, भूमि जोतने वालों की हो

2. पँजी एवं विदेशी संरचनाएं समाप्त की जाएं

3. वर्ग एवं जाति संघर्ष बंद हो

वास्तव में इस आंदोलन को वैचारिक समर्थन चीन से मिला। 1960 ई. में चीन में नवीं कांग्रेस संपन्न हुई जिसमें माओ के विचारों को सर्वश्रेष्ठ बताया गया। इसी से प्रभावित होकर चारू मजूमदार ने घोषणा की "चीन का चेयरमैन हमारा चेयरमैन है।" परंतु माओ के विचार को मानने वाले नेताओं ने इसके हिंसक अपभ्रंश रूप की कल्पना भी नहीं की थी। आज यह सामाजिक आंदोलन न होकर बल्कि राजनीतिक

हो चला है। इसके हिंसक गतिविधियों को देखें तो स्पष्ट रूप से पता चलता है कि यह कोई सामाजिक-आर्थिक आंदोलन नहीं है बल्कि गरीब, दलित, शोषित आदिवासी एवं मजदूर किसान की कुंठाओं एवं मनोभावों का फायदा उठाकर सरकार के विरूद्ध चनौती खड़ा करना है। अगर हम आंकड़ों को देखें तो 2008 में 1591 नक्सली हमले तथा 2009 में 2000 से भी अधिक नक्सली हमले हो चुके हैं। वर्ष 2010 के मध्य तक ही 700 से भी अधिक नक्सली हमले हो चुके हैं। कुल मिलाकर अगर पिछले पांच वर्षों का अनुपात निकाला जाए तो प्रतिवर्ष लगभग 1500 नक्सली हमले तथा 1000 से भी अधिक हत्याएं एवं लूट हो चुकी है। वर्ष 2010 में नक्सलवादियों ने कई बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया। उसने कई पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी एवं आमजनों को भी निशान बताया। इस प्रकार इन आंकड़ों को देखते हुए हम कह सकते हैं, यह कोई आंदोलन नहीं बल्कि कानून-व्यवस्था की बिगड़ी हुई स्थिति है। राज्य एवं केंद्र सरकारों को इससे मिलकर निबटना होगा।

दंतेवाड़ा के जंगलों में ग्रामीणों की जांच करते हुए बल कार्मिक

इस समस्या के समाधान के लिए दो प्रकार की रणनीति अपनानी होगी :-

1. विकास में आने वाले बाधक तत्व जो विकास को नहीं होने दे रहे हैं अथवा जो विकास को बर्बाद कर रहे हैं उनसे बलपूर्वक सामना करना चाहिए। सुरक्षा बलों यथा राज्य केंद्र एवं अन्य को मिलकर नीति निर्धारण करते हुए इसका खात्मा करना चाहिए। राज्य पुलिस एवं गुप्तचर विभाग इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इनके द्वारा दी गई सुचनाओं का इस्तेमाल करते हुए अर्द्धसैनिक बल एवं अन्य बल बेहतर परिणाम दे सकते हैं।
2. जब सुरक्षात्मक माहौल उपलब्ध हो तो वहां के निवासियों को विश्वास में लेना होगा।

उन्हें बताना होगा कि नक्सलवादी उनके मनोभावों का किस प्रकार फायदा उठा रहे हैं। जब उनका समर्थन नक्सलवादियों से छिन जाएगा और यही समर्थन प्रशासन को मिलेगा तो विकास कार्य को तीव्र गति दी जा सकती है। विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं का बेहतर प्रकार से कार्यान्वयन हो पाएगा और नक्सलवादियों से समर्थन छीनने के बाद उनका आधार खत्म हो जाएगा और वह अधिक दिन तक अपनी लड़ाई नहीं लड़ पाएंगे। विकास से वहां के नागरिक का जीवन स्तर उन्नत होगा और वह इस प्रकार की किसी कार्रवाई में हिस्सा नहीं लेंगे और नक्सलवाद जड़ से समाप्त होगा।

प्रशिक्षणरत कोबरा जवान

प्रदेश परिचय

वादियों का कस्बा अरूणाचल प्रदेश

अरूणाचल प्रदेश की मनोहारी छटा किसी से कम नही है। अनेक वादियों जैसे कश्मीर, डलहौजी, खजियार या अफ्रीका महादीप का विक्टोरिया इन सब की तुलना में अरूणाचल प्रदेश प्रथम पायदान पर होना चाहिए। हरे भरे पहाड़, सफेद बर्फ से ढकी पहाड़ियों की चोटी, झरने, नदियों चाहे वो दिबांग नदी हो या सियांग नदी हो, ऐसे बहती है जैसे तीव्रगति से दौड़ती हुई सर्व जाति की धामिन। वही चमक दूधिया रंग का झलकता पानी ऐसे लगता है जैसे दुधारू गाय का दूध बह रहा हो। कल-कल करती नदियों की आवरन मनमुग्ध कर देती है। यहां का सामाजिक प्रवेश किसी से नहीं मिलता। इस जाति के लोग शिकार कि शौकीन, लेकिन यदि शिकार कर किसी वन्य प्राणी ले भी लिए हो' तो 5-7 दिन घर नहीं आते हैं। पश्चाताप व प्रायश्चित करते हुए जंगल में रहते हैं चाहे वो राजा ही क्यों न हो। वन्य प्राणियों से उनका प्यार देखते ही बनता है लेकिन शिकार का शौक फिर भी माथे में छाया रहता है। सुन्दरता चाहे पुरूष हो व महिला हो देखते ही बनती हैं। भगवान ने क्या-क्या रंग रूप दिया है। महाभारत में भी यहाँ की सुन्दरता का वर्णन मिलता है। अहोग राजा वर्तमान में लोवर दिबांग बेली के नाम से जाना जाता है। श्री कृष्ण जी ने रूकमणी का रूप, सुन्दरता का गुणवान धार्मिक साहित्यों में वर्णित है। आतिथ्य सत्कार के धनी हैं यहां के लोग जहां जाइए आपका आतिथ्य सत्कार पारम्परिक तौर तरीकों से किया जाता है। चूंकि अरूणाचल राज्य तिब्बत, भूटान, बर्मा व चीन से घिरा हुआ है। अनेक सभ्यताओं का समावेश यहां देखने को मिलता है। सभी धर्मों का नेतृत्व यहां देखने को मिलता है। राजस्थान के थार से से आए सैलानी यहां से लौटकर वापस नहीं गए। स्वर्ग समझकर यहां अपना पूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे हैं। मौसम के मिजाज, पक्षियों की चहचाहट, नदियों, झरनों का शोर आपके अन्तर्मन को मोह लेता है। यहां के लोगों की वेश-भूषा भी देखते ही बनती है। जितना आप घाटियों के दामन में बसे हुए गांवों में

प्रवेश करेंगे, हाथ से बने वस्त्र का आभूषण जो मुख्यतः हाथी दांत से बनाए गए है, किसी स्वर्णकार को भी शमिंदा करते हैं। बांस से बने हैट, हाथी दांत से बने दावों के दसते क्या बेजोड़ कलाकारी का परिचय देते है सन्तरा, कीवी के बगीचे अपनी छटाएं बिखेरते हैं।

ऐसा सुन्दर प्रदेश शायद ही भारतवर्ष में हो। कश्मीर से भी कही अधिक सुन्दरता अरूणाचल राज्य की है। स्वर्ग की तुलना से कम नही। पेड़ों की उंचाई व मोटाई से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि mother of trees व father of trees यही थे। दस-दस हाथी कई टनों के वजन के पेड़, जंगलों से धकेल कर लाते दिखाई देंगें।

अतः यह कहना अतिश्योक्ति होगी कि नदियों का कस्बा अरूणाचल की श्रेणी को कम न आंका जाए।

रिपोर्ट

101 बटालियन आर.ए.एफ. में 21 दिवसीय अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम

भारत सरकार की राजभाषा नीति के सफल अनुपालन एवं सरकारी कार्यों में राजभाषा हिंदी को अधिकाधिक बढ़ावा देने के उद्देश्य से महानिदेशालय के निर्देश पर 101 बटालियन द्रुत कार्य बल, शांतिपुरम्, फाफामऊ, इलाहाबाद में केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के तत्वावधान में 4 से 29 अप्रैल 2011 तक 21 दिवसीय, गहन अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन द्रुत कार्य बल सैक्टर के लिए किया गया। महानिदेशालय एवं द्रुत कार्य बल सैक्टर मुख्यालय के कुशल निर्देशन में इस अनुवाद प्रशिक्षण का संचालन किया गया। इस कार्यक्रम में द्रुत कार्य बल सैक्टर के सभी कार्यालयों व यूनिटों के 22 कार्मिकों ने हिस्सा लिया। केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो के दिल्ली मुख्यालय के तीन प्रशिक्षक तथा इसके कलकत्ता शाखा से एक प्रशिक्षक (सभी सहायक निदेशक स्तर के) ने प्रतिभागियों को उच्च दर्जे का प्रशिक्षण प्रदान किया। इन्होंने बड़ी लगन एवं कठोर परिश्रम से कार्मिकों को कार्यालयीन हिंदी का प्रभावी उपयोग, अनुवाद, भाषा और उसके विभिन्न रूपों एवं राजभाषा नियम, अधिनियम की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षार्थियों के मुताबिक "उन्होंने प्रशिक्षण के उपरान्त यह महसूस किया कि कार्यालयीन कार्यों को हिंदी में भी उन ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है जिसके लिए वे अंग्रेजी की बैसाखियों का सहारा लेते हैं। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें भाषा की उन बारीकियों के बारे में बताया

गया जिसके बारे में वे जानते तो थे मगर उसके उपयोग में कदाचेत भ्रामेत रहते थे। विद्वान प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को बताया कि कार्यालयीन भाषा व्यक्ति मूलक नहीं बल्कि संख्यामूलक होनी चाहिए। ऐसी भाषा कठोर हुए बिना भी सख्ती का एहसास करा सकती है।"

दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए श्री ए.ए. खान, पुलिस उपमहानिरीक्षक, इलाहाबाद रेंज

एक वक्ता के उद्गारों को सुनते हुए श्री ए.ए. खान

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्रुप केन्द्र केरिपुबल, लखनऊ, अमेठी, इलाहाबाद के निरीक्षक (हिन्दी अनुवादकों) को भी नियुक्त किया गया था। इनके द्वारा अनुवाद ब्यूरो

के प्रांशेक्षकों से समन्वय स्थापित कर प्रांशेक्षण को सचारू रूप से चलाने में पूरी सहायता दी गयी। सभी प्रशिक्षणार्थी उनके कार्यालयों में प्रयोग हो रहे महत्वपूर्ण आदेश/अनुदेश/स्वीकृति आदेश, विभिन्न रिटर्न/रिपोर्ट/बोर्ड पोसीडिंग्स अपने साथ लाये थे उनका यहां पर हिन्दी अनुवादक द्वारा हिन्दी में अनुवादित किया गया। जिसके बाद सभी संबंधित कार्यालयों/यूनिटों में स्थायी रूप से उनका हिन्दी में प्रयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी के आधार पर सभी नमूनों को टंकित करवाकर उसकी सी.डी. तैयार करवाकर सभी दुत कार्य बल कार्यालयों को भिजवाया गया ताकि कार्यालयों में पूरा सरकारी काम-काज हिंदी में ही किया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षार्थियों द्वारा उच्चकोटि का अनुशासन एवं सीखने की ललक तथा निष्ठा का प्रदर्शन किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन एवं समापन रेंज कार्यालय, के.रि.पु.बल इलाहाबाद के उप महानिरीक्षक श्री आफताब अहमद खान द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि केरिपुबल में देश के प्रत्येक हिस्से के लोग कार्यरत है जो कि एक-दूसरे से भावनात्मक एकता एवं सम्पर्क के लिए हिंदी का ही प्रयोग करते हैं और अपने अन्य सभी कर्तव्यों के साथ-साथ भारत सरकार की राजभाषा नीति के पूर्ण अनुपालन के लिए भी कृत संकल्प है। इस अवसर पर कमाण्डेन्ट 101 वाहिनी श्री एस.पी. सिंह, एवं समापन के अवसर पर कमाण्डेन्ट 214 बटा. श्री संजय शर्मा मौजूद थे। उपरोक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन में 101 वाहिनी के श्री ए.के. सक्सैना, उप कमाण्डेन्ट ने समन्वय अधिकारी का दायित्व निभाया।

कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो के अधिकारी

83 बटालियन में वृक्षारोपण कार्यक्रम

19 जुलाई, 2011 को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के लालवास, जयपुर स्थित 83 बटालियन के परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि श्री आर. तोमर, पुलिस महानिरीक्षक राजस्थान सेक्टर के कर कमलों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। बल के वृहद जनोपयोगी कार्यक्रमों के अंतर्गत इस वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजन के दौरान 500 विविध प्रकार के फलदार और अनेक उपयोगी वृक्ष लगाये गये, जिनमें पक्षीमित्र वृक्षों की अधिकता है।

वृक्षारोपण के अवसर पर श्री रविन्द्र तोमर, पुलिस महानिरीक्षक राजस्थान सेक्टर अधिकारियों के साथ वृक्षारोपण करते हुए

संसदीय राजभाषा समिति द्वारा आंतरिक सुरक्षा अकादमी का निरीक्षण

संसदीय राजभाषा समिति की पहली उप समिति के द्वारा 22 सितम्बर 2010 को आन्तरिक सुरक्षा अकादमी के.रि. पु.बल आबू पर्वत केन्द्रीय विद्यालय आ.सु. अकादमी आबू पर्वत एवं स्टेशन मुख्यालय (सेना) आबू पर्वत का निरीक्षण किया गया। इस दौरान 10 संसदीय समिति की अगुवाई माननीय श्री राजेन्द्र अग्रवाल उपाध्यक्ष/संयोजन द्वारा की गई तथा श्री शिवानंद तिवारी, श्री निनोंग ईरिग, श्री अशोक अर्गल, श्री महाबल मिश्रा, श्री दारा सिंह चौहान, श्रीमती पूनम जुनेजा, डॉ. एल.आर. पादव, श्री अश्वनी कुमार मोहल, श्री राम प्रसाद आदि भी इस समिति के गणमान्य सदस्यगण/अधिकारीगण थे। इस दौरान श्री पी. मल्लना गौड़ निदेशक/ महानिरीक्षक द्वारा आदरणीय समिति के उपाध्यक्ष/संयोजक महोदय संसदीय

राजभाषा सामोते के सम्मानीय सदस्यगणों का स्वागत करते हुए तीनों संस्थानों की ओर से स्मृति चिन्ह एवं उपहार सप्रेम भेंट किये गये। श्री गौड़ सहयोगी अधिकारीगणों का स्वागत करते हुए, सर्वप्रथम आबू पर्वत तथा अकादमी के संक्षिप्त इतिहास की जानकारी दी गई तथा इससे भी अवगत कराया कि इस अकादमी में किये जाने वाले काम-काज हिन्दी में सम्पन्न किए जाते तथा अकादमी में राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) तथा राजभाषा नियम 5 का पूरा अनुपालन किया जा रहा है व अन्य जानकारी देते राजभाषा नीति के अनुपालन से संबंधित सभी जानकारियों को संसदीय राजभाषा समिति के समक्ष प्रस्तुत कर इस दिशा में और आगे बढ़ने के लिए उनके मूल्यवान मार्गदर्शन हेतु अनुरोध किया तथा साथ में राजभाषा प्रगति के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु दिये गये नियमों के अनुसार कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए अंत में निदेशक महोदय द्वारा निरीक्षण के दौरान उपस्थित गृह मंत्रालय एवं अपने सहयोगियों का परिचय देते हुए सभी माननीय सदस्यों एवं गणमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद किया।

श्री धीरज मित्र मिश्रा, उप कमां. *121* बटा., श्रीमती उर्मिला सिंह, महामहिम राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश से राजभाषा शील्ड ग्रहण करते हुए ;साथ में हैं डा. सुनील गुप्ता, वाइस चांसलर, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय

ग्रुप केन्द्र बनतलाब ने जीता क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन पुरस्कार

भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा वर्ष 2009-10 की अवधि के दौरान राजभाषा के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने की दिशा में सर्वोत्कृष्ट कार्य करने वाले केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों को दिए जाने वाले पुरस्कारों के लिए दिल्ली एवं उत्तर

क्षेत्र में “ग” क्षेत्र में ग्रुप केन्द्र, कोरेपुबल, बनतालाब, जम्मू (जम्मू व कश्मीर) को “तृतीय” पुरस्कार के लिए चुना गया। तदनुसार राजभाषा विभाग (उत्तर क्षेत्र) द्वारा दिनांक 17 मार्च 2011 को शिमला (हिमाचल प्रदेश) में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, समर हिल, शिमला के ऑडोटोरियम में आयोजित संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर हिमाचल प्रदेश के महामहिम राज्यपाल श्रीमती उर्मिला सिंह ने निरीक्षक (हिंदी अनुवादक) सुरेन्द्र पाल सिंह को राजभाषा शील्ड और प्रमाण-पत्र प्रदान किया।

हिमाचल प्रदेश की राज्यपाल महामहिम श्रीमती उर्मिला सिंह निरीक्षक (हिंदी अनुवादक) सुरेन्द्र पाल सिंह को राजभाषा शील्ड और प्रमाण-पत्र प्रदान करते हुए

राजपत्रित अधिकारियों के 42वें बैच का दीक्षांत समारोह

सेवा और निष्ठा की शपथ लेते हुए प्रशिक्षु अधिकारी

एक भव्य एवं शानदार दीक्षांत परेड समारोह में सीआरपीएफ अकादमी गुड़गांव से 29 अगस्त 2011 को 42वें बैच के 146 सी.आर.पी.एफ. अधिकारी जिनमें एक महिला अधिकारी भी शामिल है, पास आउट होकर देश सेवा में समर्पित हुए। श्री जितेन्द्र सिंह, गृह राज्य मंत्री ने मुख्य अतिथि के रूप में परेड की सलामी ली। विभिन्न प्रशिक्षण प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठता प्राप्त करने वाले निम्नलिखित उत्कृष्ठ प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सी.आर.पी.एफ. के 23 अधिकारियों एवं कार्मिकों को राष्ट्र के लिए समर्पित उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए विशिष्ट सेवा पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

गत वर्षों में सीआरपीएफ बढ़कर विश्व का सबसे बड़ा अर्धसैनिक बल बना है। बल अति अनुकूलनीय संगठन है और विभिन्न प्रकृति की अत्याधिक विविधतापूर्ण ड्यूटियाँ करने में सक्षम है। श्री के. विजय कुमार, भा.पु.सेवा, महानिदेशक, सीआरपीएफ के ओजस्वी नेतृत्व में बल माओवादियों द्वारा दी गई व्यापक चुनौतियों और माओवादियों की हिंसात्मक योजनाओं के प्रति तत्काल नव वातावरण से परिचित होकर पूर्ण बुद्विमता एवं निपुणता के साथ उचित ढंग से मुकाबला कर रहा है। यह अनुकूलनशीता सीआरपीएफ की महत्वपूर्ण शक्ति है जो सभी के लिए अत्यधिक संतुष्टि की अनुभूति है।

सीआरपीएफ अकादमी कादरपुर, गुड़गॉव की स्थापना 23 मार्च 2002 को हुई थी। इस अकादमी की आधारशिला उस समय के भारत के गृह मंत्री लालकृष्ण आडवानी द्वारा रखी गई थी। सीआरपीएफ अकादमी केरिपुबल में सहायक कमांडेंट के पद पर सीधे नियुक्त राजपत्रित अधिकारी (डैगोज) और विभागीय प्रवेश राजपत्रित अधिकारी जो सीमित विभागीय परीक्षा के माध्यम से सेवारत उपनिरीक्षक और निरीक्षक से सहायक कमाण्डेंट के पद पर चयनित डीगोज को प्रशिक्षण देती है। यह बल में नवनियुक्त चिकित्सा अधिकारियों के लिए यौधक कोर्स भी आयोजित करती हैं इस अकादमी की स्थापना से पहले केरिपुबल के राजपत्रित अधिकारियों का प्रशिक्षण भारतीय पुलिस सेवा प्रीविक्षकों सहित 1961 से 1965 तक केन्द्रीय पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज माउंट आबू में इसके बाद 1966 से 1973 तक केन्द्रीय प्रशिक्षण कॉलेज – एक केरिपुबल नीमच में और 1975 से 2005 तक आंतरिक सुरक्षा अकादमी, केरिपुबल माउंट आबू राजस्थान में आयोजित होती थी।

दीक्षांत परेड का निरीक्षण करते हुए
केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री श्री जितेन्द्र सिंह

अकादमी ने अक्तूबर 2005 से अभी तक इस बैच सहित 745 डैगोज, 135 डिगोज और 37 चिकित्सा अधिकारियों को प्रशिक्षित किया है।

इन अधिकारियों को विधि, सी.आई. आपरेशन, युद्धकला, जंगल जीवन, पुलिस-पब्लिक संबंध मानवाधिकार, भिड़त, सुटिंग निपुणता बढ़ाने सहित 55 सप्ताह का आंतरिक और बाह्य विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया है।

इस बैच के अधिकारी 17 राज्यों एवं भारत संघ शासित प्रदेशों से इस अखिल भारत रूपी केरिपुबल में आए है। भिन्न संस्कृति, भाषाओं, क्षेत्रों, धर्मों में विश्वास रखने वाले और भिन्न प्रथाओं वाले क्षेत्रों से आए वे सब धीरे-धीरे सुक्षमता से एक राष्ट्र और देश भक्तिपूर्ण भाव में विलीन होकर भारत माता की सेवा करेंगे। ये अधिकारी

कोरेपुबल को विभिन्न बटालियनों में तैनात किए जाएँगे जहां वे सीखी गई बातों को मूर्त रूप देंगे तथा वास्तविकता से परिचित होंगे।

सलामी मंच के आगे से गुजरता मार्चिंग दस्ता

इस अवसर पर बल महानिदेशक श्री के. विजयकुमार ने कहा कि प्रशिक्षु अधिकारी सेवा की चुनौतियों का सामना अच्छी प्रकार से करेंगे इसके लिए उन्हें उत्कृष्ट प्रशिक्षण दिया गया है। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि अधिकारियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण दिया गया है और सभी अधिकारीगण इस अनुभव का उपयोग सेवा के दौरान करेंगे। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं दीं।

केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री श्री जितेन्द्र सिंह सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षु श्री परमजीत सिंह को ट्रॉफी प्रदान करते हुए



मुख्य अतिथि द्वारा सीआरपीएफ अकादमी की स्मारिका का विमोचन

पदक विजेता :	**मुख्य परेड**
1. सर्वोत्कृष्ट प्रशिक्षु	-श्री परमजीत सिंह
2. परेड कमांडर के लिए निदेशक बैटन	-श्री ओम प्रकाश गोदरा
3. आंतरिक विषयों में सर्वोत्कृष्ट प्रशिक्षु	-श्री संजीव कुमार
4. बाह्य विषयों में सर्वोत्कृष्ट प्रशिक्षु	-श्री आलोक कुमार
5. हथियारों के प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रशिक्षु	-श्री सुधीर कुमार
6. युद्धकला में सर्वोत्कृष्ट	-श्री वरिन्द्रपाल सिंह
7. चांदमारी में सर्वोत्कृष्ट	-श्री अंजन कमार मण्डल
8. सर्वोत्कृष्ट इंड्योरेंस	-श्री बबन कुमार सिंह
9. अल्ट्राफिट प्रतियोगिता में उत्कृष्ट	-श्री रमेश कुमार
10. सूचना प्रौद्योगिकी में उत्कृष्ट	-श्री ऋषि कुमार
11. छलांग लगाने (क्रेटम लीप) में उत्कृष्ट	-श्री शौर्या खड्गावत
12. सर्वोत्कृष्ट स्कवार्ड के लिए महानिदेशक का बैनर	-स्कवार्ड नम्बर-9 का वैनर जो मंगल पाण्डेय स्कवार्ड के नाम से जाना जाता है।
13. बेस्ट इंस्टेक्टर (हथियार प्रशिक्षण)	-बल सं 880943321 हव./जीडी पल्वसन

14. बेस्ट इंस्टेक्टर (पीटी/यूएसी) - बल सं. 0416217834
सि0/ जीडी. सुरजन सिंह

गर्व और उल्लास के क्षण

ग्रुप केन्द्र गांधीनगर ने जीती राजभाषा शील्ड/प्रशस्ति पत्र

ग्रुप केन्द्र गांधीनगर द्वारा वर्ष 2009-10 में राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अहमदाबाद की पुरस्कार मूल्यांकन समिति द्वारा इस ग्रुप केन्द्र को विशेष पुरस्कार हेतु चयन किया गया। समिति की 14 मार्च 2011 को ऑफिसर्स क्लब, ओ.एन.जी.सी. चांदखेड़ा, अहमदाबाद में आयोजित 58 वीं बैठक में अध्यक्ष नराकास एवं मुख्य आयकर आयुक्त (सीसीए) अहमदाबाद श्री आर.एन. त्रिपाठी के कर-कमलों से शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया जिसे ग्रुप केन्द्र के श्री प्रदीप चन्द्रा, कमांडेंट ने ग्रहण किया। राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए ग्रुप केन्द्र के निरीक्षक/हिन्दी अनुवादक उमेश चन्द्र तिवारी को भी प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति-चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। बैठक के दौरान नराकास की पत्रिका 'अंकुर' का भी विमोचन किया गया। इस पत्रिका में ग्रुप केन्द्र के निरीक्षक/हिन्दी अनुवादक के तीन आलेख भी प्रकाशित किए गए है।

सम्मेलन के दौरान प्रशस्ति पत्र प्राप्त करते हुए एक प्रतिभागी

प्रतियोगिता के दौरान विचार व्यक्त करते हुए अधिकारी

श्री आर.एन. त्रिपाठी, मुख्य आयकर आयुक्त, अहमदाबाद के हाथों राजभाषा शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र ग्रहण करते हुए श्री प्रदीप चन्द्रा, कमां. एवं हिन्दी अनुवादक उमेश चन्द्र तिवारी

25 से 30 मार्च 2011 तक हिंदी कार्यशाला का भी आयोजन कर कार्मिकों को कंप्यूटर पर यूनिकोड के मंगल फॉन्ट पर हिंदी में कार्य करने हेतु शाखावार प्रशिक्षित किया गया।

श्रीनगर में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

27 एवं 28 जुलाई 2011 को 28वीं वाहिनी के.रि.पु.बल द्वारा डाउन-टाउन श्रीनगर, जम्मू कश्मीर के जीनशां स्टेडियम रैनावारी में अन्डर 19 फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस आयोजन मे डाउन-टाउन श्रीनगर के इलाके में स्थित आठ स्कूलों द्वारा भाग लिया गया। इस प्रतियोगिता के आयोजन की शुरूआत पुलिस अधीक्षक श्रीनगर (नार्थ) श्री शौकत अहमद शाह ने की। उन्होंने 28 वाहिनी के इस प्रयास को सराहा और इलाके के नवयुवकों से अपील की कि खेल-कूद प्रतियोगिता में निष्ठा से भाग लें। इस मौके पर कमांडेंट 28 वाहिनी द्वारा नवयुवकों एवं स्थानीय जनता से अपील की गयी कि इस तरीके की प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें और खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को आगे लायें व देश के विकास में योगदान प्रदान करें। इस प्रतियोगिता का फाईनल मैच रैनावारी इलेवन तथा स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल जैडीबल के बीच हुआ और रैनावारी इलेवन की टीम एक गोल से विजयी रही।

इस अवसर पर प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों को खेल-कूद वेश-भूषा और फाईनल में आने वाली दोनों टीमों को पूरे फुटबाल किट से साथ पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर इलाके के गणमान्य व्यक्ति और स्थानीय पुलिस के अधिकारी उपस्थित थे और सभी ने इस आयोजन को सराहा। उन्होंने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा समय-समय पर किए गए कार्यों की भी प्रशंसा की एवं भविष्य में इसी प्रकार के और कार्यक्रम आयोजित किए जाने का आग्रह किया। इस प्रतियोगिता के समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि श्री शाम चंद, डीआईजीपी श्रीनगर नार्थ ने इलाके के सभी नौजवानों से अपील की कि वे अपने आप को शिक्षित करके जीवन मे सफलता प्राप्त करें तथा अपने इलाके में शांति सौहार्द एवं विकास को बढावा दें। उन्होंने उम्मीद की कि नौजवान खेल-कूद मे राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर इलाके का नाम रोशन करेंगे। साथ ही उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि भविष्य में इस तरह के और भी आयोजन समय-समय पर कराये जाएंगे।

प्रतियोगिता के समापन समारोह के अवसर पर प्रतियोगियों के पुरस्कृत करते हुए श्री शाम चंद, पुलिस उप महानिरीक्षक, उत्तरी श्रीनगर

यह तथ्य उल्लेखनीय है कि पिछले 20 वर्षों में किसी भी बल द्वारा श्रीनगर के अतिसंवेदनशील डाउन-टाउन एरिया में किया गया यह पहला आयोजन है।

फुटबॉल मैच के शुभारंभ के अवसर पर सभी टीमों को आवश्यक निर्देश देते हुए बल के कार्मिक एवं (दाएं) मैच का एक दृश्य

केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री का वाराणसी दौरा

केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री भारत सरकार श्री जितेन्द्र सिंह 18 जुलाई 2011 को लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डा, बावतपुर, वाराणसी पहुँचे। हवाई अड्डे पर श्री ए.ए. खान, पुलिस उप महानिरीक्षक, रेंज कार्यालय के.रि.पु.बल, इलाहाबाद, श्री वी. एस. शर्मा, कमाण्डेन्ट 95 बटालियन व बटालियन के अन्य अधिकारियों के साथ-साथ सी.आई.एस.एफ. के अधिकारी व मंत्रियों ने उनका स्वागत किया। तदोपरान्त वे सिगरा स्थित के.रि.पु.बल, अधिकारी मैस में पहुँचे जहाँ के.रि.पु.बल, के सेरिमोनियल गार्ड द्वारा महोदय को सलामी दी गई जिसका माननीय गह राज्य मंत्री द्वारा निरीक्षण किया गया और गार्ड की प्रशंसा की गई। अधिकारी मेस में उन्होंने के.रि.पु.बल, के अधिकारियों के साथ बैठक की जहाँ काशी विश्वनाथ मन्दिर एवं ज्ञानवापी मस्जिद की सुरक्षा संबंधी अहम बिन्दुओं पर गहराई से चर्चा किया गया। इसके अलावा पुलिस उप महानिरीक्षक एवं कमाण्डेन्ट द्वारा उनसे काशी विश्वनाथ मन्दिर की सुरक्षा संबंधी आधुनिक उपकरणों के सम्बन्ध में भी चर्चा की गयी। श्री वी.एस. शर्मा, कमाण्डेन्ट, 95 बटालियन के द्वारा काशी विश्वनाथ मन्दिर और ज्ञानवापी मस्जिद की सुरक्षा से सम्बधित अपनाये गये सुरक्षात्मक उपायों के बारे में प्रस्तुति दी गयी जिसमें काशी के महत्व और यहाँ पर उग्रवादियों द्वारा पूर्व में की गई उग्रवादी घटनाओं और साथ ही भविष्य में होने वाले विभिन्न प्रकार के खतरों से बखूबी निपटने के लिए बनाई गई योजनाओं से पूर्ण रूप से अवगत करवाया। तत्पश्चात उन्होंने श्रावण माह की प्रथम सोमवार को ध्यान में रखते हुए काशी विश्वनाथ मन्दिर के पवित्र परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का मुआयना किया एवं परिसर के विभिन्न सुरक्षा बिन्दुओं पर तैनात के.रि.पु.बल, के जवानों के साथ मुलाकात की व ड्यूटी के निर्वहन संबंधी पहलूओं पर चर्चा किया। उन्होंने मन्दिर के आधुनिक/इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों जैसे सी.सी.टी.वी. कैमरा, फिंगर प्रिन्ट स्कैनर, हाई स्पीड गेट, डी.एफ.एम.डी.एस. आदि का निरीक्षण किया। तदोपरान्त उन्होंने ज्ञानवापी मस्जिद का दौरा किया और अंजूमन इन्तेजामिया मस्जिद के कार्यालय के अधिकारियों से मुलाकात की और वहाँ की व्यवस्था का मुआयना किया। मन्दिर भ्रमण के दौरान उन्होंने राष्ट्र की एकता अखण्डता एवं संविधान की मर्यादा को अक्षुण्ण रखने एवं देश की आन्तरिक सुरक्षा सुनिश्चित रखने तथा कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिए शासन को कौशलपूर्ण एवं प्रभावी सहायता प्रदान करने वाली केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों की प्रशंसा की। उन्होंने जवानों को अपनी ड्यूटी के प्रति प्रोत्साहित किया और मनोबल को ऊँचा बनाये रखने हेतु प्रेरित किया।

श्री जितेन्द्र सिंह, केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री को सलाम देता सेरिमोनियल गार्ड का दस्ता



श्री जितेन्द्र सिंह, केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री, श्री ए.ए. खान, पुलिस उप महानिरीक्षक इलाहाबाद रेंज, श्री वी.एस. शर्मा, कमां. 95 बटा. व अन्य अधिकारियों के साथ

काशी विश्वनाथ मन्दिर और ज्ञानवापी मस्जिद की सुरक्षा हेतु तैनात 95 बटालियन के कार्मिकों के द्वारा विषम परिस्थितियों में अपनी ड्यूटी को सफलतापूर्वक अंजाम देने के लिए और कमाण्डेन्ट - 95 बटालियन के द्वारा उनकी कुशल कार्यशैली की अभियुक्ति निम्नानुसार दर्ज की –

“It was pleasure to be here and see the arrangement provided by CRPF in this area. The officers and jawans work tirelessly day and night to protect the shrines and area. I plan to come again once again one day to spend more time with the force.”

95वीं वाहिनी ने मनाया बल का स्थापना दिवस

95वीं वाहिनी ने मुख्य समवाय वाराणसी में बल का 72वाँ स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया जिसके अंतर्गत सर्वप्रथम क्वार्टर गार्ड में शहीदो को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी, तथा नया ध्वज फहराकर कमाण्डेंट श्री वी.एस. शर्मा द्वारा स्थापना दिवस के बारे में जानकारी दी गयी।

इसके बाद एक वृक्षारोपण कार्यक्रम नंदन कानन वनमहोत्सव नाम से मनाया गया जिसका उद्घाटन श्री एल.आर. बेरवा, द्वारा किया गया। वॉलीबाल, बैडमिंटन जैसे खेलों का आयोजन किया गया जिसके अन्तिम चरण में एक कैरमबोर्ड प्रतियोगिता इसी दिन आयोजित की गयी।

शाम को बल की परम्परा को बनाये रखते हुए 'बडा-खाना' तथा एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसके लिए मुख्य अतिथि श्री लालजी शुक्ला, पुलिस उप महानिरीक्षक, वाराणसी पुलिस को निमंत्रित किया गया । उसके उपरान्त कमांडेंट महोदय एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती राजकुमारी शर्मा तथा पुलिस उप महानिरीक्षक महोदय द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

बल की महिला कार्मिक ने लाइबेरिया में जीती संगीत प्रतियोगिता

102 द्रुत कार्य बल को सिपाही/महिला संध्या एन., लाइबेरिया में फरवरी 2010 से फरवरी 2011 तक तैनात रही। इस दौरान पुलिस संगठन लाइबेरिया के अन्तर्गत सांस्कृतिक प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें कुल 40 देशों के कलाकारों ने उक्त प्रोग्राम में हिस्सा लिया। इसमें उपरोक्त कार्मिका ने अपने प्रतिभा का लोहा मनवाया और गायन (आईडीओएल) प्रतियोगिता में **तीसरा स्थान** प्राप्त किया।

कार्मिका के उत्कृष्ट प्रतिभा को देखते हुए UNMIL Welfare and Recreation Committee के चेयरपर्सन विन्सेंट स्मिथ ने। प्रमाण पत्र से सम्मानित किया तथा UNMIL Welfare and Recreation Committee के सदस्य टेसरर लार्डस रोडास ने। - 100 यू.एस. डालर नगद देकर सम्मानित किया एवं UNPolice Commissioner International Police Service के गौतम स्वांग एवं एलन मार्गरिथ लोज Special Representative of the Secretary General and Coordinator of United Nations Operations in Liberia के सदस्यों ने मेडल देकर सम्मानित किया।

UNMIL अधिकारी व अन्य पुरस्कार विजेताओं के साथ सि/म सध्या एन. *(*दाएं*)*

लगातार कई वर्षों की अशांति के बाद साल -2011 में वादी-ए-कश्मीर की फिजाओं में शांति और सुकून का माहौल आया। यह सुरक्षाबलों खासकर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों और जवानों के निरंतर प्रयासों का फल था। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने इस उपयुक्त समय में कश्मीरी जनता से अपने सौहार्दपूर्ण रिश्तों को और ठोस एवं मजबूत करने तथा समाज के प्रति एक पूर्ण जिम्मेवार सदस्य के भांति आपसी भाई-चारे को बढावा देने के उद्देश्य से विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक आयोजन किए। जिसमें बल का संदेश साफ था कि, हम समाज का चहुंमुखी विकास चाहते हैं, और केवल सक्रिय ड्यूटी ही नही बल्कि इन खेल एवं सांस्कृतिक आयोजनों द्वारा आपसी मेल बढाकर एक मजबूत समाज का निर्माण करना चाहते हैं।

इसी उद्देश्य से केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के श्रीनगर सैक्टर के तत्वाधान में 79 वी वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने एक टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया। श्रीनगर यूथ क्रिकेट प्रोमोशन लीग-2011 के नाम से आयोजित यह प्रतियोगिता स्थानीय युवाओं मे खेल प्रतिभाओं को अपना हुनर दिखाने का एक बेहतरीन अवसर था। "क्रिकेट फॉर यूथ" के संदेश के साथ इस प्रतियोगिता का उद्देश्य था स्थानीय युवाओं को प्रोत्साहित करना तथा उनकी असीम ऊर्जा को सकारात्मक दिशा प्रदान करना।

प्रतियोगिता का आगाज़ 25 जुलाई 2011 को शेर-ए-कश्मीर क्रिकेट ग्राउंड में किया गया। गौरतलब है कि, यह क्रिकेट ग्राउंड जम्मू एवं कश्मीर का एक मात्र अंतरराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट ग्राउंड है।

अपने स्वागत भाषण में 79 वी वाहिनी के कमांडेट श्री मानस रंजन ने कहा कि, सीआरपीएफ ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को हमेशा निभाया है। उन्होने

कहा कि -

“हमारे दिल में सदा देष का मान होगा,
एकता और भाई-चारे का सम्मान होगा,
स्थितियाँ चाहे कितनी भी प्रतिकूल क्यों ना हो,
समाज की सेवा को तत्पर बल का हर जवान होगा।”

प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि श्री अनिरुद्ध उप्पल, विशेष महानिदेशक, सीआरपीएफ, जम्मू कश्मीर जोन ने अपने संबोधन में कहा कि, खेल ना केवल शारीरिक विकास बल्कि मानसिक विकास के लिए भी काफी उपयोगी है, वो दिन गए जब केवल पढ़े-लिखे लोग ही नवाब हुआ करते थे, अब तो खेलने-कूदने वाले नवाबों की शान भी अच्छे-अच्छों को मात करती है।”

मुख्य अतिथि ने सीआरपीएफ, जम्मू कश्मीर पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन के तमाम वरिष्ठ अधिकारियों, श्रीनगर के विभिन्न क्षेत्रों के 08 टीमों के खिलाडियों एवं प्रशिक्षकों स्थानीय मीडिया एवं भारी संख्या में उपस्थित दर्शकों के बीच प्रतियोगिता के विधिवत आरंभ कि घोषणा की। मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता में शामिल सभी टीमों को संपूर्ण क्रिकेट किट तथा सभी खिलाड़ियों को ट्रैक सूट वितरित किए। प्रतियोगिता नॉकआऊट आधारपर खेली गई और मैचों का आयोजन शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम तथा एस.पी.कॉलेज स्टेडियम में संयुक्त रुप से की गई।

विशेष महानिदेशक श्री अनिरुद्ध उप्पल कार्यक्रम के विधिवत उद्घाटन पर गुब्बारे छोड़ते हुए

विशेष महानिदेशक विजेता टीम एवं खिलाड़ियों के साथ

प्रतियोगिता का फाइनल मैच 31 जुलाई 2011 को स्थानीय डाउन-टाउन एवं कश्मीर जिमखाना के बीच खेला गया, जिसमें डाउन-टाउन ने एक रोमांचक मुकाबले में कश्मीर जिमखाना को पांच विकेटों से हरा दिया। एक रंगारंग पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह में श्री अनिरुद्ध उप्पल, विशेष महानिदेशक, केरिपुबल, जम्मू कश्मीर जोन विजेता तथा उपविजेता टीम को आकर्षक ट्राफी प्रदान कि, साथ ही सभी खिलाड़ियों को व्यक्तिगत ट्रॉफियाँ प्रदान की। अपने धन्यवाद ज्ञापन में कमांडेट -79 श्री मानस रंजन ने उपस्थित मुख्य अतिथि, सभी वरिष्ठ अधिकारियों, स्थानीय दर्शकों एवं मीडिया के प्रति अपना आभार प्रकट किया। उन्होने जम्मू कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों तथा कर्मचारियों एवं एस.पी.कॉलेज प्रशासन को विशेष धन्यवाद दिया, जिन्होने प्रतियोगिता के आयोजन में सराहनीय योगदान दिया था। प्रतियोगिता के विधिवत समापन की घोषणा श्री अनिरुद्ध उप्पल, विशेष महानिदेशक, द्वारा की गई। कश्मीर की फिजां में क्रिकेट के रंग ने नया जोश भर दिया जो देखते ही बनता था।

207 बटालियन का प्रथम स्थापना दिवस

207 बटालियन के प्रथम स्थापना दिवस के अवसर पर यूनिट में खेल प्रतियोगिता, बड़ा खाना, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 10 जुलाई 2011 को रोटेरी क्लब, दुर्गापुर के सहयोग से मेडिकल कैम्प एवं रक्तदान कैम्प का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 91 यूनिट रक्तदान किया गया तथा अधिकारियों व जवानों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया।

खबरें महानिदेशालय से

केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री द्वारा महानिदेशालय का प्रथम दौरा

महानिदेशक द्वारा केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री का स्वागत

गृह राज्यमंत्री बल के कार्यकलापों की जानकारी लेते हुए

नए गृह सचिव का महानिदेशालय दौरा

गृह सचिव बल के विभिन्न विषयों की प्रस्तुति देखते हुए

गृह सचिव द्वारा बल को आपूर्ति किए जाने वाले सामान का अवलोकन

महानिदेशालय में सद्भावना दिवस

महानिदेशक द्वारा सद्भावना शपथ

उपस्थित कार्मिक

विविध

ग्रुप केन्द्र रांची का उद्घाटन

बल महानिदेशक द्वारा ग्रुप केन्द्र रांची का उद्घाटन

महानिदेशक की उद्घाटन अवसर पर अधिकारियों से मुलाकात

महानिदेशक का जवानों से सीधा संवाद

महानिदेशक का *150* बटा. डोमापाल, छत्तीसगढ़ में जवानों को संबोधन

आरटीसी राजगीर में महानिदेशक का प्रशिक्षुओं से संवाद

कावा ने तीज उत्सव मनाया

कावा अध्यक्षा श्रीमती मीना विजय कुमार कावा को पदाधिकारियों व सदस्याओं के साथ तीज उत्सव मनाते हुए

सलामी मंच के आगे से गुजरता महिला मार्चिंग दस्ता

2 अगस्त 2011 समूह केन्द्र-द्वितीय अजमेर के प्रांगण में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की तीसरी महिला बटा. 213 वाहिनी का दीक्षान्त परेड व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ जिसमें वाहिनी की 620 नवारक्षी राष्ट्र सेवा की शपथ ग्रहण कर देश के सबसे बड़े अर्द्धसैनिक बल का हिस्सा बन गयी। समारोह में श्री अशोक गहलोत माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार तथा श्री सचिन पायलेट राज्य मंत्री सूचना प्रसारण व दूरसंचार मंत्रालय, केन्द्र सरकार क्रमशः मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इनके अतिरिक्त केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अन्य अधिकारी राज्य के गृह सचिव, मुख्य सचिव, प्रशासनिक अधिकारी व अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी समारोह में उपस्थित थे।

44 सप्ताह के कड़े शारीरिक प्रशिक्षण, अस्त्र-शस्त्रविद्या के गहन अध्ययन तथा विभिन्न विषयों/सूचना प्राद्यौगिकी विद्या में पारंगत होने के बाद भविष्य की विकटतम परिस्थितियों से निपटने हेतु पूर्णतः सक्षम इन नवारक्षियों के दीक्षान्त समारोह पर भव्य परेड का आयोजन किया जिसका नेतृत्व श्रीमती शशि शाहिदी द्वितीय कमान अधिकारी 213(महिला) बटालियन ने किया गया। परेड के दौरान प्रतिस्पद्धाओं में सर्वश्रेष्ठ रही नवारक्षियों को पुरस्कार वितरण माननीय मुख्य अतिथि के कर कमलों

द्वारा किया गया। तत्पश्चात् इन नवारंक्षियों द्वारा तैयार विभिन्न विद्याओं/कलाओं का आकर्षण प्रदर्शन किया गया तथा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बैंड दल के शानदार कला प्रदर्शन के साथ ही आयोजन सम्पन्न हुआ। निम्नलिखित नवारक्षियों को सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गयाः-

ऑल राउंड ट्रेनी – एनी अनिता टोप्नो
आउटडोर ट्रेनिंग - दीपिका लिम्बू
इनडोर ट्रेनिंग- कुमारी सोनम
इंड्योरेंस ट्रेनिंग- विद्या वी. नायर
बेस्ट शूटर-संजू कुमारी
ड्रिल-कुमारी विजेता

झलकियां

213 महिला बटालियन की पासिंग आउट परेड के अवसर पर उपस्थित श्री सचिन पायलट, सांसद अजमेर को स्मृति चिन्ह भेंट करते महानिरीक्षक श्री रविन्द्र तोमर

वीरांगनाएं - बिना हथियारों की लड़ाई में आग के गोले से जंप लगाती हुई महिला प्रशिक्षु

जौहर - प्रशिक्षुओं द्वारा युद्ध और कला का प्रदर्शन

वन मिनट ड्रिल – बंद आंखों से हथियारों को खोल-जोड़ करती प्रशिक्षु

परेड का शानदार प्रदर्शन करती हुई महिलाएं

106 आर.ए.एफ. बटालियन ने जमशेदपुर में वायरल के खिलाफ खोला मोर्चा

कीटनाशक दवाओं का छिड़काव और फॉगिंग करते हुए आर.ए.एफ. कर्मी

गंदगी के ढेर साफ करते हुए आर.ए.एफ. के जवान

आर.ए.एफ. द्वारा स्थापित अस्थाई चिकित्सालय

प्रयासों की सराहना व कृतज्ञता प्रकट करते स्थानीय लोग

First Kashmiri CRPF 'Cobra' dies fighting Maoist rebels

BRAVEHEART: Yasir Ahmad Khan

A MAMMOTH crowd of over 3,000 people had turned up at Armbagh village in Kupwara district to attend the last rites of a 24-year-old CRPF commando Yasir Ahmad Khan on Sunday.

Khan, a commando with the 206 Cobra unit of CRPF, died fighting Maoists near Nagpur on Saturday.

"I was offering prayers when someone knocked on my door. I opened the door after finishing prayer and saw the commandant who informed me about Yasir's demise," said a shocked Rafiqa Akhtar, Khan's wife.

"Yasir is perhaps the first Kashmiri who has died fighting Maoists," CRPF spokesman Mohsin Shahid said.

The couple's residential quarter was barely two-km from the encounter site. Rafiqa and Yasir got married only 10 months ago. She said other CRPF personnel and their wives consoled her.

Rafiqa reached Srinagar with her husband's coffin on Sunday morning and from there she was taken to their village in Kupwara.

"His last rites were observed on Sunday and thousands of people participated in it," said Ghulam Ahmad Khan, his father. He said his son was brave solider and "we were told he fought bravely".

His other son Ashfaq Ahmad Khan is with the Border Security Forces and is postcd in Jammu.

Naseer Ganai in Srinagar

अमरनाथ यात्रियों पर हमले की साजिश नाकाम

जम्मू। पवित्र गुफा अमरनाथ यात्रा से लौट रहे तीर्थयात्रियों को निशाना बनाने की आतंकी साजिश को शनिवार को नाकाम कर दिया गया।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) के जवानों ने एक बस में रखे तीन आईईडी विस्फोटक को निष्क्रिय कर दिया। यह घटना जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर काजीकुंड में हुई। अमरनाथ यात्रा से जम्मू लौट रही बस में करीब 45 तीर्थयात्री सवार थे। बस के कंडक्टर ने संदिग्ध बैग देखकर फौरन सुरक्षा अधिकारियों को इसकी सूचना दी। इसके बाद उस सीआरपीएफ के जवानों ने उस इलाके को चारों तरफ से घेर लिया। और बम निरोध दस्ते को बुलाया गया।

आईईडी तीन प्रेशर कुकर में रखे हुए थे। इन विस्फोटकों में आरडीएक्स के इस्तेमाल किए जाने की आशंका है। बम को निष्क्रिय किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कुलदीप खोडा ने कहा कि अमरनाथ यात्रा हमेशा आतंकवादियों के निशाने पर रहा है।

कंडक्टर द्वारा सुरक्षाकर्मियों को अलर्ट किए जाने के बाद तीन आईईडी को निष्क्रिय कर दिया गया।

सीआरपीएफ के 146 नए अधिकारी संभालेंगे मोर्चा

सुरक्षा कादरपुर गांव स्थित सीआरपीएफ कैंप में आयोजित 42वें बैच के दीक्षांत परेड समारोह में पहुंचे गृह राज्यमंत्री जितेंद्र सिं

भास्कर न्यूज | गुड़गांव

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने देश की एकता और संप्रभुता को बरकरार रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस बल के जवानों ने राष्ट्र की रक्षा के लिए एक अनूठा इतिहास रचा है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक के. विजय कुमार ने बताया कि इस दीक्षांत समारोह में कुल 146 अधिकारी पासआउट होकर बल में शामिल हो गए हैं जिनमें एक महिला अधिकारी भी है।

जितेंद्र सिंह सोमवार को कादरपुर गांव स्थित सीआरपीएफ कैंप में आयोजित सीधे नियुक्त राजपत्रित अधिकारियों के 42वें बैच के दीक्षांत परेड समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी आपात स्थिति में सीआरपीएफ को सबसे पहले याद किया जाता है। इस बल के जवानों ने हर विकट परिस्थिति में देश की रक्षा की है। नक्सलबाद ग्रस्त क्षेत्र हों या आतंकवाद ग्रस्त क्षेत्र सीआरपीएफ के जवान हर परिस्थिति में देश की रक्षा कर वीरता का परिचय देते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में आज आतंकवाद नक्सलवाद और कुछ न कुछ जरूर सीखता है। उन्होंने कहा कि आज पासआउट होने वाले अधिकारी देश के विभिन्न हिस्सों में जाएंगे। अलग चुनौतियों का सामना करना होगा। जवानों के लिए मानसिक एवं शारीरिक प्रशिक्षण को व्यवस्था करनी जिससे वे किसी भी परिस्थिति से लड़ने के लिए तैयार रहें। स अवसर पर अकादमी के निदेशक एचआर भी उपस्थित थे। इस अवसर पर सिंह ने प्रशिक्षण के दौरान बेहतरीन कार्य करने वाले अधिकारियों को विभिन्न पदकों सम्मानित भी किया।

सोमवार को पासआउट होने वाले परमजीत सिंह को सर्वो प्रशिक्षु, ओगस्कास चोइगा को परेड कमांडर के लिए निदे मैटल, संजीव कुमार को आंतरिक विषयों में सर्वोत्कृष्ट प्र व्यक्तिक कृपाल को भाषा विषयों में सर्वोत्कृष्ट प्रशिक्षु, सुधीर कु को राधियारों के प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रशिक्ष जीतेन्द्रपाल सिंह

गुड़गांव. कादरपुर स्थित सीआरपीएफ कैंप में आयोजित दीक्षांत समारोह में परेड करते जवान। इनसेट : परमजीत सिंह को सम्मानित करते केंद्रीय गृह राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह।

सीआरपीएफ अपना अहम योगदान देता है।

गृह राज्यमंत्री ने दीक्षांत सम अधिकारियों को संबोधित करते ह शारीरिक व मानसिक दृष्टता के लि दिया गया है फिर भी परिस्थिति विप

सीआरपीएफ अफसरों के पलायन पर रिपोर्ट तलब

नई दिल्ली | जितेंद्र भारद्वाज

खबर का असर

- हिन्दुस्तान ने सात जुलाई को 'पदोन्नति न होने के कारण नौकरी छोड़ रहे हैं सीआरपीएफ के अफसर' शीर्षक से खबर छापी थी
- गृह मंत्रालय ने सीआरपीएफ हेडक्वार्टर से जवाब तलब किया

खुद का संगठित कॉडर न होने और समय पर पदोन्नति न मिलने से परेशान सीआरपीएफ के सैकड़ों अफसर सरकारी नौकरी छोड़कर बहुराष्ट्रीय कंपनियों में जॉब हासिल कर रहे हैं। दुनिया के सबसे बड़े अर्धसैनिक बल केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स के वर्तमान हालात से जुड़ी यह सनसनीखेज खबर हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने सात जुलाई को 'पदोन्नति न होने के कारण नौकरी छोड

के लिए 15-16 साल लग जाते हैं। उन्होंने वेतन विसंगति की बात भी स्वीकार की है।

Maoist attack alert for CRPF headquarters

Neeraj Chauhan | TNN

New Delhi: An anonymous letter claiming that Maoists may try to blow up the CRPF headquarters has sent the security agencies in the city into a tizzy. Security has been beefed up at the CGO complex housing the headquarters of the Central Reserve Police Force (CRPF) and the residence of its director-general, K Vijay Kumar.

"The letter says that about 100 armed Maoists will attack two locations — the CRPF headquarters and the residence of K Vijay Kumar," a source said. According to intelligence inputs, most of the attackers have entered the capital and are planning the attacks around Independence Day. The letter added: "The Maoists would strike wearing 'police uniforms' to take revenge of the killings of Naxalite leader Azad by the agencies last year in Andhra Pradesh."

The security agencies in Delhi, on the tenterhooks every year ahead of Independence Day, have already taken elaborate measures following the Mumbai terror strikes on July 13.

Following the threat, CRPF, which has killed many rebel leaders during the anti-Maoist operations since 2008, has written to the Central Industrial Security Force (CISF) and extra security officials have been deployed at all the important government buildings of CBI, BSF, CRPF and others on Lodhi Road. A senior CISF officer said: "Armed commandos have been put at the five-storey CRPF building and every visitor is being checked. We will conduct regular drills at the CGO complex till August 15."

CRPF has written to the Central Industrial Security Force and extra security personnel have been deployed at all important government buildings of the CBI, BSF & CRPF

Quick Reaction Teams (QRTs) have also been placed around the headquarters and senior IPS officers and staff at the building have been asked to take extra caution. "We are checking every car around the building and even the staff members and others in police uniforms are being asked to show their identification cards," said the officer. CISF spokesperson Rohit Katiyar confirmed increasing the security at the CRPF headquarters.

Last Friday, the police department planned an elaborate security arrangement for Independence Day celebra-

मोर्चे को तैयार महिला दस्ता

अजमेर के केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्रुप सेन्टर को में सीआरपीएफ की तीसरी महिला बटालियन (213) का दीक्षांत समारोह मंगलवार को हुआ। इसमें 620 महिला जवान शामिल हुईं। उल्लेखनीय पहलू ये कि इन सभी को पुरुषकुल किया गया। अजमेर में महिलाओं की पहली बार परेड आउट फोर्स हुई है। इस दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि महिलाएं कार्यव्यवस्थापन, साहस व धैर्यशीलता में पुरुषों से कम नहीं हैं। महिलाएं शौर्य व जिम्मेदारी की भावना के बल पर इतिहास रच रही हैं। कार्यक्रम में केन्द्रीय संसदीय राज्यमंत्री सचिन पायलट, सीआरपीएफ राजस्थान के आईजी अरे. तेमर भी मौजूद थे। उन्होंने

Now, CRPF snipers will zero in on Naxals

Raipur: The CRPF, which is undertaking anti-Naxal operations in the country, has trained and deployed an elite squad of snipers for the first time, adding a lethal punch to the force.

The first unit of less than 40 marksmen will be part of the world's largest paramilitary that has close to three lakh personnel. The force, which has deployed almost 60,000 personnel for counter-Naxal operations, has trained handpicked commandos to be deployed in the special tasks units of the CoBRA.

"The snipers will act as the main assault weapon and cover for a raid unit which is on foot. Some of the best forces in the world undertaking jungle warfare tasks deploy snipers for operational success," a top security officer deployed in the Naxal grid of Chhattisgarh and Orissa said.

The marksmen have been trained on the SSG-69 sniper weapon and have been deployed alongside the Commando Battalion for Resolute Action (CoBRA), which undertake specific and special operations in Naxal terrain.

The snipers take the hide of a suitable geographical feature in the jungles and can aim for more than the usual range covered by the standard weapons of the personnel. This is the first time that a security force has deployed snipers for

Maoist woman commander's body found

Gadchiroli police in Maharashtra have found the body of a woman Naxal at the site where three policemen were killed and two others were injured in an encounter on Saturday. Police said on Sunday that the dead Naxal had been identified as Ramati, a dalam commander. Police also recovered a .303 rifle and 14 live rounds from near her body. A personnel from the district police and two jawans of Cobra battalion of CRPF were killed in the encounter. PTI

हिमाचल प्रदेश की राज्यपाल महामहिम श्रीमती उर्मिला सिंह निरीक्षक (हिंदी अनुवादक) सुरेन्द्र पाल सिंह को राजभाषा शील्ड और प्रमाण-पत्र प्रदान करते हुए

213 महिला बटालियन के दीक्षांत समारोह के अवसर पर श्री अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री, राजस्थान को स्मृतिचिन्ह प्रदान करते हुए श्री रविन्द्र तोमर, पुलिस महानिरीक्षक राजस्थान सेक्टर ।साथ में हैं श्री सचिन पायलट,

सांसद, अजमेर (राजस्थान)

सीआरपीएफ समाचार

वर्ष 59 | नवम्बर–दिसम्बर, 2011 | अंक 08



Shri Mullappally Ramachandran, MoS Home presented certificates to participants of ToT course

DG in conversation with chefs in newly opened the Catering School at Bangalore

चीफ पेट्रनः श्री के. विजय कुमार, महानिदेशक

संपादकीय सलाहकार मण्डल

अध्यक्षः जे.सी. डबास, विशेष महानिदेशक (मुख्यालय), **सदस्यः** आर.के. विश्वकर्मा, महानिरीक्षक (कार्मिक एवं संचार), जी.डी. पेवाल, महानिरीक्षक (संभरण), एस.आर. पंथी, उपमहानिरीक्षक (प्रशासन), आर.एन. मिश्रा, उपमहानिरीक्षक (कार्मिक), पवन कुमार शर्मा, उपमहानिरीक्षक (परिचालन), प्रवीण कुमार, उपमहानिरीक्षक (प्रशिक्षण), रोज़ी अग्रवाल, उप वित्तीय सलाहकार

सीआरपीएफ समाचार एक द्विमासिक पत्रिका है जिसमें प्रकाशित किये जाने वाले विचार लेखकों के व्यक्तिगत विचार हैं। विभाग की नीति से इसका कोई संबंध नहीं है।

- मुख्य संपादक

मुख्य संपादकः भुवन चन्द्र खंडूरी, **संपादकः** पंकज गुप्ता,

संपादाकीय सहायता व रूपरेखाः तमाल सान्याल,

चित्रः जनसंपर्क फोटो सेल, महानिदेशालय और सीआरपीएफ यूनिट्स

संपादकीय कार्यालयः महानिदेशालय, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, ब्लॉक-1, केन्द्रीय कार्यालय परिसर, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003, दूरभाषः 24360649

महानिदेशक सीआरपीएफ की ओर से मुद्रित और प्रकाशितः वीबा प्रेस प्रा. लि., सी-66/3, ओखला इण्डस्ट्रियल एरिया, फेस-2, नई दिल्ली-110020 मोबाईल: 9810049515

कवर फोटो कैप्शन

72वीं वर्षगांठ के मौके पर परेड की सलामी लेते हुए केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री श्री जितेन्द्र सिंह

In this issue....

Secret Services- Past and Present

जी.आई.एस.-एक परिचय

From Conflict to Consensus

Team Building and Security Forces

मकरे

A Thrilling Sojourn to the Grand Canyon

72nd CRPF Anniversary Celebrations

19th RAF Anniversary

RAF/MFPU Send off Function

Inauguration of Tot Course

All India Police Band Competition

Opeartional Achievements

Civic Action Programmes

Visit of Dignitary

Inauguration of New Schools

हिंदी दिवस

CRPF in News

Visit of trainee officers

Special Feature

SECRET SERVICES - PAST AND PRESENT

Shri K. Srinivasan
Former IG
Consultant Intelligence, CRPF

Introduction

Spying, euphemistically considered to be the second oldest profession apart from Governance finds mention in the scriptures like Vedas. The ancient civilisation of Egypt, Babylon, Assyria, Greece, and China also mentions about espionage as a key component in the governance.

In ancient India, the secret services were not conceived as an instrument of oppression but as imperative need for the protection of the moral and the ethical order ie Rta and Dharma. In the Indian history, we visualise effective implementation of 'rule of law' intricately linked the efficiency of secret services. According to Vedic literature, the "spasas" of Varuna, the Rain God, were the forerunner of today's a globe trotting spies. The Kautilya's Arthasastra was, in fact, the final manifestation of all literary evidences of the principles of intelligence and security. It is a truly codified treatise containing techniques of manipulating public opinion and creating disinformation with operational guidelines. The Aryans were the pioneers in this field taking a reference to the Vedic literature where God Indra and Varuna were portrayed employing a band of ubiquitous agents (spasas). Not only the Arthasastra, but also the Mahabharata and Ramayana provide a convincing proof that Indians of ancient time had reached a high water mark in this field.

According to Vedic literature, Varuna is the Lord of the skies, all

pervasive and omniscient, the upholder of Dharma. Varuna could be credited with the attributes of the First Police Man who controlled and prevented the transgression of Moral Law. In the classical literature also we have ample material on secret services. For instance in “Mudraraksasa” , the famous Sanskrit drama literature, we find plots involving intrigues, treachery and massive use of secret agencies.

An interesting aspect of espionage besides the techniques adopted for trans-border intelligences is the art of manipulating public opinion and creating disinformation. It is surprising that Kautilya displayed forethought of this interesting aspect of modern intelligence long before.

Kautilya laid considerable emphasis on Prewar precautions, preparations and collection of intelligence on the strategy of opponent. The Secret services in ancient India were not merely a passive bureaucratic agency but an active component in the Governance of the country with welfare as sole objective. The Special Branch was responsible for espionage, political and military, intelligence, economic and criminal, disinformation, sabotage and subversion and security of the State and Dignitaries.

THE ORIGIN AND DEVELOPMENT OF SECRET SERVICES

Secret Services in Historical Perspective

Spying was considered as an indispensable feature and integral part of an efficient administration and of a sound and strong foreign policy. It kept the rulers posted with the activities, afflictions and operations of political adversaries, disloyal and disgruntled elements, fifth columnist and foreign agents besides the strength and intentions of foreign powers.

In the Rgveda and other Vedic texts, two terms are mentioned in connection with crime, viz. ‘duta’ and ‘prahita’. According to Macdonnel and Keith, ‘duta’ acted as a messenger or envoy. In Rgveda, ‘duta’ was a simple envoy carrying messages but with the passage of time, he became more specialised as an official handler of diplomatic communications from one king to another. The ‘duta’ was skilled in collecting secret information about the enemy while staying in foreign courts while the ‘Prahita’ was a representative of the ‘Secret Services’.

“Amarakosa” mentions several synonyms for secret agent, i.e Chara,

Pranidhi, Prahita, Apasarpa, Spasa, Gudhapurusa, Apta, Pratyayita and Yathahivarna.

Chara

Chara is an ‘agent sent abroad to collect strategic and tactical information’. He is so called because of his being constantly mobile.

Pranidhi

The adjective ‘pranidhi’ is used for watching, observing, spying or sending out spics and emissaries.

Prahita

Means a person who is urged, incited or stirred up, sent on command or alert.

Apasarpa

It contains the same ingredient of mobility. Another expression is ‘aparsar’ which means to guide or to move off; a secret emissary or agent’. The other variant of the term is ‘aparsarpana’ which indicates ‘going back or retreat’.

Sanchara

It indicates secret agents and ‘their coming together, wandering about, converging on rendezvous, etc’.

Spasa

It denotes ‘the spy or an agent’ and finds mention in the. Vedic, post-Vedic and early classical works.

Purusa

This used to be one of the categories of the official hierarchy in ancient India, and the term was used for a ‘policeman’, ‘secret agent’ or ‘government servant of the lowest category’.

Gudhapurusa

As the word indicates the adjective ‘gudha’ means ‘secret or disguise’, which was the main characteristic of the intelligence life. The variants of

‘gudhapurusa’ are ‘gudhacharain’, ‘gudhachara’. ‘gudhabhastia’ and ‘gudhavasita’, the main element being the capacity to remain ‘concealed and disguised’.

Apta

